# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




## आदिवासी एकता महारैली में उमड़ा जनसैलाब, भरी हुंकार

# हेमंत को फंसाया गया, 2024 में एकजुट रहें आदिवासी



कौशल आनंद/बसंत मुंडा। रांची

आरएसएस से संबद्ध जनजाति सुरक्षा मंच की हाल में ही हुई डी-लिस्टिंग रैली के जवाब में आदिवासी एकता महारैली का आयोजन रविवार को हुआ. झारखंड जनाधिकार मंच द्वारा मोरहाबादी मैदान में आयोजित इस महारैली में आदिवासियों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया. रैली में आदिवासी एकता महारैली के बाद झारखंडी एकता महारैली करने का एलान हुआ. इसके लिए गांव-गांव जनजागरण करने की बात कही गयी. रैली में हेमंत सोरेन का मुद्दा छाया रहा. वक्ताओं ने कहा कि एक आदिवासी सीएम को साजिश के तहत फंसाया गया है. इसलिए इसका जवाब आदिवासी 2024 के लोकसभा और विस चुनाव में एकजुट होकर दें. लोकसभा की सभी 14 और विधानसभा का 81 में 81 सीट जिता कर हेमंत सोरेन को बतौर तोहफा देने का काम करें. आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवाजी राव वोगे ने कहा कि पूरे देश में एक ही आदिवासी सीएम था. उसे भी भाजपा ने षड्यंत्र करके अपनी एजेंसियों के माध्यम से गद्दी से हटा दिया. उन्होंने कहा कि भारत के आदिवासियों को जो अधिकार बाबा भीम राव अंबेडकर ने संविधान के तहत दिया, से कोई छीन नहीं सकता है. आदिवासियों को जो आरक्षण या अन्य सुविधाएं मिली हैं वह जाति के आधार पर मिली हैं, न कि धर्म के नाम पर. अगर कोई धर्म परिवर्तन कर लेता है तो उसकी जाति खत्म नहीं हो जाती. आरक्षण को जाति के आधार पर किया गया है न कि धर्म के आधार पर. भाजपा के राज में जल, जंगल और जमीन खतरे में है. जबकि इस देश का असली मालिक तो आदिवासी ही है. देश के अगर 14 करोड़ आदिवासी एकजुट हो जाएं, तो मोदी जी को गद्दी छोड़नी पड़ेगी.

**कहा- आदिवासियों को बांट नहीं सकते भाजपा-आरएसएस, धर्म नहीं जाति के आधार पर मिले हैं संवैधानिक अधिकार-आरक्षण**

## भाजपा बाहरियों की जमात, उल्टा-पुल्टा पढ़ाते रहते हैं : बंधु

रैली के आयोजक प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि हमारे आदिवासी सीएम हेमंत सोरेन को साजिश के तहत जेल भेज दिया गया. ये लोग आदिवासी को देख ही नहीं सकते. यह चुनावी साल है. इस साल आदिवासियों को एकजुट होकर भाजपा-आरएसएस के कुचक्र का जवाब देना होगा. भाजपा में बाहरी लोगों की जमात है. ये लोग उल्ट-पुल्टा बोलते हैं, उल्टा पुलटा पढ़ाते हैं. हम भी पढ़ना-लिखना जान गए हैं. अब आएं हम दिकुओं को पढ़ाऐंगे. इन लोगों ने 2019 में सरना धर्म कोड का वादा किया, जब हमारी सरकार ने प्रस्ताव भेजा, तो कुंडली मारके बैठ गए. यहां 14 में 12 सांसद भाजपा के हैं, ये लोग कभी सरना धर्म कोड की बात क्यों नहीं करते हैं. हर चीज की गलत व्याख्या करते हैं. हम आदिवासी इस देश के मूलवासी हैं. हर चीज पर हमारा हक है. आज दुनिया बची है तो आदिवासियों के कारण. हम खुद के साथ-साथ पेड़ पौधे, जल,जंगल जमीन और जीव जंतुओं को बचाते हैं. मगर ये भाजपा-आरएसएस के लोग जंगल तक बेचने पर उतारू हैं. अब समय आ गया है कि हमें एकजुट होकर संघर्ष करना होगा तभी आदिवासी और आदिवासियत बचेगी.

### महारैली के रहे ये मुद्दे

1. आदिवासी समुदाय के संवैधानिक हक अधिकारों को खत्म करने वाला यूनिफॉर्म सिविल कोड कानून नहीं चलेगा
2. **प्रकृति पूजक आदिवासी समुदाय के लिए अलग धर्म कोड दिया जाए**
3. डीलिस्टिंग के नाम पर आदिवासी समाज को लड़ाना बंद किया जाए
4. **आदिवासी समुदाय के सभी धार्मिक, सामुदायिक, सामाजिक जमीन को चिह्नित कर दस्तावेजीकरण किया जाए**
5. सीएनटी -एसपीपी एक्ट की जमीन पर छेड़छाड़ करना बंद हो
6. **पेसा कानून हर हाल में राज्य में लागू किया जाए**
7. आदिवासी समुदाय की घटती आबादी को रोकने के लिए विशेष कार्ययोजना बनाई जाए
8. **आदिवासी समुदाय का विस्थापन और पलायन रोकने के लिए तत्काल कदम उठाया जाए**

- देश के 14 करोड़ आदिवासी एकजुट हुए, तो मोदी को गद्दी छोड़नी पड़ेगी : शिवाजी
- आदिवासी एकता महारैली के बाद झारखंडी एकता महारैली करने का ऐलान

## विधानसभा में फ्लोर टेस्ट आज : विधायक हैदराबाद से पहुंचे रांची

# चंपई के पास जादुई आंकड़ा

## 47 विधायक पक्ष में, बहुमत के लिए सरकार को चाहिए सिर्फ 41 विधायकों का समर्थन

सत्य शरण मिश्रा। रांची


झारखंड की राजनीति के लिए सोमवार का दिन बेहद खास है. नये सीएम चंपई सोरेन सोमवार को विधानसभा में विश्वास मत हासिल करेंगे. इसके लिए विस का विशेष सत्र (5-6 फरवरी) आहूत किया गया है. चंपई ने 2 फरवरी को सीएम पद की शपथ ली. राज्यपाल ने उन्हें 10 दिन में बहुमत साबित करने का समय दिया. चंपई ने 47 विधायकों के साथ बहुमत साबित करने का दावा किया है. विधानसभा में फ्लोर टेस्ट से पहले चंपई ने विधायकों को टूटने से बचाने के लिए काफी एहतियात बरती. वहीं नाराज चल रहे विधायक लोबिन हेंब्रम और सीता सोरेन की भी नाराजगी अब खत्म हो चुकी है. ये दोनों भी फ्लोर टेस्ट में सरकार के पक्ष में वोट करेंगे. वहीं हैदराबाद भेजे गए सत्तारूढ़ दल के सभी विधायक भी रविवार शाम रांची लौट आए. सोमवार को विधायक एक साथ विधानसभा पहुंचेंगे. पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को भी कोर्ट से फ्लोर टेस्ट में शामिल होने की इजाजत मिल गई है. इस तरह अब झामुमो के पक्ष में 47 विधायकों का समर्थन जुट चुका है.

**क्या है झारखंड विधानसभा का अंकगणित :** झारखंड विधानसभा में सदस्यों की कुल संख्या 81 है. इसमें से एक सीट गांडेय फिलहाल खाली है. गांडेय से झामुमो के विधायक सरफराज अहमद ने इस्तीफा दे दिया था. अब 80 विधायकों में से 48 (स्पीकर सहित) सत्ता पक्ष के समर्थन में हैं, जबकि 32 विधायक विपक्षी खेमे में हैं. सत्ता पक्ष की बात करें, तो झामुमो 29, कांग्रेस 17 और राजद का 01 विधायक है. भाकपा माले ने भी सरकार को समर्थन दिया है. अगर निर्दलीय विधायकों ने भी सरकार के समर्थन में वोटिंग की, तो चंपई सोरेन 49 वोटों के साथ बहुमत साबित कर सकते हैं, हालांकि निर्दलियों के सरकार को समर्थन देने की उम्मीद लगभग नहीं के बराबर है.



### झारखंड विधानसभा का गणित

कुल सीटें 81 (एक सीट गांडेय खाली है) | बहुमत के लिए चाहिए 41 सीटें




**हैदराबाद से वापस लौटे सत्ता पक्ष के विधायक**

2 फरवरी को चंपई सोरेन के शपथ ग्रहण के तुरंत बाद सत्ता पक्ष के 35 विधायकों को हैदराबाद शिफ्ट कर दिया गया था. ये सभी विधायक रविवार शाम वापस रांची लौट आए हैं. उन्हें एयरपोर्ट से सीधे सर्किट हाउस ले जाकर ठहराया गया है. सोमवार को इन्हें फ्लोर टेस्ट के लिए एक साथ बस में बैठा कर विधानसभा ले जाया जाएगा. विपक्ष बहुमत के आंकड़े से काफी दूर है, फिर भी चंपई ने एहतियात बरतते हुए अपने विधायकों को टूटने से बचाने के लिए उन्हें हैदराबाद शिफ्ट कर दिया था.

### सीता सोरेन व लोबिन भी आए चंपई के साथ

31 जनवरी की रात हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद चंपई सोरेन ने राजभवन जाकर सरकार बनाने का दावा किया था. उस वक्त उन्होंने राज्यपाल को जो पत्र सौंपा था, उसमें सत्ता पक्ष के सिर्फ 43 विधायकों के ही हस्ताक्षर थे. कांग्रेस, आरजेडी और माले ने तो पहले ही दिन चंपई सोरेन को समर्थन दे दिया था. झामुमो को अपने दो नाराज विधायकों (सीता सोरेन और लोबिन हेंब्रम) के टूटने का डर सता रहा था, लेकिन चंपई इन्हें मनाने में कामयाब हो गये हैं. सोरेन परिवार की बड़ी बहू सीता सोरेन ने चंपई के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंच कर यह बता दिया कि वे सरकार के पक्ष में हैं. वहीं रविवार को लोबिन हेंब्रम ने भी झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन से मुलाकात करके सरकार के पक्ष में वोट देने की घोषणा कर दी है.

### हेमंत सोरेन भी फ्लोर टेस्ट में शामिल होंगे

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी सोमवार को विधानसभा में चंपई सरकार के फ्लोर टेस्ट में शामिल होंगे. रांची की पीएमएलए कोर्ट ने उन्हें फ्लोर टेस्ट में हिस्सा लेने की अनुमति दे दी है. हेमंत सोरेन ने विशेष पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) अदालत में याचिका दायर की थी. उन्होंने अपनी इस याचिका में चंपई सोरेन सरकार के विश्वास मत में भाग लेने की अनुमति मांगी थी. उन्हें इसकी इजागत मिली हुई है.

## सीएम ने विधि-व्यवस्था व अपराध नियंत्रण को लेकर सीएस और डीजीपी के साथ की बैठक, बोले-

# अपराधमुक्त झारखंड प्राथमिकता

**बोले सीएम**

- हत्या, महिला उत्पीड़न, पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामलों का उद्भेदन सुनिश्चित हो
- **जेल के अंदर से अपराध ऑपरेट करने वालों पर हर हाल में लगाम लगाएं**

प्रमुख संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने रविवार कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में राज्य में विधि व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण से संबंधित एक उच्चस्तरीय बैठक की. बैठक में अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री के समक्ष पावर पॉइन्ट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) के माध्यम से राज्य में विधि व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण की विस्तृत जानकारी रखी गई. मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि अपराध मुक्त झारखंड, राज्य सरकार की प्राथमिकता है.

बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि पिछले दिनों नामकुम थाना अंतर्गत असामाजिक तत्वों के द्वारा जेएसएससी बिल्डिंग में तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया गया है, जिसपर पुलिस प्रशासन द्वारा एफआईआर दर्ज किया जा चुका है और अनुसंधान भी जारी है. मुख्यमंत्री ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इस संबंध में एसआईटी गठित करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है. मुख्यमंत्री ने कहा कि एसआईटी का गठन कर जल्द से जल्द मामले का उद्भेदन कर दोषियों की गिरफ्तारी की जाए. मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी घटनाओं की

**जेएसएससी बिल्डिंग तोड़फोड़ मामले में एसआईटी गठित हो**



पुनरावृत्ति न हो, इस घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें. बैठक में पुलिस अधिकारियों ने धनबाद के झरिया में हुई घटना की भी जानकारी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी. मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि झरिया में घटित घटना पर एफआईआर दर्ज कर त्वरित जांच की जाए.

-शेष पेज 7 पर

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा

# हम आदिवासियों के साथ खड़े हैं: राहुल



### ▪ हिंसा, नफरत और अन्याय फैला रही मोदी सरकार

शुभम संदेश टीम। धनबाद/बोकारो/ रामगढ़

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी आदिवासी लोगों के जल-जंगल-जमीन और युवाओं के रोजगार के लिए खड़ी है. राहुल अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान धनबाद में रोडशो किया, लोगों को संबोधित किया. राहुल ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को निजी पक्षों को बेचने से बचाना और देश के नौकरीपेशा युवाओं और आदिवासियों के लिए न्याय सुनिश्चित करना है. कांग्रेस पार्टी आदिवासी लोगों के जल-जंगल-जमीन के लिए खड़ी है और युवाओं की शिक्षा और रोजगार के लिए काम करती है. आर्थिक असंतुलन, नोटबंदी, जीएसटी और बेरोजगारी ने देश के युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है. राहुल गांधी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने पूरे देश के युवाओं का भविष्य बर्बाद करके रख दिया है. झारखंड वालों सावधान रहना, यदि आपने यहां की सत्ता में भाजपा को बिठा दिया, तो राज्य के खनिजों पर मोदी जी अपने मित्रों को सौंप देंगे. रविवार सुबह से शुरू हुई राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा देरशाम रामगढ़ पहुंच गयी है. सोमवार को यह यात्रा रांची पहुंचेगी. इस दौरान कांग्रेस प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व मंत्री योगेंद्र साव भी उनके साथ थे. पूरे रास्ते में जगह-जगह हजारों लोगों ने राहुल गांधी का गर्मजोशी से स्वागत किया. गांधी ने भी इस स्नेह के लिए सभी का आभार जताया. गोला में डीवीसी चौक पर खुली जीप में सवार राहुल गांधी ने भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले साल हमलोगों ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक 4000 किमी भारत जोड़ो यात्रा की. इस यात्रा का लक्ष्य भारत को जोड़ने का था.

-शेष पेज 7 पर

**रामगढ़ पहुंची भारत जोड़ो न्याय यात्रा, आज रांची आएंगे**

**आग-धुआं के बीच खटिया में बैठ राहुल ने लगाई चौपाल :** धनबाद से निकलने के बाद राहुल का काफिला केंदुआ पहुंचा, यहां वे गोधर काली बस्ती में लोगों से मिलने चले गए. वहां लोगों ने भावुक होकर चारों तरफ से घेर लिया, कई लोग आए और उनके साथ बातचीत कर व्यथा बताई. एक वृद्ध ने कहा कि जीवन यहां गुजार दिया, लेकिन रोजगार से वंचित रहे, किसी तरह जीवन की गाड़ी खींच सके हैं, बता दें कि यह इलाका अग्नि प्रभावित क्षेत्र हैं और यहां गरीब तबके के लोग अपना जीवन-गुजर बसर करते हैं. राहुल ने कहा कि वे गरीबों के लिए अपनी लड़ाई लड़ रहे हैं.

### मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 28.9 | 16.0 |
| जमशेदपुर | 30.2 | 11.6 |
| डालटनगंज | 30.8 | 10.5 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

### हेमंत की गिरफ्तारी से 42% आदिवासी नाराज

**नयी दिल्ली।** मिशन 2024 को लेकर सियासी बिसात बिछनी शुरू हो गयी है. पूर्व सीएम हेमंत सोरेन एक मामले में जेल में हैं. झारखंड का सियासी पारा गरम है. इस बीच एबीपी न्यूज की ओर से सी-वोटर के सर्वे में पूछा गया कि चुनाव में हेमंत की गिरफ्तारी का असर पड़ेगा? इसके जवाब में 42% लोगों ने कहा कि आदिवासी वोटर बीजेपी से नाराज होंगे. 33%ने कहा बीजेपी को फायदा होगा. 6%का मानना है कि गठबंधन को लाभ होगा. 6% ने कहा हेमंत का सियासी करियर खत्म हो जाएगा. 13% लोगों ने कहा कि वे कुछ कह नहीं सकते.

## सवाल-दर-सवाल : हेमंत सोरेन के मामले पर कपिल सिब्बल ने उठाए सवाल

# बोले- ईडी बताए- गिरफ्तारी का क्या है आधार?

शुभम संदेश नेटवर्क। नयी दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को ले ईडी पर हमला बोला है और इसको भाजपा की साजिश कहा है. उन्होंने कहा, देश में हो क्या रहा है? भानु प्रताप (ईडी की ओर ईसीआईआर के तहत गिरफ्तार कर विभाग के अधिकारी) और हेमंत सोरेन के बीच कोई लेनदेन, संबंध, फोन पर बातचीत या मुलाकात नहीं हुई है. फिर ईडी ने उन्हें किस आधार पर गिरफ्तार किया. ईडी पर निशाना साधते हुए कहा, ईडी की विश्वसनीयता पर कई बार सवाल उठाए गए हैं. पहले भी मैंने आपको कई नाम बताए हैं, जिन्होंने चुनाव लड़े हैं और खुद बताया है कि उनके खिलाफ कौन से आपराधिक मामले हैं, वे बीजेपी से जुड़े हैं, उनकी सरकारों से जुड़े लोग हैं. उन्होंने कहा, ऐसे ही कई प्रदेशों की यह जानकारी ईडी को मालूम है, तो वे (ईडी) वहां कार्रवाई क्यों नहीं करते हैं? बीजेपी का एक ही लक्ष्य है, विपक्ष को टॉर्गेट करके सत्ता से हटाना. बीजेपी चाहती है कि लोकसभा चुनाव में विपक्ष प्रचार न कर पाए, जब प्रचार नहीं करेंगे, तो निश्चित रूप से इसके दुष्प्रभाव होंगे.

## हेमंत सोरेन से दूसरे दिन भी ईडी ने की घंटों पूछताछ

सौरभ सिंह। रांची



हेमंत सोरेन से रिमांड अवधि के दौरान रविवार को भी ईडी की टीम ने पूछताछ की. इससे पहले शनिवार को ईडी ने हेमंत से चार घंटे तक पूछताछ की. इस दौरान ईडी ने उनसे कई सवाल पूछे गए. ईडी के पास जो साक्ष्य हैं, उन्हें आरोपी के समक्ष रख कर पूछताछ होगी. जिससे यह पता चले कि आरोपी के साथ भूमि के अवैध अधिग्रहण में और कौन-कौन शामिल हैं. इस मामले में शामिल अन्य की भूमिका का पता लगाने के लिए पूछताछ जरूरी है. धन और संपत्ति के उन स्रोतों की जांच करने के लिए अन्य संपत्तियों की जांच भी जरूरी है.

### हेमंत व भानु को आमने-सामने बैठा कर हो सकती है पूछताछ

ईडी ने बड़गाईं के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप को गिरफ्तार कर लिया है. उस पर सरकारी रिकॉर्ड में हेराफेरी, मूल रिकॉर्ड से छेड़छाड़ का आरोप है. भानु पहले से ही लैंड स्कैम से जुड़े केस में जेल में हैं और अब उसे उस मामले में गिरफ्तार किया गया है, जिसमें हेमंत को गिरफ्तार किया गया है. उम्मीद जताई जा रही है कि हेमंत और भानु को आमने- सामने बैठाकर सोमवार को पूछताछ की जा सकती है.

### हेमंत की हस्तक्षेप याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई आज

**रांची।** हेमंत सोरेन की हस्तक्षेप याचिका पर सोमवार को हाईकोर्ट में सुनवाई होगी. याचिका में हेमंत ने अपनी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती दी है. हाईकोर्ट में दायर हस्तक्षेप याचिका में कहा गया है कि राजनीतिक विद्वेष के कारण गिरफ्तारी हुई है. यह गलत है. हेमंत ने इस गिरफ्तारी को चैलेंज करते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था, लेकिन उनकी याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी गई थी कि मामले में पहले हाईकोर्ट में सुनवाई होनी चाहिए.

## पिता का दर्द छलका

### शिबू ने कहा- मेरे बेटे को भाजपा ने साजिश के तहत जेल भेज दिया

**रांची।** अंततः छह दिन की खामोशी के बाद बीमार झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन ने रविवार को अपनी चुप्पी तोड़ी. पिता का दर्द छलक ही आया. अपने बेटे पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद उन्होंने सार्वजनिक तौर पर मीडिया को बयान दिया है. उन्होंने कहा कि भाजपा ने मेरे बेटे को साजिश के तहत जेल भेजा है. गुरु जी ने कहा कि जब-जब आदिवासी लड़ते हैं, उन्हें जेल भेज दिया जाता है. अब हमें एक होकर फिर लड़ना होगा. जो हमें तंग और परेशान कर रहे हैं, उनको लड़ कर हराना होगा.



## मनरेगा में गड़बड़ी का आरोप: विभाग के पदाधिकारी को प्रताड़ित करने का भी है आरोप

# जनवरी में 10 अफसरों पर गोलमाल की आंच

**पिछले साल 60 अफसरों पर लगे थे आरोप**



रवि भारती। रांची

इस साल जनवरी से लेकर फरवरी तक में राज्य प्रशासनिक सेवा के 10 अफसर अनियमितता की आंच में आ गए हैं. इनमें से तीन अफसरों पर सरकार ने विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया है. एक अफसर के वेतन वृद्धि पर रोक लगा दी गई है. वहीं दो अफसरों को आरोपमुक्त भी किया गया है. इसमें जेपीएससी के पूर्व परीक्षा नियंत्रक विवेक नारायण अखौरी और चास की तत्कालीन सीओ वंदना शेजवलकर को आरोप मुक्त किया गया है. पिछले साल राज्य सेवा के 60 अफसरों पर आरोप लगे थे. जिसमें 33 अफसरों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया गया था.

### पदाधिकारी को प्रताड़ित करने का आरोप

जामताड़ा की तत्कालीन बीडीओ अमृता प्रियंका एक्का पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी प्रेमचंद को प्रताड़ित करने का आरोप लगा है. उन्होंने प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी को प्रताड़ित करने के उद्देश्य से उनके वेतन में कटौती कर दी. 14वें वित्त आयोग की योजनाओं में रुचि नहीं ली. 17 दिन के अवकाश में रहने के बावजूद बिना सक्षम प्राधिकार से अवकाश स्वीकृत कराए बिना पद का दुरुपयोग करते हुए वेतन की निकासी की. साथ ही स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के कार्यों में रुचि नहीं ली. सरकार ने अमृता प्रियंका एक्का को भविष्य में सचेत रहने की चेतावनी दी है.

## अराजक माहौल के लिए जिम्मेवार रहे अफसर

### आराजक माहौल के लिए जिम्मेवार

हुसैनाबाद के तत्कालीन बीडीओ लक्ष्मी नारायण किशोर पर अराजक माहौल के लिए जिम्मेवार होने का आरोप लगा. 2019 में लोकसभा चुनाव के दौरान लक्ष्मी नारायण किशोर ने चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन नहीं किया. जिससे अराजक माहौल उत्पन्न हो गया. मतदान कर्मियों को समुचित व्यवस्था उपलब्ध नहीं करा पाए. सरकार ने लक्ष्मी नारायण किशोर को निंदन की सजा दी है.

### रिजेनरेशन के मामले को लंबित रखा

मनिका के तत्कालीन बीडीओ वीरेंद्र किड़ों पर भी गंभीर आरोप लगे हैं. 2013 –14 से 2021–22 के बीच रिजेक्ट ट्रांजेक्शन की समीक्षा की गई. जिसमें मनिका में 33 रिजेक्ट ट्रांजेक्शन पाया गया. इसे रिजेनरेशन कराया जाना था, लेकिन इसे लंबित रखा गया. वीरेंद्र किड़ो को इसे शून्य करने का आदेश दिया गया था. इसके बाद भी सिर्फ 31 फीसदी ही रिजेनरेशन हो पाया. वीरेंद्र किड़ो को राज्य सरकार ने सचेत रहने की चेतावनी दी है.

### जेसीबी का उपयोग हुआ

मांडर के तत्कालीन बीडीओ गोपी उरांव पर कई गंभीर आरोप लगे हैं. गोपी पर स्वीकृत योजनाओं के पर्यवेक्षण में रुचि नहीं लेने, मनरेगा में जेसीबी उपयोग करने का आरोप है. डोभा के स्वीकृत और वास्तविक आकार में भिन्नता का आरोप है. मनरेगा मजदूरों की मजदूरी भुगतान में विलंब व प्रखंड में उपलब्ध टैब का उपयोग नहीं करने का भी आरोप है.

### आदेश की अवहेलना

पोटका के तत्कालीन बीडीओ प्रभाष चंद्र दास पर उच्च पदाधिकारियों के आदेश की अवहेलना का आरोप है. इनके खिलाफ योजनाओं के क्रियान्वयन में उदासीनता बरतने और समय पर मनरेगा मजदूरों की मजदूरी का भुगतान नहीं करने का आरोप है. राज्य सरकार ने प्रभाष चंद्र दास को निंदन की सजा दी है.

### गुणवत्ता की हुई अनदेखी

राजनगर के तत्कालीन बीडीओ सुनील कुमार पर मनरेगा योजनाओं के क्रियान्वयन में प्राक्कलन के अनुसार काम नहीं कराने का आरोप है. उचित अनुश्रवण नहीं करने और गुणवत्ता की अनदेखी करने का भी आरोप है. राज्य सरकार ने सुनील कुमार के खिलाफ दो वेतन वृद्धि पर रोक लगाने का निर्णय लिया है.

### सजायाफ्ता को लाभ पहुंचाने का आरोप

राज्य सेवा के दो अफसरों पर सजायाफ्ता को लाभ पहुंचाने का आरोप है. इसमें स्कूली शिक्षा विभाग के तत्कालीन अवर सचिव अरविंद कुमार सिंह पर सजायाफ्ता प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को अनुसचित तरीके लाभ पहुंचाने का आरोप है. वहीं राजेंद्र प्रसाद राजेश पर भी सजायाफ्ता को लाभ पहुंचाने का आरोप है.

### पशु शेड योजना में लापरवाही का आरोप

पाटन के तत्कालीन बीडीओ मनोज कुमार तिवारी पर पशु शेड योजना में मनमानी करने और लापरवाही बरतने का आरोप है. अयोग्य लाभुकों का चयन करने का भी आरोप है. राज्य सरकार ने मनोज कुमार तिवारी को निंदन की सजा दी है.

### बीडीओ पर लाभुकों को भुगतान न करने का आरोप

हेरहंज के तत्कालीन बीडीओ प्रदीप कुमार दास पर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में लापरवाही बरतने का आरोप है. उन्होंने इस योजना के 347 लाभुकों को पहली किश्त की राशि का भुगतान ही नहीं किया.

## आंदोलनकारी मांगों को पूरा करने के लिए आज करेंगे प्रदर्शन : पुष्कर

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में 5 फरवरी को झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारियों के जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करने व राज्य गठन की तिथि से समान रूप से सम्मान पेंशन, राजकीय मान सम्मान, अलग पहचान, नियोजन, स्वाभिमान, अस्तित्व व अस्मिता की रक्षा के सवाल को लेकर राजभवन के समक्ष विशाल प्रदर्शन किया जाएगा. कार्यक्रम में हजारों हजार की संख्या में झारखंड आंदोलनकारी परंपरागत वाद्य यंत्रों व परंपरागत अस्त्र- शस्त्र के साथ राजभवन के समक्ष प्रदर्शन करेंगे.

आंदोलनकारी राज्य के सभी जिलों से भाग लेंगे. झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी है तो राज्य का स्वाभिमान जीवित है आंदोलनकारी राज्य गठन के मूल्य को स्थापित करने के लिए कटिबद्ध हैं. 5 फरवरी को राजभवन के समक्ष ऐतिहासिक विशाल प्रदर्शन कर पूरे राज्य को स्थिर करने वाले पूंजीवाद एवं साम्राज्यवाद ताकतों के खिलाफ उलगुलान का आगाज किया जाएगा. उन्होंने आंदोलन कार्यों से अपील किया कि वह दिन के 11 बजे तक राजभवन के समक्ष पहुंच जाएं.

## तीन बार बहुमत साबित करने में नाकाम रही है पूर्व की सरकार

# सूबे में अबतक 11 बार हुआ फ्लोर टेस्ट

प्रवीण कुमार। रांची

मुख्यमंत्री चंपई सोरेन सोमवार को झारखंड विधानसभा में अपनी सरकार का बहुत साबित करने के लिए विश्वास प्रस्ताव लाएंगे. इसके लिए दो दिनों का विशेष सत्र बुलाया गया है. झारखंड में अबतक के फ्लोर टेस्ट की बात करें, तो यहां अब तक विधानसभा में 11 बार तत्कालीन सरकारों द्वारा बहुत साबित करने के लिए विश्वास प्रस्ताव लाया जा चुका है. इनमें आठ बार सरकारों ने अपना बहुमत साबित किया. दो बार प्रस्ताव आने के बाद वोटिंग से पहले ही तत्कालीन मुख्यमंत्रियों ने अपना इस्तीफा दे दिया था. एक बार वोटिंग की अनुमति ही नहीं दी गई थी.

झारखंड में सबसे पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी अपनी सरकार के बहुमत साबित करने के लिए 23 नवंबर 2000 को विश्वास प्रस्ताव लाए थे, जिसमें उन्होंने बहुमत साबित किया था. इसके बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री शिबू सोरेन 11 मार्च 2005 को बहुमत साबित करने के लिए विश्वास प्रस्ताव लाए थे, लेकिन प्रोटेम स्पीकर द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं दी गई थी.

इसी तरह तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा 15 मार्च 2005 को बहुमत साबित करने के लिए विश्वास प्रस्ताव लाए थे. इसमें उन्होंने बहुमत साबित किया था. इसके बाद अर्जुन मुंडा (तत्कालीन मुख्यमंत्री) ही 14 सितंबर को विश्वास प्रस्ताव लाए थे, लेकिन उनके पास बहुमत नहीं होने के कारण उन्होंने सदन में इस्तीफा की घोषणा कर दी थी. मधु कोड़ा सरकार बनने के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री मधु कोड़ा 20 सितंबर 2006 को अपना बहुमत साबित करने के लिए विश्वास प्रस्ताव लाए थे. उन्होंने भी अपना बहुमत साबित किया. इसके बाद 29 अगस्त 2008 को तत्कालीन प्रभारी संसदीय कार्य मंत्री स्टीफन मरांडी विश्वास प्रस्ताव लाए, जो भी बहुमत से स्वीकृत हो गया. इसी तरह तत्कालीन संसदीय कार्य मंत्री रघुवर दास 7 जनवरी 2010 को विश्वास प्रस्ताव लाए थे, जो स्वीकृत हो गया था. इसके बाद तत्कालीन उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो 30 मई 2010 को सरकार का विश्वास प्रस्ताव लाए. लेकिन तत्कालीन सरकार के पास बहुमत नहीं होने के कारण मुख्यमंत्री शिबू सोरेन ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया था.

### दो बार वोटिंग से पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री ने दे दिया था इस्तीफा



### तीन बार हेमंत ने लाया था विश्वास प्रस्ताव

हेमंत सोरेन तीन बार सदन में विश्वास प्रस्ताव ला चुके हैं. सबसे पहले तत्कालीन उपमुख्यमंत्री के रूप में हेमंत विधानसभा में 14 सितंबर 2010 को सरकार का बहुमत साबित करने के लिए विश्वास प्रस्ताव लाए थे. उस समय सरकार ने बहुमत साबित कर लिया था. उपमुख्यमंत्री रहते ही हेमंत 18 जुलाई 2013 को विश्वास प्रस्ताव सदन में लाए, जो स्वीकृत हुआ.

### दो बार ही आया है अविश्वास प्रस्ताव

झारखंड विधानसभा में अबतक दो बार ही अविश्वास प्रस्ताव आया है. सबसे पहले तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष स्टीफन मरांडी तथा विधायक फुरकान अंसारी ने 17 मार्च को 2003 को तत्कालीन मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की सूचना विधानसभा सचिवालय को दी थी, लेकिन अविश्वास प्रस्ताव आने से पहले ही बाबूलाल मरांडी ने 17 मार्च 2003 को ही मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था. दूसरी बार नेता प्रतिपक्ष के रूप में अर्जुन मुंडा, विधायक सीपी सिंह तथा राधाकृष्ण किशोर 18 दिसंबर 2007 को तत्कालीन मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाए थे, जो अस्वीकृत हो गया था. इसमें मधु कोड़ा सरकार ने अपना बहुमत साबित कर दिया था.

### हेमंत सोरेन ने बहुमत साबित करने के लिए बुलाया था विशेष सत्र

अंतिम बार हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री के रूप में 5 सितंबर 2022 को सरकार का बहुमत साबित करने के लिए विश्वास प्रस्ताव लाए, जो स्वीकृत हुआ. इसमें हेमंत सोरेन ने 48 मतों के साथ बहुमत साबित किया. बता दें कि हेमंत सरकार ने आफिस ऑफ प्रॉफिट मामले में हुए राजनीतिक उथल-पुथल के कारण स्वयं विश्वास मत हासिल करने का निर्णय लिया था. उस समय भी झामुमो और कांग्रेस के सभी विधायकों को रायपुर ले जाया गया था, जहां से लौट कर विधायक विधानसभा के विशेष सत्र में सम्मिलित हुए थे.

## कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता के लिए प्रचार वाहन रवाना

संवाददाता। रांची

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर व प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस के चेयरमैन मंजूर अंसारी के निर्देश पर रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष हुसैन खान के नेतृत्व में कांग्रेस भवन से भारत जोड़ो न्याय यात्रा के प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार वाहन रवाना किया गया. प्रचार वाहन का रवाना महानगर अध्यक्ष हुसैन खान, प्रदेश प्रवक्ता जगदीश साहु, प्रदेश अल्पसंख्यक महासचिव अख्तर अली, कार्यालय सचिव रामानंद केशरी, दामोदर प्रसाद ने पार्टी का झंडा दिखाकर किया. रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष हुसैन खान ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी का भारत



जोड़ो न्याय यात्रा जारी है. राजधानी रांची में सोमवार को यात्रा पहुंचेगी. इसके सघन प्रचार प्रचार के लिये रांची महानगर की ओर से पांच प्रचार वाहन पूरे शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिए रवाना किया गया है. मौके पर ग्रामीण अध्यक्ष शमीम अंसारी, प्रदेश महासचिव रुस्तम अली, गुलाम रब्बानी, रांची महानगर महासचिव सफर खान, अरबाज खान, सैंकी खान, रमजान अंसारी आदि शामिल थे.

## मैट्रिक व इंटर की परीक्षा कल से

**रांची।** 6 फरवरी से झारखंड बोर्ड की मैट्रिक और इंटर की परीक्षा शुरू होने वाली है. इस परीक्षा में राज्यभर के 766520 छात्रों ने फॉर्म भरा है. वहीं 24 जिला में 1978 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं. मैट्रिक में 421678 और इंटर में 344842 छात्र परीक्षा में शामिल होंगे. राज्य भर में मैट्रिक के लिए 1238 और इंटर के लिए 740 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं. यह परीक्षा 6 फरवरी से 26 फरवरी तक चलेगी. इस वर्ष आयोजित होने वाली मैट्रिक व इंटर की परीक्षा ओएमआर शीट में नहीं ली जाएगी. पहले के तरह परीक्षा तीन घंटे की होगी. पहली पाली में 9:45 से 1 बजे तक मैट्रिक की परीक्षा होगी. दूसरी पाली में 2 से 2:20 बजे तक इंटर की परीक्षा होगी. रांची जिले में लगभग 70,000 छात्रों के लिए 157 परीक्षा केंद्र बनाए गए है.


- 766520 छात्रों के लिए बनाए गए 1978 परीक्षा केंद्र

## सीएम एक्शन में उच्च स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल की गयी है

# 3 सीनियर अधिकारियों को बड़ी जिम्मेदारी

संवाददाता। रांची

चंपई सोरेन ने मुख्यमंत्री पद संभालते ही एक्शन में दिख रहे हैं. उच्च स्तर



पर प्रशासनिक फेरबदल हुई है. इस दौरान भारतीय प्रश इस निक प्रशासनिक सेवा के तीन पदाधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार दिया गया और एक अधिकारी का स्थानांतरण किया गया है. वहीं, भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी तथा पुलिस महानिरीक्षक (संगठित अपराध), अपराध अनुसंधान विभाग सुदर्शन मंडल को कारा महानिरीक्षक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है.

### उद्योग निदेशक के पद से भोर सिंह यादव हटाए गए

कल्याण विभाग के प्रभारी सचिव अरबा राजकमल को नगर विकास विभाग के साथ उत्पाद एवं मध्य निषेध विभाग के प्रभारी सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया है. उद्योग निदेशक के पद से भोर सिंह यादव हटाए गए हैं. उन्हें भू अर्जन, भू-अभिलेख निदेशक बनाया गया है. खेल निदेशक सुशांत गौरव को उद्योग निदेशक की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है. जियाडा के प्रबंध निदेशक शशि रंजन को खान निदेशक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है. इससे संबंधित अधिसूचना कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने जारी कर दी है.

### जानें किसे मिला अतिरिक्त प्रभार

- सीआईडी आईजी के पद पर पदस्थापित सुदर्शन प्रसाद मंडल को जेल आईजी का प्रभार दिया गया है.
- आईएएस अरबा राजकमल को अपने कार्यों के साथ प्रभारी सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, प्रभारी सचिव, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग और प्रबंध निदेशक, जुडको के भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है.
- आईएएस शशि रंजन को निदेशक खान अतिरिक्त प्रभार में दिया गया है. आईएएस सुशांत गौरव को निदेशक उद्योग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है.
- आईएएस भोर सिंह यादव को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक निदेशक, भू-अर्जन, भू-अभिलेख एवं परिमाप, पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है.
- आईएएस सुशांत गौरव निदेशक उद्योग के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे.


CLASSIFIED







































राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | सोमवार, 05 फरवरी 2024 ● माघ कृष्ण पक्ष 11, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 288 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

**दुस्साहसिक वारदात :** हत्या से इलाके में फैली सनसनी, सीसीटीवी में कैद हुए दोनों हत्यारे, पुलिस जांच में जुटी

# कुड़ू में पूर्व पंचायत समिति सदस्य को अपराधियों ने मारी गोली, मौत

संवाददाता। कूड़ू (लोहरदगा)

कूड़ू के पूर्व पंचायत समिति सदस्य संतोष मांझी उर्फ मंगलू की दिन दहाड़े सरे राह गोली मारकर हत्या कर दी गयी. घटना रविवार सुबह 8:30 बजे की है. जानकारी के अनुसार पूर्व पंचायत समिति और वर्तमान पंचायत समिति सदस्य पुनम देवी के पति संतोष मांझी उर्फ मंगलू साप्ताहिक हाट कूड़ू के संवेदक थे. और कूड़ू बाज़ार टांड़ स्थित बिजली ऑफिस के सामने चुंगी वसूलने बैठे थे. तभी पैदल पहुंचे दो आज्ञात अपराधियों ने नज़दीक से पांच गोली मार दी. जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गयी. अपराधी आराम से बिड़ला स्ट्रीट मार्ग से चलते बने. घटना की सूचना मिलने पर एसडीओ विजय कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा कूड़ू थाने पहुंचीं और मामले की जानकारी ली.

### आक्रोशित लोगों ने शव के साथ जाम की सड़क, आठ घंटे सैकड़ों वाहन फंसे रहे



### घटना में शामिल लोग जल्द होंगे गिरफ्तार: एसडीओ

प्रशासन और परिजनों की चली लंबी वार्ता में प्रशासन ने परिजनों और से पूरी जानकारी ली। एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने और परिवार को हर संभव सरकारी मदद का भरोसा दिलाया। जिसके बाद लोग माने।

### मृतक अपने पीछे छोड़ गए भरा-पूरा परिवार

संतोष उर्फ मंगलू अपने पीछे पत्नी पूनम देवी, पुत्र कार्तिक, विराट और छोटी बेटी परी को छोड़ गए हैं। बड़ा बेटा मराष्ट्र औरंगाबाद जीले के जालना प्रतुर में जेएनवी में पढ़ाई करता है। घटना के बाद से परिजनों को रो रो कर बुरा हाल है।

## आक्रोशित ग्रामीणों ने की सड़क जाम

संतोष मांझी की हत्या की खबर जैसे ही फैली महिला, पुरुष और बच्चे मौके पर पहुंचना शुरू हो गए. कूडू रांची मुख्य पथ एनएच 75 और कूडू लोहरदगा मुख्य पथ एनएच 143 ए को इंदिरा गांधी चौक, ब्लॉक मोड़ और बस स्टैंड में बैरिकेडिंग कर जाम कर दिया. इससे गाड़ियों की लंबी लाइन लगी रही. मौके पर पहुंचे सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव, कूडू थाना प्रभारी बिश्वजीत कुमार सिंह ने बात करने का प्रयास किया, लेकिन आक्रोशित लोगों ने दिनदहाड़े लगातार हो रही घटना का हवाला देते हुए और एक नही सुनी और जमकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी और थाना गेट पर जमा हो गए. बाद में पुलिस और कुछ प्रबुद्ध लोगों के समझाने और बैठ कर बात करने के आग्रह पर माने. बस स्टैंड पहुंचे बीडीओ प्रवेश कुमार साव ने मृतक के परिजनों को दुकान देने और पत्नी को आउटसोर्सिंग में नौकरी देने का लिखित आश्वासन दिया लेकिन कुछ लोग वरीय पदाधिकारियों को बस स्टैंड बुलाकर बात करने की ज़िद पर अड़ गए. इसके बाद एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने परिजनों से बात की तब सभी माने तब शाम करीब 4 बजे जाम खुला.

### बीते कुछ वर्षों से अपराधियों के गन प्वाइंट पर रहा है कुड़ू, खौफ में जी रहे हैं लोग

उल्लेखनीय है कि थाना क्षेत्र के टाटी निवासी बैंक मित्र अमर पासवान 20 वर्ष पिता भुनु पासवान शुक्रवार 4 नवंबर 2022 की सुबह 10 : 30 बजे लुटेरों ने गोली मारी थी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था. वहीं इस घटना के एक सप्ताह बाद लक्ष्मी नगर मुहल्ला में 15 नवंबर 2022 की संध्या लगभग सात बजे बढ़ई मिस्त्री का काम करनेवाले सुदेश्वर साहू के 27 वर्षीय पुत्र विकास साहू की गोली मारकर हत्या कर दी थी, और उसे बचाने गए उसकी पत्नी 20 वर्षीय प्रतिमा देवी चचेरा भाई 40 वर्षीय राजेश साहू को भी गोली मारकर घायल कर दिया था। और एक माह बाद कूडू बस स्टैंड में मुर्गी दुकान चलाने वाले अरविंद पासवान उर्फ गुड्डू को गोली मारकर घायल कर दिया था. और अब इस घटना से कूडू के लोग भयाक्रान्त हैं.

धनबाद में मनाया गया झामुमो का स्थापना दिवस, बोले सीएम चंपई

# झारखंड में वही रहेगा, जो 1932 खतियान की बात करेगा

संवाददाता। धनबाद



झारखंड मुक्ति मोर्चा के 52वें स्थापना दिवस पर गोल्फ ग्राउंड में रविवार को आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए सीएम चंपई सोरेन ने कहा कि झारखंड की धरती पर वही रहेगा, जो 1932 खतियान की बात करेगा. हेमंत सोरेन ने 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति को विधानसभा से पास कराया, लेकिन भाजपा के इशारे पर महामहिम ने इसे निरस्त कर दिया. झामुमो की सरकार 1932 लागू करा कर ही दम लेगी.

सीएम चंपई ने कहा कि हमसब के मन दुखी है कि आज के कार्यक्रम में युवा सम्राट हेमंत सोरेन एवं दिशोम गुरु शिबू सोरेन अनुपस्थित हैं. 2019 में हेमंत सोरेन ने इतना बड़ा बहुमत हासिल किया. जिसके बाद से ही लगातार भाजपा की ओर हेमंत सरकार को स्थिर करने का प्रयास किया गया है. सरकार बनने के बाद कोरोना काल में विपरीत परिस्थिति के बावजूद हेमंत सरकार ने मानव जीवन को बचाया. प्रवासी मजदूरों को दूसरे राज्यों से बसों, ट्रेनों और हवाई जहाज के माध्यम से घर पहुंचाया. ऐसा देश के किसी दूसरे मुख्यमंत्री ने नहीं किया. झारखंड को सोने की चिड़ियां कहा जाता है. यहां की खनिज संपदाओं पर भाजपा की गिद्ध नजर लगी है. जब भाजपा के हाथ में सत्ता थी, तो उसने आदिवासियों-मूलवासियों के अधिकारों को दबाने का कांम किया. यहां की धरती पर भाजपा वालों ने माइनिंग किया और मूलवासियों को बदनाम किया. पिछले 150 साल यहां माइनिंग हो रहा है. मूलवासी विस्थापित हुआ है. शिबू सोरेन ने इसी के खिलाफ अपनी लड़ाई शुरू किए थे. उन्होंने महाजनों के खिलाफ लड़ा और डुगडुगी बजाया. धनबाद की धरती पर 52 साल पहले झामुमो का उदय हुआ.

### सीएम ने कहा

*हमसब के मन दुखी हैं कि आज के कार्यक्रम में युवा सम्राट हेमंत सोरेन व दिशोम गुरु शिबू सोरेन अनुपस्थित हैं*



### मूलवासी शिक्षित होंगे तो भाजपा नहीं कर पाएगी शासन

सीएम ने यह भी कहा कि आदिवासी-मूलवासी शिक्षित हो जायेंगे तो भाजपा शासन नहीं कर पाएगी. जब हेमंत सोरेन ने मूलवासियों की शिक्षा के लिए स्मार्ट मॉडल स्कूल एवं अन्य योजनाएं शुरू किया, तो भाजपा बौखला कर उनके खिलाफ षडयंत्र करने लगी. उन्होंने राज्य के साथ-साथ विदेशों में मुफ्त शिक्षा की योजना लागू किया. हेमंत सोरेन ने 60 वर्ष से अधिक सभी लोगों को पेंशन देना शुरू किया था. गांव से लेकर शहर तक को संवारने की योजना पर हेमंत सरकार ने काम किया. भाजपा वाले जल-जंगल-जमीन खत्म करने पर लगे हैं. जिसे हर हाल में बचाना है. चंपई ने कहा कि जब वे दिशोम गुरु के साथ पहली बार सरायढेला आए थे, तब उन्होने जाना यहां के खनिज संपदा के बारे में. हेमंत सरकार ने देखा कि धनी प्रदेश के आदिवासी-मूलवासी धनी नहीं हुए. उन्होंने युवा बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए नीजि क्षेत्रों में 75 फीसदी स्थानीय नियोजन नीति को लागू किया. जिसका लाभ युवाओं को मिल रहा है.

### नेताओं ने कहा

**झुके नहीं, हेमंत ने जेल जाना किया पसंद : विजय हांसदा**

*सांसद विजय हांसदा ने कहा कि भाजपा के आगे झुकने की बजाय हेमंत सोरेन ने जेल जाना पसंद किया. झामुमो की स्थिर सरकार को अस्थिर करने के लिए हेमंत को गिरफ्तार किया गया.*

**षड्यंत्र को कुचलकर नई सरकार बनी : महुआ माजी**

*सांसद महुआ माजी ने कहा कि भाजपा के षडयंत्र को कुचल कर नई सरकार का गठन हुआ है. साजिश के तहत हेमंत को शिकार बनाया गया. हेमंत जल्द ही हमसब के बीच होंगे और चुनाव में लोग उन्हें फिर जीत दिलाएंगे.*

**स्थापना दिवस में जुटी 50 हजार से अधिक भीड़ : अमितेश सहाय**

*झामुमो के अमितेश सहाय ने कहा कि स्थापना दिवस पर 50 हजार से अधिक भीड़ जुटी. हेमंत की गिरफ़्तारी से कार्यकर्ताओं में आक्रोश है, जो सभा मे देखने को मिला.*

## दूसरी बार टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष बने संजीव चौधरी

संवाददाता। जमशेदपुर

जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित टाटा वर्कर्स यूनियन में रविवार को आतिशबाजी का माहौल रहा. टाटा वर्कर्स यूनियन के चुनाव में संजीव चौधरी उर्फ टुन्नू निर्विरोध दूसरी बार अध्यक्ष चुने गए हैं. अध्यक्ष बनने के बाद से ही मौके पर मौजूद लोगों में उत्साह देखा गया. लोग एक दूसरे को मिठाइयां खिला रहे थे. ढोल-नगाड़ों के साथ-साथ आतिशबाजी भी हुई. इसके साथ ही उपाध्यक्ष, सहायक सचिव और कोषाध्यक्ष पद के लिए भी चुनाव हुआ. उपाध्यक्ष पद के लिए संजय कुमार सिंह, शाहनवाज आलम, संजीव कुमार तिवारी और राजीव कुमार चौधरी ने बाजी मारी. इसमें संजय को कुल 133 वोट मिले वहीं शहनवाज को 114, संजीव को 112 और राजीव को कुल 94 वोट मिले.

महासचिव सतीश कुमार को 118 वोट मिले वहीं उनके प्रतिद्वंदी आरसी झा को 95 वोट मिले, इसके अलावा डिप्टी प्रसिडेंट पद के लिए शैलेश सिंह को 108, अरविंद पांडेय को 91 और राकेश कुमार को 15 वोट मिले. सहायक सचिव पद के लिए अजय चौधरी को 141, नितेश राज 59 और श्याम बाबू को 52 वोट मिले. कोषाध्यक्ष पद के लिए अमोद दुबे को 127 वोट मिले.



### जीत के साथ ही बढ़ गई है जिम्मेदारी : संजीव

संजीव ने जीत का श्रेय श्रमिकों को दिया. उन्होंने कहा कि जिम्मेदारी भी बढ़ गई है. लगातार दूसरी बार अध्यक्ष चुना गया है. अब श्रमिको की खुशी सर्वोपरि है. कहा कि उद्योग है तो श्रमिक है और श्रमिक है तो उद्योग है. श्रमिकों का हित सोचना ही हमारी टीम का पहला दायित्व होगा.

**214 कमेटी मेंबरों ने किया वोट**

शनिवार को 214 कमेटी मेंबर में से 69 निर्विरोध हुए थे. जिसमें 145 सीटों के लिए 349 उम्मीदवार मैदान में थे. देर रात 145 सीटों पर रिजल्ट आया जिसमें बाद रविवार को 214 कमेटी मेंबरों ने यूनियन पदों के लिए वोट किया. इसमें संजीव चौधरी निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए.

## कृषि भूमि को नहीं देने वाले ग्रामीणों को नोटिस

संवाददाता। चाईबासा



जब एनएच 75 ई चाईबासा बायपास सड़क निर्माण के लिए 14 जनवरी को जारी विज्ञापन में तोलगोईसाई मौजा का उल्लेख ही नहीं, तो फिर जिला राजस्व पदाधिकारी के कार्यालय से ग्रामीणों को नोटिस जारी करने का क्या औचित्य है. यह अधिकारियों का मनमानी है.

रविवार को तोलगोईसई मौजा मुंडा मधु पुरती की अध्यक्षता में आयोजित ग्रामसभा में झारखंड अभियान के मुख्य संयोजक सन्नी सिंकु ने कहा, ग्रामसभा द्वारा बहुफसली कृषि भूमि को नहीं देने की आपत्ति करने वाले वैसे ग्रामीणों के नाम से भी नोटिस जारी हुई है. जिसका विरोध हम लगातार कर रहे हैं. झारखंड पुनरूत्थान अभियान के इस विरोध की जानकारी ट्वीट पर सीएम चंपई सोरेन, राज्यपाल और डीसी पश्चिमी सिंहभूम को भी दी गयी है. पांचवीं अनुसूची क्षेत्रों में राज्यपाल को आदिवासी मूलवासियों की भूमि की रक्षा के लिए विनियम बनाने का संवैधानिक अधिकार है. इसके बावजूद जमीन हड़पने की साजिश हो रही है. बैठक को महेंद्र पूर्ति, मधु पूर्ति, अमृत मांझी, रियांस सामड, शैली सिंकु, अरिल सिंकु, पप्पू पडेया, सुनीता पूर्ति, चिता पूर्ति ने भी संबोधित किया. ग्रामसभा की बैठक में सैकड़ों ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित थे.

## सुशील झा फिर चुने गए अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष

**गोड्डा।** जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव का परिणाम घोषित कर दिया गया. संघ के महासचिव के तौर पर योगेश चंद्र झा ने लगातार छठी बार चुनाव जीत कर एक कीर्तिमान स्थापित कर दिया है. अध्यक्ष के रूप में सुशील झा ने भी पांचवीं बार अध्यक्ष की कुर्सी पर काबिज होकर रिकॉर्ड बनाया. चुनाव में कुल 398 अधिवक्ताओं ने मतदान में हिस्सा लिया था. चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद महासचिव के तौर पर योगेश चंद्र झा को कुल 233 मत मिले जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाले श्यामल किशोर ठाकुर को मात्र 87 मत मिले. कोषाध्यक्ष के पद पर दिवाकर यादव दोबारा अपनी कुर्सी बचाने में कामयाब रहे.

## एनटीपीसी के बनहरदी कोल ब्लॉक को जमीन नहीं देंगे ग्रामीण

ग्रामसभा में जान देंगे जमीन नहीं देंगे से गूंजी सबानो के लोगों की आवाज

- ग्रामीणों ने जल, जंगल जमीन बचाने का लिया संकल्प
- ग्रामीणों का आरोप- एनटीपीसी दे रहा है तरह-तरह के प्रलोभन

आशीष टैगोर। लातेहार



सदर प्रखंड के ग्राम सबानो गांव रविवार को जान देगें, जमीन नहीं देगें के नारों से गूज गया. मौका था ग्रामसभा का. ग्राम प्रधान टुना उरांव की अध्यक्षता में इस ग्रामसभा में ग्रामीणों ने एक स्वर से एनटीपीसी को बनहरदी कोल ब्लॉक के लिए जमीन नहीं देने का निर्णय लिया. कहा गया कि वन अधिकार अधिनियम 2005 के तहत बनहरदी परियोजना के लिए वन भूमि एवं गैर मजरुआ भूमि किसी भी सूरत में नहीं दी जाएगी. क्षेत्र में कोल परियोजना खुलने से ग्रामीणों को समस्याओं से गुजरना पड़ेगा. सबसे पहले तो उन्हें विस्थापन झेलना पड़ेगा. ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा. कोयला उत्खनन व परिवहन से उड़ने वाली धूल से फसल मारी जाएगी. पानी दूषित होगा. लोगों को श्वांस संबंधी बीमारियां होंगी.

बैठक में कहा गया कि एनटीपीसी के द्वारा ग्रामीणों को कई प्रकार का प्रलोभन दिया जा रहा है. लेकिन ग्रामीण प्रलोभन में नहीं आएंगे. एक स्वर में जल जंगल व जमीन को बचाने का संकल्प लिया गया. ग्रामीणों ने एनटीपीसी के खिलाफ जम कर नारेबाजी की. ग्रामसभा में वार्ड सदस्य मनोज असुर, आदित्य यादव, वन समिति अध्यक्ष रामलीला उरांव व सचिव धर्मदेव उरांव, मनोज यादव, दिनेश यादव, विजय यादव, सुदामा भुईयां, मुकेश यादव, सोहन महली, सुजीत उरांव, मोनिका उरांव, ललिता उरांव, सुनीता उरांव, प्रमिला अगरिया, कमलनाथ अगरिया, शिवकुमार उरांव, शिबू अगरिया व जीतू अगरिया आदि मौजूद थे.

**दो टूक** बोकारो में झारखंड में कांग्रेस सरकार बनाने को लेकर बोले कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश

# सिर्फ 2024 लोकसभा चुनाव के लिए ही है इंडिया गठबंधन

संवाददाता। रांची/बोकारो

बंगाल और पंजाब में इंडिया गठबंधन को लेकर अभी तक बात नहीं बनी है. वहीं, यूपी में भी फिलहाल गठबंधन को लेकर बात अभी चल रही है. इस बीच बोकारो में कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बड़ा दावा किया. उन्होंने कहा, इंडिया गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनाव 2024 के लिए ही बनाया गया है, जिसमें कुछ दिन पहले तक 28 पार्टियां थी और अब एक पार्टी (जदयू) पलटी मार कर वापस एनडीए में चली गयी है. अब इंडिया गठबंधन में 27 पार्टियां हैं. झारखंड विधानसभा में भी कांग्रेस गठबंधन की सरकार में हैं, लेकिन एक दिन कांग्रेस अपनी ताकत से झारखंड में भी स्वतंत्र सरकार बनाएगी.

### भाजपा पर निशाना साधा



कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि रविवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा का 22वां दिन है. उन्होंने कहा, सांसद राहुल गांधी धनबाद से बोकारो आ पहुंचे हैं. राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा और अब भारत जोड़ो न्याय यात्रा में भी कह रहे हैं कि बीजेपी-आरएसएस तोड़ती है और कांग्रेस जोड़ती है. मैं कहता हूं बीजेपी बेचती है और कांग्रेस बचाती है. उन्होंने कहा, मोदी सरकार के समय में सभी सार्वजनिक कारखानों पर खतरा है. हमारे देश में पब्लिक सेक्टर बोकारो जैसे कारखाने न केवल आर्थिक महत्व रखते हैं, बल्कि इनका सामाजिक महत्व भी होता है. जो लोग कांग्रेस से उनके 70 साल का हिसाब पूछते हैं, उन्हें बोकारो आना चाहिए.

## अन्याय के खिलाफ न्याय की स्थापना जरूरी: कन्हैया



**रांची/बोकारो ।** कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने कहा है कि अन्याय के खिलाफ न्याय की स्थापना जरूरी है. यही कारण है कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा जरूरी है. राहुल गांधी जब भारत जोड़ो यात्रा पर निकले, तो उन्होंने पाया कि हर वर्ग के साथ अन्याय हो रहा है. कन्हैया कुमार रविवार को बोकारो के जायका हैपनिंग्स में मीडिया से बातचीत कर रहे थे. उन्होंने कहा कि हमने झारखंड में पेसा कानून की बात की. सरना कोड की बात की. यहां के पब्लिक सेक्टर को जिस तरह से बेचा जा रहा है, उसको बचाने की बात की गई.

### संविधान ने नागरिकों को जो अधिकार दिया है, उसे बचाकर रहेंगे

कन्हैया कुमार ने कहा कि संविधान ने जो नागरिकों को जो अधिकार दिया है, उसको बचा कर रहेंगे. कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर तरह-तरह से हमले हो रहे हैं. कहीं हमला किया जा रहा है. तो कहीं पोस्टर फाड़ा जा रहा है. लेकिन, हमारा कमिटमेंट है कि देश के 140 करोड़ लोगों के लिए न्याय स्थापित कर रहे हैं.

### वर्तमान केंद्र सरकार सबके अधिकार छीन रही है

कन्हैया ने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार सबके अधिकार छीन रही है. राहुल गांधी जहां भी जा रहे हैं वहां के मुद्दों की ही बात कर रहे हैं. गरीब, किसान, दलितों, महिलाओं के हक की बात करते हैं. पीएम और अडाणी के संबंधों पर भी तंज कसा. कहा कि मोदी और अडाणी के बीच यह संबंध है कि तुम मुझे चंदा दो, मैं तुम्हें धंधा दूंगा. कांग्रेस ने निजी संस्थानों का सरकारीकरण किया, ताकि लोगों को लाभ मिले. वहीं, मोदी सरकारी संस्थानों को निजी संस्थानों में तब्दील करने में जुटे हैं.

## आईआईटी की छत से कूदकर प्रोफेसर की पत्नी ने दी जान

संवाददाता। धनबाद

धनबाद आइआइटी आइएसएम में कार्यरत प्रोफेसर पवन सिंह की पत्नी शिल्पी सिंह ने रविवार की दोपहर अपने ब्लॉक की छत से कूद कर जान दे दी. पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया. यूडी केस दर्ज कर छानबीन शुरू की गई है. सोमवार को शिल्पी के परिजन भोपाल से आएंगे, इसके बाद उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा.

सिक्यूरिटी हेड राम मनोहर सिंह ने बताया कि 12.30 बजे की वारदात है. ए टावर के रहने वाले प्रो. पवन सिंह की पत्नी शिल्पी का शव नीचे पड़ा था और इससे पूर्व आवाज सुनाई दी. लोगों ने टावर की छत पर देखा कि 15वें फ्लोर पर शिल्पी का चप्पल पड़ा था, जबकि वे खुद 8वें फ्लोर पर परिवार के साथ रहती थीं. माना जा रहा है कि अवसाद में आकर उन्होंने जान दे दी. 10 सालों से उनका रांची से इलाज चल रहा था. परिवार में 11 साल बेटा है. वारदात के समय बेटा और पति घर पर नहीं थे. पवन सिंह सेविंग कराने निकले थे और बेटा साइकिलिंग कर रहा था. दूसरे प्रोफेसर ने उन्हें फोन कर घटना की जानकारी दी. फिलहाल यूडी केस दर्ज किया गया है. आगे की छानबीन के बाद अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी.

### खास बातें

- मैकेनिकल विभाग में प्रोफेसर हैं पवन, पत्नी डिप्रेशन में थीं
- ब्लॉक के 15वें के तल्ले से कूदी मौके पर ही हो गई मौत

## जेल का ताला टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद के नारे गुंजायमान रहे

# अपने हजारों समर्थकों के साथ सभा स्थल पहुंचे हरेंद्र चौहान

संवाददाता। धनबाद

झारखंड मुक्ति मोर्चा के 52वें स्थापना दिवस के अवसर पर झामुमो के बाघमारा प्रखंड के वरीय उपाध्यक्ष हरेंद्र चौहान अपने हजारों समर्थकों के साथ गोल्फ ग्राउंड पहुंचे. इस दौरान हरेंद्र चौहान गाजे बाजे के साथ एक रैली निकाल कर सभा स्थल तक पहुंचे. हरेंद्र के समर्थकों ने पूरे रास्ते नारेबाजी कर अपनी एकता का परिचय दिया है. समर्थकों द्वारा... जेल का ताला टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद के नारे लगाए गए . हरेंद्र की रैली लोयाबाद से शुरू होकर शक्ति चौक, तेतुलमारी, भूली होते हुए





धनबाद के निरीक्षण भवन पहुंची. निरीक्षण भवन से सभी समर्थक पैदल ही नारे लगाते हुए गाजे बाजे के साथ सभा स्थल गोल्फ ग्राउंड पहुंचे. मौके पर हरेंद्र चौहान ने कहा कि झामुमो का स्थापना दिवस हम सभी के लिए एक त्यौहार है और त्योहार को हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाता है. बेशक इस त्यौहार में हमारे नेता आदरणीय हेमंत सोरेन नहीं है, लेकिन उनका हौसला हम सब के साथ हैं . झामुमो के कार्यकर्ता आदरणीय हेमंत दा की लड़ाई को जारी रखेंगे. भाजपा के कुत्सित मंसूबे को झारखंड की जनता कभी पूरा होने नहीं देगी. आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा को अपने करतूतों की सजा जनता द्वारा दी जाएगी. हरेंद्र ने कहा कि केंद्रीय एजेंसियां क्यों नहीं भाजपा के उस विधायक को जेल में डालती हैं जिसपर चार दर्जन से ज्यादा मुकदमे दर्ज है. केंद्रीय एजेंसियों को चाहिए कि भाजपा के वैसे विधायक के आय की जांच करें. आज झामुमो स्थापना दिवस एतिहासिक हो रहा है . हमारे नए मुख्यमंत्री माननीय चंपई सोरेन जी पहली बार शपथ लेने के बाद धनबाद की धरती पर आएंगे उनका स्वागत है अभिनंदन है.

## शेख गुड्डू ने विस चुनाव लड़ने का भरा दंभ

# गृह क्षेत्र में ताकते रहे जलेश्वर नहीं रुका राहुल का काफिला



संवाददाता। महुदा (कतरास)

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा कांग्रेस प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो के गृहक्षेत्र महुदा में नहीं रुकी, जो इलाके में चर्चा का विषय बना रहा है . लालबंगला से महुदा मोड़ तक लोग सड़क किनारे राहुल गांधी के स्वागत में खड़े रहे. बावजूद राहुल का काफिला नहीं रुका. इसका कारण कम भीड़ तथा कुव्यवस्था बताया जाता है. और तो और महुदा मोड़ स्थित बिनोद बिहारी महतो के आदमकद प्रतिमा को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए सजाया गया था, प्रतिमा स्थल पर भी लोग राहुल इंतजार करते रह गये, लेकिन जलेश्वर महतो के इलाके में भीड़ कम में रहने के कारण जलेश्वर ताकते रह गए और राहुल गांधी का काफिला बोकारो के लिए रवाना हो गया. इससे लोगों में काफी मायूसी देखीं गई . इसके अलावा आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका कर्मचारी संघ के लोग अपनी कुछ मांगों से संबधित राहुल गांधी को आवेदन सौपने के लिए प्रतिमा स्थल खड़े थे. लेकिन उन्हें भी मायूसी हाथ लगी, काफिला को नजरों से ओझल होते देख काफी नाराजगी व्यक्त की.

**यात्रा में भी दिखी अंतर्कलह :** यात्रा के दौरान भी कांग्रेसियों का व जलेश्वर के अपने विधानसभा क्षेत्र में आपसी कलह भी स्पष्ट रुप से दिखी.जलेश्वर के गृह क्षेत्र में महुदा में कांग्रेस नेता गुड्डू शेख ने जगह जगह बाघमारा का भावी विधायक का फ्लेक्स बैनर व तोरणद्वार लगाकर रखा था. साथ शेख गुड्डू लगातार बाघमारा से कांग्रेस के उम्मीदवार होने का दंभ भर रहे हैं. वे इशारे इशारे में जलेश्वर के रिटायरमेंट की बात मिडिया में कह रहे हैं .जबकी जलेश्वर महतो बाघमारा विधानसभा की चुनाव कांग्रेस की टिकट पर पिछली बार लड़ चुके हैं, जिसमें उनको पुनः हार का मुंह देखना पड़ा था. इस बार फिर से जलेश्वर विधानसभा की तैयारी में लगे हैं.

ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि पार्टी व जलेश्वर महतो बाघमारा में कितनी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेंगे, इसको लेकर चर्चा का बाजार गर्म है.

### अशोक प्रकाश लाल के नेतृत्व में भीड़ देख गदगद दिखे राहुल

हालांकि धनबाद जिला उपाध्यक्ष अशोक प्रकाश लाल के नेतृत्व में बाघमारा विधानसभा इलाके कपुरीया में कांग्रेसियों की अच्छी भीड़ देखी .भीड से गदगद राहुल गांधी ने लोगों का अभिवादन किया साथ ही कुछ समय के लिए वहां काफिला जरुर रुकी बकाया राहुल गांधी ने अशोक प्रकाश लाल को अपने वाहन में बुलाकर फोटो खिंचवाई . इधर बाघमारा विधानसभा इलाके के हृदयस्थली कतरास में यात्रा का रुट नहीं निर्धारित करके महुदा करने से कांग्रेसियों में मायूसी जरुर रही जानकारी के अनुसार कतरास होकर राहुल की यात्रा करवाने की बात जिला उपाध्यक्ष अशोक प्रकाश लाल ने पार्टी फोरम में रखी थी लेकिन किस कारण यात्रा कतरास नहीं ले जाइ गई वह समझ से परे है। जबकि कतरास राहुल की यात्रा कतरास पहुंचने से पार्टी कार्यकर्ताओं व आमजनों में पार्टी के प्रति उत्साह वर्धन होती साथ ही इसका फायदा आने वाले विधानसभा व लोकसभा चुनाव में पार्टी को मिल सकती थी . ऐसी कायस लगाईं जा रही है .

## ब्रीफ खबरें

### अधिवक्ताओं ने किया राहुल का स्वागत

**धनबाद।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर रविवार को धनबाद पहुंचे कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी का धनबाद बार एसोसिएशन कार्यालय के समीप महासचिव जीतेंद्र कुमार के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने स्वागत किया. हालांकि शनिवार को ही कांग्रेस ज्वाइन किए महासचिव भी राहुल गांधी तक नहीं पहुंच सके. बहुत कम अधिवक्ता ही करीब जा सके.

### झुकाव मासस की ओर बढ़ा है : अरूप

**मैथन।** चिरकुंडा शहीद चौक के समीप रविवार को मासस युवा मोर्चा का मिलन समारोह आयोजित हुआ. समारोह की अध्यक्षता मासस नेता संतु चटर्जी ने किया. समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया गया. इस दौरान बड़ी संख्या में युवाओं ने मासस का दामन थामा. मासस में शामिल युवाओं को पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने पट्टा पहनाकर स्वागत किया. मौके पर पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि आज मासस के विचारधारा से प्रभावित होकर युवाओं का झुकाव मासस की ओर बढ़ा है.

### धनबाद बिल्डर्स एसो. की पुरानी कमेटी का विस्तार

**धनबाद।** धनबाद बिल्डर्स एसोसिएशन का वार्षिक बैठक लेमन चिली हीरक रोड में विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई. जिसमें सर्वसम्मति से पुरानी कमेटी पर विश्वास कर आगे 2024-2029 तक बढ़ाया गया.धनबाद बिल्डर एसोसिएसन का एक सोविनियर निकालने पर विचार हुआ. इसमें ग्राहकों को सुविधा के लिया सभी प्रोजेक्ट का व्यू और प्रॉजेक्ट के बारे में जानकारी दी जाएगी. अगर कोई ग्राहक हमारे मेंबर से फ्लैट खरीदता है और किसी प्रकार की परेशानी आती है तो डीबीए उसे दूर करने की कोशिश करेगा.

### मारपीट व जान मारने तीधमकी, प्राथमिकी

**कतरास।** बीसीसीएल एरिया चार के बुट्टू बाबू बंगला मे संचालित मां अंबे माइनिंग आउटसोर्सिंग कंपनी के सहायक प्रबंधक ने मोदीडीह का रहने वाला पंकज यादव पर जान से मारने की धमकी देने व मारपीट करने की लिखित शिकायत रामकनाली ओपी पुलिस को दी है. शिकायत में लिखा है कि पंकज यादव बिना अनुमति के आउटसोर्सिंग के उत्खनन क्षेत्र में प्रवेश कर कोयला उठाव के कार्य को रोक दिया और जबरदस्ती कोयला 33 नंबर डंप में गिराने को कहा. इस क्रम में पंकज द्वारा मेरे सुपरवाइजर के साथ मारपीट की गयी.

## राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का 22 वां दिन, धनबाद में जोरदार स्वागत

# झारखंड की स्टील इंडस्ट्रीज मोदी अपने दोस्तों को थमा देंगे : राहुल

रंजीत कुमार सिंह। धनबाद

राहुल गांधी ने कहा कि वे देश में नफरत और हिंसा फैलाने वाले लोगों के खिलाफ एक लड़ाई लड़ रहे हैं, उनको अपनी मोहब्बत से शिकस्त देना है. जिसमें उन्हें कामयाबी मिल चुकी है. राहुल गांधी बैंक मोड़ पर लोगों को संबोधित करते हुए ये बातें कही. न्होंने कहा कि यात्रा में न्याय शब्द जोड़ने का कारण है कि देश के चंद लोगों को पूरे देश की पूंजी थमाई जा रही है. जीएसटी और नोटबंदी के कारण बेरोजगारी फैली है

**युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया:** राहुल गांधी ने कहा कि मोदी और बीजेपी ने युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है. उसी के खिलाफ ये यात्रा है. पब्लिक सेक्टर यूनिट जनता की है. झारखंड में जो दो-तीन स्टील इंडस्ट्रीज हैं, बोकारो आदि को भी मोदी अपने अरबपति दोस्तों को थमा देंगे. इसके खिलाफ हम खड़े हैं. कहा कि झारखंड के आदिवासी भाई-बहनों के जल, जमीन और जंगल की रक्षा कांग्रेसी करते आए हैं और आगे भी करते रहेंगे. आदिवासियों की शिक्षा, सेहत और रोजगार के लिए चौबीस घंटे काम करेंगे. सभा के बाद उनका काफिला धनबाद शहर से निकल गया. इस दौरान धनबाद के कांग्रेसियों के अलावा महिला कांग्रेस की टीम भी उनके साथ नजर आई.

**कहीं फूलों से लादा गया तो कहीं जिंदाबाद के नारे:** इससे पहुले राहुल गांधी को कहीं फूलों से लादा गया तो कहीं जिंदाबाद के नारे लगे, सड़कों पर पहले ही जमा हजारों की भीड़ राहुल का इंतजार कर रही थी.कभी हाथ हिला कर अभिवादन करते तो कभी कार्यकर्ताओं की गर्मजोशी का इस्तकबाल करते. कहीं गले मिलकर राहुल का उत्साह बढ़ाया तो कहीं राहुल ने वाहन से उतर लोगों से मुलाकात की, इसी तरह उनका काफिला धीरे-धीरे धनबाद की सरहद से गुजरता हुआ बोकारो कूच कर गया. पूर्वी टुंडी के हलकट्टा में शनिवार की रात गुजारने के बाद सुबह करीब साढ़े सात बजे राहुल गांधी का काफिला धनबाद शहर की तरफ निकला. इससे पूर्व ही गांधी का साथ देने के लिए कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं की फौज खड़ी थी. यहां से निकलने के बाद राहुल गांधी का काफिला गोविंदपुर टुंडी मार्ग से होता हुआ गोविंदपुर पहुंचा. इसके बाद गोविंदपुर से भुइफोड़ होते हुए रघुकुल स्टीलगेट पहुंचा. जहां उनका स्वागत किया गया. इसके काफिला धनबाद शहर में प्रवेश कर गया. आइएसएम गेट से होते हुए रणधीर वर्मा चौक पहुंचा.




- अग्नि प्रभावित गोधर काली बस्ती में रुके और लोगों की समस्याओं से हुए रू-ब-रू हुए
- यात्रा के गुजरने वाले मार्ग पर राहुल की झलक पाने के लिए सुबह से ही लोगों की भीड़ रही

## पहले जनता से मुलाकात, फिर सेल्फी

- इंतजार में खड़ी जनता को ज्यादा महत्व दिया और नेताओं को मायूस होना पड़ा

**धनबाद।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान बैंकमोड़ बिरसा मुंडा चौक के पास कुछ कांग्रेसी नेता राहुल गांधी के साथ सेल्फी लेने के लिए आगे बढ़े, लेकिन राहुल ने उन्हें रोक दिया. कहा कि जनता खड़ी है, पहले उनसे मुलाकात हो जाए फिर सेल्फी लेना-देना चलेगा. राहुल ने यात्रा की खबर पाकर पहुंची भीड़ को अधिक महत्व दिया और फिर वहां अपना संबोधन शुरू कर दिया. राहुल गांधी के संबोधन के बाद वहां से काफिला आगे बढ़ गया. जो नेता सेल्फी लेने के लिए आगे बढ़े थे, उन्हें काफी मायूसी हाथ लगी और मुंह लटका कर आगे चल दिए. इसके साथ ही कांग्रेसी की महिला टीम को भी मायूसी हाथ लगी. वे लोग भी राहुल के साथ सेल्फी आदि का प्रयास कर नाकाम रहीं.



### बार एसोसिएशन का बैनर लगाने का विरोध

**धनबाद।** राहुल गांधी का स्वागत धनबाद बार एसोसिएशन के सामने मुख्य सड़क पर महासचिव जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में 20-25 की संख्या में अधिवक्ताओं ने स्वागत किया. इस दौरान एक युवा महिला अधिवक्ता ने राहुल गांधी से मिलने की इच्छा जताई, जिसे राहुल गांधी ने गले भी लगाया. हालांकि अन्य कोई भी अधिवक्ता या शनिवार को ही कांग्रेस ज्वाइन किए स्वयं महासचिव भी राहुल गांधी तक नहीं पहुंच सके.

**सोशल मीडिया पर बहस:** धनबाद बार एसोसिएशन के महासचिव जितेंद्र कुमार द्वारा कांग्रेस ज्वाइन करने और इसके बाद बार एसोसिएशन के गेट के समीप बैनर लगाकर राहुल गांधी का स्वागत करने को लेकर धनबाद बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं के बीच विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तरह-तरह की बातें चल रही है. अधिवक्ताओं ने इस बात पर नाराजगी जताई है कि जो बैनर बनाया गया, उसमें धनबाद बार एसोसिएशन लिखा गया, जबकि धनबाद बार एसोसिएशन के सभी अधिवक्ता कांग्रेस और उसकी नीतियों से सहमत नहीं हैं. अधिवक्ताओं में इस बात को लेकर आक्रोशित है कि महासचिव ने कांग्रेस की सदस्यता ली है, तो वह निजी स्तर पर उनका सम्मान करने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन उनके सम्मान में लगाए गए बैनर में धनबाद बार एसोसिएशन के नाम का उपयोग करना कहीं से उचित नहीं है.

### महिला अधिवक्ता ने गले लग कर किया राहुल का अभिवादन

**धनबाद।** इससे पूर्व रणधीर वर्मा चौक पर धनबाद के कई अधिवक्ता राहुल की आगवानी के लिए खड़े दिखे. इनमें बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार सहाय, महासचिव जितेंद्र सिंह, अनवर शमीम, अर्चना कुमारी आदि थे. जबकि एक महिला अधिवक्ता ने वाहन पर बैठे राहुल को गले लगा कर अभिवादन किया और नफरत के खिलाफ मोहब्बत की दुकान को ऐसे ही आगे बढ़ाने की बात कही.

## नवविवाहिता ने की आत्महत्या

**संवाददाता। सिंदरी :** सिंदरी के आरएमफोर 755 - 56 निवासी टोटो चालक चंदन कुमार की नवविवाहिता सलोनी देवी ने रविवार की दोपहर लगभग तीन बजे अपने घर में फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली. चंदन की शादी विगत 3 जून 2023 को नालंदा जिले के कैला गांव के सलोनी कुमारी से हुई थी.पति चंदन कुमार ने बताया कि पिता कपिलदेव प्रसाद और उसकी बड़ी भाभी सहित बच्चे रविवार की सुबह पश्चिम बंगाल के जयचण्डी पहाड़ तीर्थाटन के लिए गए थे.पत्नी को खाना बनाकर रखने की बात कही गई थी. वह लोगों को वापस घर लाने के लिए टोटो से दोपहर दो बजे घर से निकले थे. वापसी में देखा कि घर अंदर से बंद है. खिड़की से देखने पर पता चला कि सलोनी एफसीआई आवास के बाहर बने एक्सटेंशन कमरे में छत पर लगे पाइप से नायलॉन रस्सी के सहारे झूल रही थी.पीछे के खुले दरवाजे से प्रवेश कर उसने सलोनी को रस्सी से उतारा. उसने बताया कि सलोनी शिथिल हो गई थी. इसकी सूचना बलियापुर पुलिस को दी गई. सूचना के आधार पर पहुंची बलियापुर पुलिस के एएसआई अयोध्या सिंह ने बताया कि प्रथमदृष्टया आत्महत्या का मामला है. शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया गया है. उन्होंने बताया कि सलोनी के मायकेवालों को सूचना दी गई है. उनके आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी. पोस्टमार्टम रिपोर्ट या मृतका के मायकेवालों की ओर से कोई लिखित शिकायत आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. हालांकि स्थानीय लोगों ने बताया कि सलोनी जिद्दी प्रवृति की महिला थी.

## ढुल्लू के करीबी सहित बार एसो. के महासचिव कांग्रेस में शामिल



संवाददाता। कतरास

बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के करीबी रहे पार्षद प्रतिनिधि मासूम खान और बार एसोसिएशन के महासचिव जितेंद्र कुमार सिंह रविवार कांग्रेस प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो की उपस्थिति में कांग्रेस में शामिल हो गए . इससे पूर्व मासूम व जितेंद्र सिंह छाताबाद से अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ बाइक रैली निकाल कर विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा में महुदा में भाग लिया . मासूम खान ने कहा कि आज देश का एकता अखंडता एवं संप्रभुता खतरे में है. भाजपा हिन्दू मुस्लिम मंदिर मस्जिद का राजनीति कर रही है. देश में अमन पसंद नागरिक भयभीत है.मैं कांग्रेस पार्टी से जुड़कर राहुल गांधी के देश बचाओ मुहिम का हिस्सा बनना चाहता हूं ताकि देश में एकता और अखंडता संप्रभुता बची रहे. वहीं बार एसोसिएशन के महासचिव जितेंद्र कुमार ने कहा कि एक तानाशाही व्यवस्था पूरे देश में तेजी से पांव फैला रही है. इस तानाशाही के खिलाफ लोगों को एकजुट होने की आवश्यकता है. राहुल गांधी के न्याय यात्रा से पूरे भारत में एक अलग अलख जगी है. कांग्रेस 2024 में मजबूती के साथ आएगी. कांग्रेसी ही देश चला सकती है.

## परेशानी | सुबह 5 बजे से रात 10 बजे तक यात्री और राहगीर करते हैं दिक्कतों का सामना

# धनबाद स्टेशन का प्रवेश और निकास द्वार बना अवैध ऑटो स्टैंड

संवाददाता। धनबाद

भारतीय रेलवे में सबसे अधिक कमाई करनेवाला धनबाद रेल मंडल का मुख्यालय धनबाद का हाल यह है कि धनबाद स्टेशन का प्रवेश और निकास द्वार ही अवैध ऑटो स्टैंड बना हुआ है. यातायात व्यवस्था को दुरूस्त दिखाने के लिए अक्सर विभाग के अधिकारियों की ओर से जागरूकता अभियान चलाया जाता है और मनमानी करनेवाले गिने-चुने वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई भी होती है, लेकिन धरातल पर पूरी व्यवस्था ध्वस्त नजर आ रही है. जानकारों का कहना है कि धनबाद स्टेशन के प्रवेश व निकास द्वार के सामने स्टेशन रोड पर सुबह 5 बजे से रात 10 बजे तक ऑटो-टोटो चालकों का कब्जा रहने से ट्रेन से आने-जाने वाले यात्रियों और राहगीरों को सालों भर परेशानी होती है. इसके अलावा स्टेशन रोड से होकर गुजरने वाले दूसरे वाहन चालकों को भी ऑटो-टोटो चालकों की मनमानी झेलना पड़ता है. वे लोग भी जाम का सामना करते हैं. जिसके वजह से स्टेशन रोड से बैंकमोड़ तक पांच मिनट की बजाय आधे घंटे में पहुंचना पड़ता है. ऐसा नहीं है कि रेलवे या ट्रैफिक विभाग के अधिकारी नहीं जानते हैं. अधिकारियों को जब स्टेशन रोड से गुजरना पड़ता है तो प्रवेश व निकास द्वार के सामने स्टेशन रोड पर एक भी ऑटो-टोटो अवैध ढंग से खड़ा नहीं होता है.



### पुलिस की तैनाती के बावजूद व्यवस्था ताक पर

राहगीरों का कहना है कि आरपीएफ-जीआरपी और ट्रैफिक पुलिस की तैनाती के बावजूद व्यवस्था ताक पर है. सभी की लापरवाही और अवैध वाहन स्टैंड के एजेंट के साथ मिलीभगत होने के कारण ही कोयलांचल वासियों को सुबह से रात तक स्टेशन रोड के जाम का शिकार होना पड़ता है. निजी वाहन चालक कहते हैं कि पहले से सड़क पर फुटपाथ दुकानदारों व ठेलेवालों का अतिक्रमण है और अलग से ऑटो चालकों की मनमानी से स्टेशन रोड से गुजरना काफी मुश्किल होता है.

### 5 हजार ऑटो-टोटो से रोजाना एक लाख की वसूली

सूत्रों के अनुसार धनबाद जिला में 25 से 30 हजार ऑटो-टोटो है, जिसमें 5 हजार रोजाना स्टेशन रोड से गुजरते हैं. हर ऑटो-टोटो से एजेंट रोजाना 20 रुपये वसूली करता है. रोजाना एक लाख की वसूली होती है. महीने में 30 लाख और एक साल में 3 करोड़ 60 लाख की वसूली होती है. कोई भी ऐसा वाहन चालक नहीं है जो एजेंट को वसूली की रकम नहीं थमाता है. रुपये नहीं देने पर एजेंट चालक के साथ मारपीट कर गाड़ी की चाबी छीन लेता है. इससे बचने के लिए वाहन चालक एजेंट को 20 रुपये देकर पिंड छुड़ा लेता है. ताकि आराम से सुबह से रात तक गाड़ी चलाते हुए सवारियों को बैठा सके. वैसे तो हर चालक को रोजाना 100 से 150 रुपये कई चौक पर एजेंटों को देना पड़ता है. रुपये नहीं देने पर वाहन में कोई न कोई कमीं बताकर वाहन जब्त कर लिया जाता है और हजारों रुपये जुर्माना ढोंक दिया जाता है. वसूली का हिस्सा नीचे से ऊपर तक बंटता है.

### ब्रीफ खबरें

#### वृद्ध का शव जंगल में फंदे से झूलता मिला

**बेंगाबाद(गिरिडीह)।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के चितमाडीह से दो दिन पूर्व लापता हुए वृद्ध श्याम सुंदर राम का शव जंगल में फांसी के फंदे से लटका हुआ पाया गया है. वृद्ध का शव उसके घर से चार किलोमीटर दूर कारिपहरी जंगल में फंदे के सहारे झूल रहा था. रविवार की दोपहर जंगल गए कुछ ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ी. जिसके बाद मामले की सूचना ग्रामीणों एवं घर वालों को दी गई. सूचना मिलते ही काफी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और मृतक की पहचान लापता वृद्ध 70 वर्षीय श्याम सुंदर राम के रूप में की गई.

#### परीक्षा शांतिपूर्ण कराने के लिए विशेष तैयारी

**पाकुड़।** 6 फरवरी से आयोजित होने वाली मैट्रिक -इंटर की परीक्षा शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त संपन्न कराने को लेकर विशेष तैयारी की गई है. केंद्राधीक्षक, दंडाधिकारी गस्ती, दंडाधिकारी, उड़नदस्ता दंडाधिकारी के साथ-साथ पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति करते हुए परीक्षा प्रारंभ की तिथि से परीक्षा समाप्ति की तिथि तक परीक्षा केंद्र के आसपास कोई अवांछित तत्व नहीं रहे, यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है.जिले में मैट्रिक व इंटर की परीक्षा के लिए कुल 31 केंद्र बनाए गए हैं.

#### ईंट गिराने को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद

**तिसरी (गिरिडीह)।** तिसरी प्रखंड के भोक्ताडीह में रविवार दोपहर को ईट गिराने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया. थाने में दिए आवेदन के अनुसार विनोद यादव अपनी जमीन पर ईट गिरा रहा था तभी पास के ही उगन यादव , सीतो यादव , रामी यादव, मनोज यादव, चिंता देवी, ममता देवी ,नीलम देवी ने विरोध करना शुरू कर दिया. आवेदन के अनुसार विनोद यादव ने कहा कि हम अपने जमीन पर ईट गिरा रहे हैं तुम लोग विरोध क्यों कर रहे हो. इसी बात को लेकर सभी गाली-गलौज करने लगे और फिर उगन यादव ने एक पत्थर उठाकर मेरे सिरे पर मार दिया.

#### पुलिस इंस्पेक्टर को दी गई विदाई

**तिसरी (गिरिडीह)।** तिसरी पुलिस इंस्पेक्टर वीरेंद्र टोप्पो को पुलिस उपाधीक्षक के पद पर प्रोन्नति मिलने और उनका तबादला होने पर तिसरी इंस्पेक्टर ऑफिस में शनिवार की शाम विदाई समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें तिसरी थाना प्रभारी प्रदीप कुमार, गांवा थाना प्रभारी सन्नी सुप्रभात, लोकाय थाना प्रभारी नागेंद्र कुमार, मनसाडीह ओपी प्रभारी अभिषेक रंजन, देवरी थाना प्रभारी सूरज कुमार और भेलवाघाटी थाना प्रभारी अवधेश कुमार समेत कई पुलिसकर्मी उपस्थित थे.

#### असराफुल टीएमसी के प्रदेश उपाध्यक्ष बने

**पाकुड़।** मो. आसराफुल शेख को ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस पार्टी के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है. ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस पार्टी के झारखंड प्रदेश कार्यालय चेशायर होम रोड रांची में झारखंड प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष फिलमोन टोप्पो ने मो. असराफुल शेख को झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है. इस मौके पर उन्होंने कहा कि झारखंड में टीएमसी को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे.ताकि 2024 में होने वाले लोक सभा व विधान सभा चुनाव में पार्टी मजबूती से पार्टी झारखंड में भागीदारी सुनिश्चित कर सके.

अपने नेता की एक झलक पाने के लिए बेताब दिखे लोग, कार्यकर्ता भी झंडे बैनर लिए खड़े थे

## दातु के देहाती होटल में राहुल गांधी ने चाय की चुस्की ली

**अनंत कुमार। बेरमो**

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी जब बोकारो से रामगढ़ की ओर कूच कर रहे थे तो अचानक पेटरवार के निकट दातु स्थित एक नामक देहाती होटल में रुक गए. होटल में उतरे और अपने साथियों के साथ चाय की चुस्की ली और बिस्किट का भी आनंद लिया. इस संबंध में होटल मालिक ने मुकेश कुमार ने बताया कि यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि देश के राष्ट्रीय नेता हमारे होटल में रुककर चाय पी. इस बात का अंदाजा पहले से नहीं था, यदि पहले से पता होता कि वे हमारे होटल में रुकने वाले हैं तो उनके स्वागत में और कुछ कर सकता था.



#### दो हजार की चाय-बिस्किट

होटल के मैनेजर अशोक बेदिया ने बताया कि बीस मिनट पहले न्याय यात्रा से जुड़े लोग होटल पहुंचे और कहा कि राहुल गांधी यहां चाय पियेंगे. सुरक्षा में लगे लोग भी पहुंचे और सुरक्षा का जायजा लिया. कुछ देर में काफिला होटल पहुंचा. राहुल गांधी ने उनसे हाथ मिलाया और होटल कैसा चल रहा है पूछा. उन्होंने बताया कि राहुल गांधी से मिलकर आनंदित हैं. कभी सोचा भी नहीं था कि इतनी आसानी से वे राहुल गांधी से मिल सकते हैं. होटल के अन्य स्टाफ से भी हाथ मिलाया और हालचाल पूछा .वह करीब आधा घंटे तक रुके थे. टीम के सदस्यों ने करीब दो हजार रुपये का चाय और बिस्किट खाया. पेटरवार चौक पर बड़ी संख्या में राहुल गांधी की एक झलक पाने के लिए लोग बेताब दिखे. यहां सिपीएआई के नेता और कार्यकर्ता भी झंडा बैनर के साथ स्वागत में थे.

नये सदर एसडीपीओ ने संभाला पदभार

## विधि-व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता होगी : विनोद रवानी

**संवाददाता। गिरिडीह**





गिरिडीह सदर एसडीपीओ के रूप में पदस्थापित विनोद कुमार रवानी ने रविवार को पदभार संभाला. निवर्तमान एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह से उन्होंने प्रभार लिया. इसके बाद अनिल सिंह ने विनोद कुमार रवानी को बुके देकर बधाई दी. इस दौरान विनोद कुमार रवानी ने पत्रकारों से कहा कि सदर अनुमंडल क्षेत्र में विधि-व्यवस्था स्थापित करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी. इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार का गैर कानूनी काम नहीं चलने दिया जायेगा. गैर कानूनी काम करने वालों और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी. रवानी ने कहा कि वरीय पदाधिकारीयों द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन किया जायेगा. इधर जेएमएम नेता अजीत कुमार पप्पू, महमूद अली खान, आजाद खान, प्रतोष कुमार सहित कई नेताओं ने उन्हें बधाई दी है.

सड़क किनारे लगे थे बैनर, होर्डिंग्स और कटआउट

# बोकारो में राहुल गांधी का जोरदार स्वागत,बरसे फूल

**संवाददाता। बोकारो**

- ✓ जयराम रमेश मीडिया से मुखातिब हुए, मोदी को निशाने पर लिया
- ✓ इंडिया गठबंधन के सभी घटकों से जुड़ने का आह्वान
- ✓ 16 को यात्रा यूपी में प्रवेश करेगी, कांग्रेस अखिलेश यादव को आमंत्रित करेगी



राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा रविवार को धनबाद के रास्ते बोकारो पहुंची. यहां राहुल गांधी का जोरदार स्वागत किया गया. इस दौरान बोकारो जिले के प्रवेश द्वार तेलमोच्चो में कांग्रेसियों ने पुष्प वर्षा कर जोरदार तरीके से स्वागत किया. राहुल गांधी तेलमच्चो चास होते हुए बोकारो पहुंचे. इस दौरान जगह जगह आम लोगों सहित कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। भारत जोड़ो न्याय यात्रा का पूरा मार्ग ही पार्टी के झंडे, बैनर, होर्डिंग एवं कटआउट से पटे पड़े थे. वहीं राहुल गांधी के इस न्याययात्रा में कांग्रेसियों के साथ साथ आमलोगों में राहुल की झलक पाने की बेताबी दिखी. इस दौरान जगह जगह लोगों का हुजूम भी उमड़ता दिखा. राहुल गांधी के साथ झारखंड प्रदेश कॉंग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी चल रहे थे.

#### जयराम ने मणिपुर के बहाने मोदी पर साधा निशाना



यात्रा के मध्य में बोकारो में मीडिया प्रभारी पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश ने मीडिया से मुखातिब होते हुए इस यात्रा से इंडिया गठबन्धन के सभी घटक दलों को जुड़ने के आह्वान करते हुए कहा कि आगामी 16 फरवरी को यात्रा उत्तरप्रदेश में प्रवेश करेगी. उसके पूर्व कांग्रेस अखिलेश यादव को न्याय यात्रा में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित करेगी. उन्होंने मणिपुर के बहाने प्रधानमंत्री पर हमला करते हुए कहा कि मणिपुर के मुख्यमंत्री के दिल्ली में होने के बाबजूद उनसे नही मिलना बताता है कि मणिपुर को लेकर उनके क्या विचार है.

#### कन्हैया कुमार ने लगाया देश बेचने का आरोप



प्रेसवार्ता में मौजूद कन्हैया कुमार ने अपने पुराने अंदाज में मौजूदा केंद्र सरकार पर देश बेचने का आरोप मढ़ते हुए कहा कि देश के पीएम इस न्याय यात्रा से डरे हुए हैं. इस दौरान नयामोड़, सिवनडीह, बालीडीह, जैनामोड़, बहादुरपुर, दांतू, पेटरवार होकर यह न्याय यात्रा रामगढ़ जिले में प्रवेश कर गयी. जैनामोड़ में राहुल गांधी ने खुले वाहन से ही खड़े खड़े बाबा तिलका मांझी को नमन किया. इस दौरान बेरमो विधानसभा क्षेत्र की शुरुआत टांड़ बालीडीह से बहादुरपुर तक सैकड़ों बैनर, होर्डिंग्स, कटआउट लगाए गए थे. राहुल गांधी की न्याय यात्रा जिन रास्तों से गुजरी, हर जगह हजारों लोग सड़क किनारे पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया.

पाकुड़ जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने मामले को संज्ञान में लिया

## राहत के लिए टीम पहुंची पाकुड़िया

**संवाददाता। पाकुड़**

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ बालकृष्ण तिवारी के निर्देश पर पीड़ित को लाभ दिलाने के लिए संज्ञान लिया गया. बाल कृष्ण तिवारी के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के सचिव अजय कुमार गुड़िया के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की गठित टीम पीड़िता की राहत के लिए पाकुड़िया पहुंची. मालूम हो कि पाकुड़ जिले के पाकुड़िया प्रखंड के पलासी गांव में 29 जनवरी को मां मिली लेट अपनी चार वर्षीय पुत्री नेहा लेट के साथ आत्महत्या कर ली थी. जिसकी सूचना प्राधिकार को अखबार के माध्यम से मिली. घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार की गठित टीम के पीएलवी सदस्य पाकुड़िया पहुंच कर मामले की विस्तार से ली.



**खास बातें**

- 29 जनवरी को मां ने बेटी के साथ की थी आत्महत्या
- दुर्घटना में पिता की मौत पहले ही हो चुकी है

जानकारी के अनुसार मिली लेट की 8 वर्षीय बेटी किरण (पिता स्व सुजीत लेट) ग्राम पलासी पंचायत बन्नोग्राम प्रखंड पाकुड़िया जिला पाकुड़ की रहने वाली है. किरण लेट अपने पिता को पहले ही दुर्घटना में खो चुकी है. अनाथ हुए किरण लेट का राशन कार्ड में नाम नहीं है. जिसे जुड़वाने तथा किरण लेट की निःशूल्क शिक्षा की व्यवस्था करने तथा उसके पिता की दुर्घटना में हुई मौत का उचित मुआवजा दिलवाने के लिए प्राधिकार की ओर से अंचल पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को अग्रेसित करते हुए पत्र के माध्यम से उसकी जरुरी सुविधाओं को पूरा करने का निर्देश दिया है.

#### रनियांटांड़ का नहीं हुआ विकास : राजेश

**बेंगाबाद(गिरिडीह)।** कई वर्ष पूर्व प्रशासन द्वारा गोद लिए गए बेंगाबाद के रनियांटांड़ गांव का विकास आज तक नहीं हुआ. इस गांव के ग्रामीण आज भी मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे हैं. यह बातें भाकपा माले नेता सह सिदो कान्हू जन संघर्ष मंच के संरक्षक राजेश यादव ने रविवार को रनियांटांड़ में आयोजित ग्रामीणों की एक बैठक में कही. उन्होंने कहा कि जब गोद लिए गांव का ऐसी स्थिति है तो अन्य गांवों में विकास की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है. बैठक में राजेश यादव ने कहा कि आज तक गरीबों को जाति-कौम-मजहब में बांटकर उनका वोट हथियाने वाले लोग जनता का भला कभी नहीं कर सकते हैं.

## आडवाणी ने कई आदर्श स्थापित किये हैं : लक्ष्मण प्रसाद सिंह

**संवाददाता। धनवार (गिरिडीह)**

पूर्व आईजी सह भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री और बीजेपी के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से नवाजा गया है, यह पूरे देश के लिए गर्व की बात है. उन्होंने कहा कि आडवाणी ने अपने जीवन में लगातार कई आदर्श स्थापित किये. भारत में राम मंदिर के लिए उनके संघर्ष को हमेशा याद किया जाएगा. आज भारतीय जनता पार्टी इतनी बड़ी पार्टी बनी है, उसमें उनका विशेष योगदान रहा है. वे हमेशा देश की एकता और अखंडता के लिए प्रतिबद्ध रहे. आज उन्हें भारत रत्न दिया गया. इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पूरे कैबिनेट को धन्यवाद देते हैं.



**खास बात**

- आडवाणी के संघर्ष को हमेशा याद रखा जाएगा

## गोमिया वासियों को जल्द मिलेगा कोनार नदी का पानी : चंद्रप्रकाश

**संवाददाता। बेरमो**

गोमिया एवं पलिहारी गुरुडीह पंचायत की सीमा पर स्थित पानी टंकी के समीप रविवार को डीएमएफटी मद से लगभग साढ़े चार करोड़ रुपए की लागत से पेयजलापूर्ति योजना का शिलान्यास सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक डा लंबोदर महतो, जिप अध्यक्ष सुनीता देवी, जिप सदस्य डा सुरेंद्र राज, प्रमुख प्रमिला चौड़े, पलिहारी मुखिया सपना कुमारी एवं गोमिया मुखिया बलराम रजक ने किया. इस अवसर पर गोमिया डाक बंगला में एक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि उनके और विधायक डॉ. लंबोदर महतो जब भी गोमिया क्षेत्र में आते थे, तो लोग पानी की समस्या से निजात दिलाने की मांग करते थे. लेकिन अब इस समस्या से क्षेत्र के लोगों को जल्द ही निजात मिलेगी.



#### पेयजल जरूर उपलब्ध कराउंगा

विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने कहा कि जब वे विधायक नहीं थे, उस समय भी गोमिया आते थे, तो लोग पानी की समस्या से अवगत कराते रहते थे. उसी समय ठान लिया कि क्षेत्र में कोनार नदी से पेयजलापूर्ति जरूर कराऊंगा. इसी प्रकार क्षेत्र में पानी की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री, विभागीय मंत्री एवं पदाधिकारियों से कई बार मिला. वहीं इस मामले को विधानसभा के सभी सत्रों में भी उठाया. चार वर्ष की मेहनत के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से यह सपना साकार हुआ.

#### नवोदय विद्यालय में रैगिंग का मामला सामने आया

**गाण्डेय (गिरिडीह)।** विद्यालय के प्राचार्य ने बीते 29 जनवरी को 11वीं के तीन छात्रों के सस्पेंड कर दिया. जानकारी के अनुसार कक्षा 7,8 और 9 के छात्रों के साथ रेगिंग की जा रही थी. छात्रों के अभिभावक और विद्यालय प्राचार्य के साथ रविवार को बैठक हुई. मालूम हो कि 11वीं के कुछ छात्रों ने क्लास रुम में बुलाकर उन्हें डंडे से पीटा. जिससे तीन छात्र बेहोश हो गए. सीनियर छात्रों ने कहा है कि मामला विद्यालय के जूनियर छात्रों द्वार बिना सूचना के गांडेय बाजार जाने का था. जिस वजह से उन्हें डराया धमकाया गया. रविवार को जवाहर नवोदय विद्यालय गांडेय में बिरनी के प्रमुख रामू बैठा व उपप्रमुख शेखर सुमन के साथ दर्जनों पीड़ित छात्रों के अभिभावकों में आक्रोश देखा गया.

## बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने में जुटी गई है आजसू

**संवाददाता। बेंगाबाद (गिरिडीह)**

गांडेय विधानसभा क्षेत्र में आजसू के जनाधार को बढ़ाने की कवायद जोर शोर से चल रही है. संगठन विस्तार एवं बूथ स्तर पर आजसू संगठन को मजबूती प्रदान करने में आजसू के नेता व कार्यकर्ता जुटे हुए हैं. इसी कड़ी में बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र में आजसू पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता गांव गांव जाकर बूथ स्तर पर कमेटी गठित कर चूल्हा प्रमुख और ग्राम प्रभारी का चयन किया जा रहा है. रविवार को आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव अर्जुन बैठा एवं संगठन के गांडेय से आई प्रभारियों की टीम ने बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र के बेंगाबाद, फुरसोडीह, महुआर, चपुआडीह, फिटकोरिया, हरिला, छोटकी खरगडीहा, खुटरीबाद, चितमाडीह, झलकडीहा समेत अन्य गांवों का दौरा किया. इस दौरान आजसू नेताओं ने इन स्थानों पर पूर्व में गठित कमेटी का सत्यापन किया .



#### जनाधार बढ़ रहा है

मौके पर आजसू नेता अर्जुन बैठा ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर गांडेय विधानसभा में संगठन को धारदार बनाने का काम किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि गांडेय विधानसभा में आजसू का जनाधार लगातार बढ़ रहा है. इस लिए संगठन को और मजबूती देने के लिए विधानसभा क्षेत्र के हर गांव के घर घर तक कार्यकर्ता पहुंच रहे हैं. उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव में गांडेय विधानसभा क्षेत्र में आजसू अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराएगी.

**जागरूकता** हाथी पांव मुक्ति अभियान के दौरान 1 लाख 26 हजार लोगों को दवा सेवन कराने का लक्ष्य

# फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 10 से, दवा खाने में न करें संकोच

**आदित्य कुमार। गावां (गिरिडीह)**

आम तौर पर हाथी पांव के नाम से जाना जाने वाले रोग फाइलेरिया के उन्मूलन के लिये एमडीए यानी सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम 10 फरवरी से प्रखंड में शुरू होगा. प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी चंद्रमोहन कुमार ने बताया कि फाइलेरिया मुक्ति अभियान के दौरान गावां प्रखंड में 1 लाख 26 हजार लोगों को निर्धारित दवा सेवन कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. दो साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रोग से ग्रस्त लोगों को दवा नहीं खिलायी जायेगी. इस अभियान को लेकर प्रखंड में कुल 165 बूथ बनाये गये हैं. हर बूथ पर दो कर्मी सेविका व सहिया मौजूद रहेगी.

#### दवा खाने से फाइलेरिया से बच सकते हैं



फाइलेरिया के बारे में डॉ चंद्रमोहन कुमार ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम हर डेढ़ साल में एक बार चलाया जाता है. उन्होंने कहा कि इस बार 100 प्रतिशत लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य बनाया गया है. ताकि गावां प्रखंड को फाइलेरिया मुक्त बनाया जा सके. उन्होंने बताया कि फाइलेरिया के कारण हाथीपांव हो जाने के बाद इलाज नहीं है. दवा का सेवन करके ही संक्रमण से बचा जा सकता है. दवा से होने वाले संभावित रिएक्शन के बारे में कहा कि अमूमन नहीं होता है. कुछ लोगों को बुखार, उल्टी आदि हो सकती है. घबराने जैसी कोई बात नहीं. इसके बावजूद स्थिति पर नजर रखने के लिए जिला और प्रखंड स्तर पर रैपिड रिएक्शन टीम का गठन किया गया है. टीम में डॉक्टर भी शामिल रहेंगे.

#### खाली पेट नहीं खानी है दवा

चिकित्सा पदाधिकारी चंद्रमोहन कुमार ने कहा कि फाइलेरिया की दवा खाली पेट नहीं खानी चाहिए. बताया कि अलग-अलग उम्र के लिए डोज भी अलग होते हैं. दो साल से कम उम्र के बच्चों को दवा नहीं खिलायी जायेगी. दो से पांच साल तक के बच्चों को डीईसी की एक और एल्बेंडाजोल की एक गोली खिलायी जाएगी. एल्बेंडाजोल को चबा कर खाना है. छह से 14 साल के बच्चों को डीईसी की दो और एल्बेंडाजोल की एक टेबलेट दी जायेगी. वहीं 15 साल या उस से अधिक उम्र के लोगों को डीईसी की तीन और एल्बेंडाजोल की एक गोली खिलाई जायेगी.

#### घर-घर भ्रमण कर दवा खिलायेंगी सेविका व सहिया

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी चंद्रमोहन कुमार ने बताया कि अभियान के दौरान करीब 165 बूथ के कर्मी घर-घर भ्रमण करेंगे. हर दिन कम से कम 20 घरों में जाकर दवा खिलाने का लक्ष्य है. कर्मी सेविका व सहिया अपनी निगरानी में डायथाइलकार्बामाजिन (डीईसी) और एल्बेंडाजोल यानी कृमि मारने की दवा खिलायेंगे. दवा पूरी तरह सुरक्षित है. कुछ लोगों में दवा का मामूली रिएक्शन जैसे उल्टी, खुजली व बुखार हो सकता है. ठीक होने के लिये किसी खास दवा की भी जरुरत नहीं पड़ती. आधे से एक घंटे में सब कुछ नार्मल हो जाता है.

## गिरिडीह में भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया गांव चलो अभियान

**संवाददाता। गावां (गिरिडीह )**

भाजपा की ओर से गावां प्रखंड के खरसान पंचायत के नीमाडीह गांव में रविवार को गांव चलो अभियान चलाया गया. अभियान के तहत नीमाडीह में कार्यशाला आयोजित की गई. भाजपा के कार्यक्रम संयोजक अमरदीप निराला ने बताया कि लोकसभा चुनाव से पहले गांव चलो अभियान चलाया जा रहा है. इसमें प्रवासी कार्यकर्ता ग्रामीणों को सरकार के 10 वर्षों में गरीब कल्याण, महिला सशक्तीकरण, किसान सम्मान निधि योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि योजनाओं के बारे में अवगत कराया. इस दौरान गावां प्रखंड के सभी बूथों पर एक कार्यकर्ता को 24 घंटे का समय क्षेत्र की जनता के साथ बिताना पड़ेगा. साथ ही उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को अधिक से अधिक वोट देने की अपील की. मौके पर अशोक साव, गोलू यादव, मुनेश्वरी देवी, मीणा देवी, देवंती देवी, भरत सिंह, बूढ़े सिंह, डोमन सिंह, बीरेंद्र राय, बिनोद सिंह, जितेंद्र कुमार, रंजीत साव, पवन यादव, संजय यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे.



### हिंदू स्कूल के गेट के सामने के क्षेत्र पर नगर निगम के किरायेदार दुकानदारों ने जमा लिया है अवैध कब्जा

# स्कूल गेट के सामने लगते हैं वाहन, जाम से विद्यार्थी परेशान

संवाददाता। हजारीबाग

जिले के हिंदू स्कूल गेट के सामने नगर निगम के दुकानदारों ने कब्जा कर लिया है. वह गेट के सामने ही अपनी दुकानों पर आने वाले ग्राहकों की बाइक, स्कूटी या अन्य वाहन लगवा देते हैं. इससे स्कूल में आने-जाने के दौरान विद्यार्थियों को काफी परेशानी होती है. छात्रों का कहना है कि स्कूल जाने और छुट्टी के बाद निकलने के दौरान स्कूल गेट वाहनों से जाम रहता है.

हिंदू स्कूल का नाम शहर के एक बड़े स्कूल में शुमार है. यहां 500 से अधिक विद्यार्थी पठन-पाठन करते हैं. यह स्कूल 10 प्लस टू स्तर का है. ऐसे में यहां छात्राएं भी काफी संख्या में पढ़ाई करती हैं. स्कूल गेट के सामने मोटरसाइकिल या अन्य वाहन पार्किंग करने के कारण छुट्टी होने के बाद घंटों विद्यार्थियों को जाम का सामना करना पड़ता है. बता दें कि हिंदू स्कूल रोड में ज्यादातर गैराज हैं. यहां दिन भर में कई मोटरसाइकिल लगती. इसी जाम को देखते हुए पूर्व एसडीओ आदित्य रंजन के द्वारा कई बार इसे क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त भी कराया गया था. लेकिन इन दिनों वहां फिर से नगर निगम के किराये के दुकानों पर आने वाले वाले ग्राहकों की गाड़ियां मनमर्जी से कहीं भी लगवा दी जा रही हैं.


हिंदू स्कूल गेट के सामने खड़ी दर्जनभर मोटरसाइकिल और स्कूटी.

**गंभीर समस्या**

- स्कूल में प्रवेश और छुट्टी के समय होती ज्यादा परेशानी
- प्राचार्य ने कई बार किया है अनुरोध, नहीं मानते दुकानदार

स्कूल के प्राचार्य के द्वारा कई बार दुकानदारों को कहा गया, लेकिन वे लोग मानने को तैयार नहीं हैं. इस संबंध में कई छात्रों ने कहा कि सुबह और छुट्टी होने के समय वह रोड लगातार जाम हो जाता है, जिससे काफी समय हम विद्यार्थियों को जाम का सामना करना पड़ता है. जिला प्रशासन एवं नगर निगम का यह दायित्व बनता है कि दुकानदारों को हिदायत करें और स्कूल गेट के सामने वाहन लगाने पर रोक लगाएं.

# विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटा भारतीय जनतंत्र मोर्चा

संवाददाता। बड़कागांव

प्रखंड के सोनी धर्मशाला में भारतीय जनतंत्र मोर्चा के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई. अध्यक्षता नंदलाल राणा और संचालन बालदेव गंझू ने किया. बैठक में मुख्य रूप से विधानसभा चुनाव की तैयारी पर जोर दिया गया. प्रखंड कमेटी, पंचायत कमेटी और बूथ कमेटी बनाने की बात कही गयी. बैठक में भाजमो की केंद्रीय महासचिव निशि पांडेय शामिल हुईं.

उन्होंने कहा कि जमशेदपुर के विधायक सरयू राय की पार्टी भारतीय जनतंत्र मोर्चा को बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में मजबूत करने का कार्य करेंगे. यदि पार्टी का आदेश होगा, तो विधानसभा चुनाव भी लड़ा जाएगा. बैठक में मौजूद लोगों ने



निशि पांडेय का स्वागत करते हुए कार्यकर्ताओं ने कहा कि आपके हर कदम से कदम मिलाकर बड़कागांव के सभी कार्यकर्ता चलेंगे. बैठक में प्रवीण कुमार, संजय मिर्धा, शेर सिंह, महेश पाठक, राहुल चौरसिया, गौतम वर्मा, सुनील नायक, मनोज सोनी, बबलू खान, मनोज महतो, राहुल पासवान, समाजसेवी महेश सिंह राजपूत, नागेंद्र कुमार, लालचंद महतो, अनिल सोनी, अमित मेहता, आनंद कुमार मौजूद थे.

## ब्रीफ खबरें

### अवैध कोयला लदे दो ट्रैक्टरों को किया जब्त

**हजारीबाग।** बड़कागांव थाना क्षेत्र के गोंदलपुरा से अवैध कोयला लदे दो ट्रैक्टरों को पुलिस ने जब्त किया है. हालांकि, रात में अंधेरे का फायदा लेकर ट्रैक्टर चालक भागने में सफल रहा. दोनों ट्रैक्टरों को जब्त कर थाना में रखा गया है. इस संबंध में बड़कागांव थाना में कोल माइंस एक्ट तथा वन अधिनियम के तहत ट्रैक्टर मालिक, चालक और अवध तरीके से संचालित कोयला खदान के संचालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है.

### दुष्कर्म मामले में फरार चल रहा आरोपी धराया

**टाटीझरिया।** पुलिस ने दुष्कर्म के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सतीश कुमार के रूप में की गई है. उसके खिलाफ टाटाझरिया थाना में दुष्कर्म के आरोप में कांड संख्या- 46 /23 दर्ज था. गांव की ही एक युवती ने उसके खिलाफ दुष्कर्म के आरोप में मामला दर्ज करवाया था. घटना के बाद से ही वह फरार चल रहा था. इस बीच गुप्त सूचना के आधार पर उसे दबोच लिया गया. गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

### सड़वाहा में विद्यालय का ताला तोड़ कर चोरी

**चरही।** चुरचू प्रखंड की चरही पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सड़वाहा में बीती शनिवार रात अज्ञात चोरों ने कई सामानों पर हाथ साफ कर दिया. इसे लेकर विद्यालय प्रबंधन समिति ने चरही थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है. विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिलेश्वर महतो ने बताया कि रविवार सुबह विद्यालय पहुंचे, तो गेट का ताला टूटा पाया. अंदर जाने पर कार्यालय में रखे म्यूजिक सेट, पंजी, 6 क्विंटल चावल का बोरा, प्रयोगशाला सामग्री, खेलकूद सामग्री, बक्से में रखे 1400 रुपए और कार्यालय में रखे बच्चों के खेलने के सामान आदि गायब थे. इतना ही नहीं चोरों ने कागजों को भी नहीं छोड़ा.

### सीएचसी कटकमसांडी के चार कर्मी सेवानिवृत्त

**कटकमसांडी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटकमसांडी के चार स्वास्थ्य कर्मी सेवानिवृत हो गए. इनमें प्रधान लिपिक हरि नारायण राय, बुनियादी स्वास्थ्य कार्यकर्ता शंभूनाथ प्रसाद, एएनएम रुकमणी कुमारी, एएनएम लालती कुमारी सेवानिवृत्त हुईं. इनके सम्मान में रविवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. अध्यक्षता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटकमसांडी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. भूषण राणा ने की. सेवानिवृत्त कर्मचारियों के उत्तम स्वास्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की गई.

### नगर निगम का हजारीबाग झील के सुंदरीकरण का दावा फेल, अंधेरे में लें सेल्फी

# मुस्कुराइए आप हजारीबाग में हैं


**शुभम संदेश ग्राउंड रिपोर्ट**

प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग

एक पुरानी कहावत है, 'चार दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात'. यह लोकोक्ति जिले की हृदयस्थली कही जाने वाली हजारीबाग झील के संदर्भ में चरितार्थ होती दिख रही है. दरअसल, झील क्षेत्र के सुंदरीकरण के नाम पर नगर निगम और मत्स्य विभाग द्वारा लाखों रुपये खर्च किए गए थे. इसमें झील के पास पौधरोपण के साथ-साथ एलईडी लाइट लगाया गया था. वहां एक बोर्ड भी लगाया गया था, जिसमें लिखा था कि मुस्कुराइए आप हजारीबाग में हैं.

इस जगह पर प्रत्येक दिन 100 से 200 लोग सेल्फी लेते हुए दिख जाते थे. लेकिन, रखरखाव के अभाव में आज झील क्षेत्र वीरान पड़ा हुआ है. अधिकांश पौधे मृतप्राय हो गए. अधिकांश एलईडी लाइट खराब हो चुकी हैं. अब यहां पर सेल्फी लेना तो दूर, लोग खड़े रहना भी पसंद नहीं कर रहे हैं. ऐसे में नगर निगम की ओर से किए गए सुंदरीकरण के सारे दावे फेल होते दिख रहे हैं. गौरतलब हो कि कुछ महीने पहले नगर निगम और मत्स्य विभाग के द्वारा झील परिसर में एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाई गई थी. इसमें निगम के द्वारा 17 लाख की लागत से लाइटें लगाई गई थीं. लेकिन, अब झील परिसर के पास डीआईजी, आयुक्त और उपायुक्त आवास की तरफ की सभी एलईडी लाइट खराब हो चुकी हैं.

अलसुबह मॉर्निंग वॉक करते वाले लोग खास कर महिलाओं को अंधेरे के कारण टहलने में डर लगता है. इस संबंध में मॉर्निंग वॉक करनेवाले दर्जनों लोगों ने कहा कि कुछ महीने पहले नगर निगम ने जगह-जगह पर बोर्ड लगाया था कि मुस्कुराइए हजारीबाग में हैं. यहां कुछ दिनों तक लोग काफी संख्या में सेल्फी लिया करते थे. एईडी लाइट लगाई गई थी, लेकिन कुछ ही महीने में खराब हो गई है.



हजारीबाग झील परिसर में जीर्ण-शीर्ण हालत में बोर्ड, सूख चुके पौधे और झील रोड में तड़के छाया हुआ अंधेरा.

**क्षेत्र वीरान**

- झील रोड की 50% लाइटें खराब, अंधेरे में आधा झील
- 17 लाख की लागत से निगम ने लगाई थी एलईडी लाइट
- झील परिसर में हर ओर फैली गंदगी, सूख चुके हैं पेड़-पौधे

> झील परिसर में दो तरह की लाइटें लगी हुई हैं. काले पोल में मत्स्य विभाग के द्वारा लाइट लगाया गया था और सफेद पोल पर नगर निगम द्वारा पुराने लाइट की रिपेयरिंग करवाई गई थी. इसमें करीब 17 लाख रुपये खर्च हुए थे. अगर वह लाइट खराब हो चुकी है, तो बिजली मिस्त्री भेज कर उसे दिखाया जाएगा.
>
> – राज कुमार रजवार, सिटी मैनेजर

**क्या कहते हैं स्थानीय लोग और युवा**

**चंद महीने में खराब हो गई लाइट : रामेश्वर**

मॉर्निंग करने वाले में से रामेश्वर सिंह ने बताया कि आमलोंगों द्वारा भरे गए टैक्स के पैसों से नगर निगम के शहरी क्षेत्र के विकास और सुंदरीकरण कार्य में राशि खर्च करती है. लेकिन, रखरखाव के अभाव में चंद महीने पहले लगाई गईं एलईडी लाइटें खराब हो जा रही हैं. यह घोर उदासीनता को दर्शाता है. अब फिर से एक नया फंड से बनाने का तैयारी की जाएगी. अगर, नगर निगम समय रहते ही रिपेयरिंग करवा दे, तो नये फंड की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी.

**सेल्फी लेने के लिए कोई सुंदर जगह नहीं : छात्र**

कुछ स्कूली छात्रों ने बताया कि रविवार को स्कूल में छुट्टी होने के कारण घूमने के लिए झील परिसर आए थे. लेकिन यहां कोई सेल्फी की जगह नहीं दिख रही है. बच्चों ने यह भी बताया कि सोशल मीडिया पर झील में मुस्कुराइए आप हजारीबाग में हैं का बोर्ड लगा देखे थे. इसके लिए झील परिसर में घूमने आए हैं. लेकिन यहां कुछ नहीं है और ना ही कहीं फोटो खिंचवाने जैसी जगह बची है. पार्क है, तो वहां टिकट चार्ज लगता है. इसलिए सड़क किनारे ही घूम रहे हैं.

**एक तरफ की लाइट हो गई है खराब : गौरव**

स्थानीय निवासी गौरव कुमार ने बताया कि झील परिसर में लाइट तो लगी हुई है, पर एक तरफ की लाइट नहीं जलती है. नगर निगम की जिम्मेदारी बनती थी खराब लाइट की रिपेयरिंग करवा दिया जाए, लेकिन वह भी उचित नहीं समझती. उन्हें केवल नये फंड चाहिए. वहीं, धनबाद से आई एक महिला ने बताया कि हजारीबाग झील घूमने के लिए आए थे. लेकिन सेल्फी लेने वाले स्थान पर ना तो कोई पौधा है और ना ही कोई खूबसूरती बची है. निराश होकर लौट रहे हैं.

**पाइप फटने के कारण बह रहा पानी : बीके मेहता**

झील स्थित त्रिमूर्ति चौक के पास एक दुकानदार बीके मेहता ने बताया कि झील के पास रविवार को दुकान लगाते हैं, जिससे उनका परिवार चलता है. लेकिन जहां दुकान लगा रहे हैं, वहां एक सप्ताह से पानी का पाइप फटा हुआ है. सड़क पर पानी की मोटी धार बह रही है, लेकिन इसे देखने वाला कोई नहीं है. सड़क पर जलजमाव के कारण उनकी दुकान के पास ग्राहक आना पसंद नहीं कर रहे हैं.

# लक्ष्य पाने के लिए कार्य के प्रति ईमानदार रहें : धनंजय



संवाददाता। टाटीझरिया

स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट के द्वारा विवेकानंद विद्या मंदिर धरमपुर में रविवार को व्यक्तित्व निर्माण संगोष्ठी किया गया. संगोष्ठी का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गायत्री परिवार के साधक धनंजय कुमार थे. नैतिक शिक्षा पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि हमलोग जीवन को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने के लिए अपना लक्ष्य निर्धारित करते हैं, परंतु हमें अपने कार्य के प्रति ईमानदार होना आवश्यक है.

इससे देश की चारित्रिक उन्नति होगी. बाल संस्कार पर बल देते हुए मध्य विद्यालय खंभवा के प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार साव ने कहा कि बच्चों को सुसंस्कारित करने के लिए प्रारंभ से ही परिवेश देना आवश्यक है. असफलता में भी सफलता का राज छुपा होता है. यदि हम अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में संघर्षरत हैं और असफल हुए, तो कमी के कारण को ढूंढ कर सुधार करते हुए सफल हो सकते हैं.

**पाठ्येतर गतिविधि**

- विवेकानंद विद्या मंदिर में व्यक्तित्व निर्माण संगोष्ठी
- असफलता में भी छुपा होता है सफलता का राज : मुकेश

वहीं, बरकट्ठा उच्च विद्यालय के शिक्षक गुलाब कुमार ने कहा कि हम अपनी छोटी-छोटी गलतियों को सुधार कर एक आदर्श इंसान बन सकते हैं. संस्कार के बिना शिक्षा रूखी प्रतीत होती है. कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय प्रबंधक शंभू साव, प्रधानाध्यापक बबलू प्रजापति, केदार विश्वकर्मा, लखन विश्वकर्मा, हुलास साव, सुनैना, गौरव, बबली, माही, सोनाली, गुलनाज, चांदनी, रणवीर, सुशांत, अमन, सिमरन, निलेश, दीपेश समेत कई लोग उपस्थित थे.

# मांगों को लेकर 18 को रांची में विश्वकर्मा समाज का धरना



संवाददाता। इचाक

झारखंड प्रदेश राणा विश्वकर्मा समाज की इचाक प्रखंड इकाई का मंगुरा गांव में पारिवारिक सम्मेलन शनिवार को आयोजित किया गया. अध्यक्षता बेनी राणा एवं संचालन मुकेश राणा व कमलेश राणा ने किया. कार्यक्रम की शुरुआत भगवान विश्वकर्मा की चित्र पर पुष्प अर्पित, दीप प्रज्वलित एवं फूल माला पहना कर अतिथियों ने किया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राणा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि राणा समाज पूरे प्रदेश में जाग चुका है.

8 सूत्री मांगों को लेकर 18 फरवरी को रांची में आयोजित धरना प्रदर्शन में अधिक से अधिक लोग शामिल होकर अपनी मांग सरकार के समक्ष रखने का काम करेंगे. समाज की आठ सूत्री मांगों में विश्वकर्मा जयंती के दिन एक दिवसीय अवकाश, स्कूल और कॉलेज में बढ़ई की बहाली, राजनीतिक क्षेत्र में भागीदारी, राणा समाज के लिए आरा मिल, पूरे राज्य में शराबमुक्त बनाने, राणा समाज के लिए लकड़ी मुहैया कराने के अलावा अन्य मांगें शामिल हैं. जिला अध्यक्ष यदु राना ने कहा कि राणा समाज गोलबंद होकर एकजुटता का परिचय दें, तभी सरकार हमारी मांगें मानेगी.

**सामजिक सम्मेलन**

- राणा विश्वकर्मा समाज इचाक इकाई का पारिवारिक सम्मेलन
- समाज से की गई एकजुटता का परिचय देने की अपील

पूर्व रामगढ़ जिला अध्यक्ष त्रिवेणी राणा ने कहा कि हमें राजनीतिक क्षेत्र में आगे आने की जरूरत है. सम्मेलन को बृजलाल राणा, महावीर राणा, निर्मल राणा, उमेश राणा, मनोरमा राणा, देवनारायण राणा, अनिल राणा ने भी संबोधित किया. मौके पर राहुल राणा, राजेंद्र राणा, महादेव राणा, उदय राणा, सोना राणा, राजेंद्र राणा, आरती देवी, मीना देवी आदि मौजूद थीं.

# 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों को वनभोज कर दी विदाई



संवाददाता। हजारीबाग

मंडई कला स्थित इंदिरा गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में दसवीं कक्षा की परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई. विद्यालय के निदेशक बिपिन कुमार सिन्हा और प्राचार्या वीणा प्रसाद की पहल पर डेमोटांड पार्क में वनभोज का आयोजन किया गया था. इसमें विद्यालय के 600 बच्चे शामिल हुए. विद्यार्थियों ने वनभोज का जमकर लुत्फ उठाया.

इसमें विद्यालय के 25 शिक्षक और 10 शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की भी भागीदारी रही. निदेशक बिपिन कुमार सिन्हा ने कहा कि वर्ष भर तो शिक्षकों और छात्रों के बीच अनुशासनिक दूरी बनी ही रहती है. छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के बीच एक पारिवारिक माहौल बनाए रखने के सोच से वनभोज का आयोजन किया. वनभोज के बाद पार्क में ही दसवीं के विद्यार्थियों को विदाई दी गयी. मौके पर शिक्षक, विद्यार्थी और शिक्षकेतर कर्मचारी भावुक हो उठे.

**विदाई समारोह**

- आईजीएमपीएस के विद्यार्थियों ने उठाया वनभोज का लुत्फ
- विदाई समारोह में भावुक हो गए शिक्षक और छात्र-छात्राएं

# शहीद अजीत सिंह को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता। चौपारण

प्रखंड की झापा पंचायत के बिशनपुर निवासी रवींद्र सिंह के बड़े पुत्र शहीद अजीत कुमार सिंह का 11वां शहादत दिवस रविवार को को दैहर मोड़ स्थित शहीद अजीत सिंह चौक पर मनाया गया. सर्वप्रथम शहीद अजीत सिंह की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई. उसके बाद प्रतिमा पर बारी बारी से माल्यार्पण किया गया.

इस दौरान एक तरफ शहीद अजीत सिंह के पिता की आंखें नम थीं, तो दूसरी तरफ देश के लिए बेटे के बलिदान पर गर्व भी था. शहीद के परिजन और ग्रामीणों ने शहीद स्मारक स्थल पर चारदीवारी और सुंदरीकरण कराने का सरकार से मांग की है.

समाजसेवी राजीव कुमार सिंह और शहीद अजीत सिंह के छोटे भाई पप्पू कुमार सिंह ने बताया कि 4 फरवरी 2013 को गिरिडीह जिला के तिसरी थाना क्षेत्र के पीरटांड़ में उग्रवादी मुठभेड़ में अजीत सिंह शहीद हो गए थे. मौके पर पूर्व विधायक रामलखन सिंह, जिप सदस्य राकेश रंजन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय, मुखिया गंदौरी दांगी, जानकी यादव, ताजपुर मुखिया प्रतिनिधि अभिमन्यु प्रसाद भगत, समाजसेवी सुरेंद्र पांडेय, चौपारण मुखिया प्रतिनिधि विनोद सिंह सहित बड़ी संख्या में सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे.



**श्रद्धांजलि सभा**

- 11वें शहादत दिवस पर प्रतिमा पर किया पुष्प अर्पित
- दैहर मोड़ स्थित प्रतिमा स्थल की सुंदरीकरण की मांग

### जमुआरी में जेपी मेमोरियल विद्या निकेतन स्कूल का उद्घाटन, नर्सरी से पांचवी तक की होगी पढ़ाई

# बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना प्राथमिकता : लक्ष्मण

संवाददाता। इचाक

प्रखंड की मंगुरा पंचायत के जमुआरी मे रविवार को जेपी मेमोरियल विद्या निकेतन स्कूल का उद्घाटन किया गया. विद्यालय के संचालक की माता बजनी देवी ने फीता काट कर शुभारंभ किया गया. सीबीएसई बोर्ड द्वारा संचालित इस विद्यालय में नर्सरी से पांचवी तक की शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से एवं नयी शिक्षा नीति 2020 के तहत संचालित होगी. विद्यालय के संस्थापक लक्ष्मण किशोर मेहता ने बताया कि हमारे पंचायत के आस-पास कोई भी विद्यालय सीबीएसई बोर्ड द्वारा संचालित नहीं होने के कारण यहां के नौनिहालों को अन्य विद्यालयों में नामांकन हो पाना मुश्किल हो जाता था.



अपने पंचायत से दूर जाना बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों के लिए भी चुनौती भरा होता है. अब पंचायत में ही स्कूल खुल जाने से यहां के बच्चों और अभिभावकों को काफी सहूलियत होगी. उन्होंने बताया कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना एवं सर्वांगीण विकास करना विद्यालय की प्राथमिकता रहेगी. लक्ष्मण किशोर मेहता ने आगे बताया कि उन्हें 15 वर्षों का शिक्षण अनुभव रहा है. उन्होंने एमजीएम पब्लिक स्कूल डुमरौन में बतौर शिक्षक, प्रधानाध्यापक सह संस्थापक के तौर पर काम किया है.

**स्कूल शुभारंभ**

- सीबीएसई बोर्ड के अनुसार होगा स्कूल का संचालन
- अंग्रेजी माध्यम एवं नयी शिक्षा नीति के तहत शिक्षण

अपने विद्यालय के शिक्षण कार्य के बारे जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह बच्चों जांच परीक्षा ली जाएगी. इसमें बच्चों की प्रतिभा का आकलन कर उसी अनुरूप ध्यान दिया जाएगा. साथ ही अभिभावकों की गोष्ठी भी रखी जाएगी, ताकि विद्यालय को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव आ सकें. इसके अलावा बच्चों को खेल-कूद, मनोरंजन, अनुशासन के साथ संस्कार देना विद्यालय की प्राथमिकता रहेगी.

मौके पर सेवानिवृत्त शिक्षक श्याम सुंदर मेहता, आदर्श इंटर कॉलेज के प्रोफेसर मनोज कुमार, मधुसूदन हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक मधुसूदन प्रसाद मेहता, झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन इचाक इकाई के अध्यक्ष अभिषेक कुमार, वार्ड सदस्य महेंद्र प्रसाद मेहता, सोनू कुमार, बेबी गिरी, कंचन कुमारी, चंपा देवी, महेंद्र प्रसाद मेहता आदि मौजूद थे.

### कान्यकुब्ज ज्योतिष ब्राह्मण समाज के मिलन समारोह में एकता पर जोर

# छड़वा डैम में मनी पहली वर्षगांठ

संवाददाता। हजारीबाग

कान्यकुब्ज ज्योतिष ब्राह्मण महासमिति, झारखंड का रविवार को छड़वा डैम में वनभोज सह सामूहिक मिलन समारोह का आयोजन किया. इस दौरान समाज की एकजुटता, सामाजिक विसंगति और समाज उत्थान पर चर्चा की गयी. इसके बाद उपस्थित लोगों ने सामूहिक भोज का लुत्फ उठाया. इसके साथ ही हुरुहुरु में कार्यालय का उद्घाटन हुआ.

समिति के प्रदेश अध्यक्ष केदार नाथ पंडा ने फीता काट कर विधिवत उद्घाटन किया. उन्होंने कहा कि समाज की एकता से ही मैं भी मजबूत रहूंगा. आप सबों के हर सुख-दुख में साथ दिया है. मुझे माला नहीं, आप सबका सहयोग चाहिए. कदम से कदम मिला कर हम चलेंगे. मैं यह माला प्रदेश के तमाम कान्यकुब्ज ज्योतिष ब्राह्मण समाज की ओर से आप सभी को समर्पित करता हूं. मौके पर रामचंद्र पांडेय, सुनील पांडेय, भृगुनंदन पांडेय, बसंत पांडेय, सुरेश तिवारी, ज्ञानंद पांडेय, भुनेश्वर पांडेय, अयोध्या पांडेय, पुरुषोत्तम पांडेय, संतन पांडेय, संतोष पांडेय, अजय पांडेय, राजेंद्र पांडेय, अरुण पांडेय, मुनीलाल पांडेय, कृष्ण पांडेय, ललन पांडेय, कन्हैया पांडेय, अनुग्रह नारायण शर्मा, प्रकाश पांडेय सहित समाज के कई लोग उपस्थित थे.





## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष**: आठवें चंद्रमा नीच का है. वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें. किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं. दुष्टजनों से बचकर रहें. दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे. आत्मविश्वास में वृद्धि होगी. लाल फूल माता दुर्गा को अर्पण करें. मंदिर में मिठाई का दान करें.

**वृषभ**: जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. कारोबार में वृद्धि के योग हैं. भाग्य का साथ रहेगा. प्रतिद्वंद्वी सक्रिय रहेंगे. भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है. प्रसन्नता रहेगी. इतर का दान करें.

**मिथुन**: मौसमी बीमारियों से बचें. आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है. महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें. वाणी पर नियंत्रण रखें. चिंता तथा तनाव बने रहेंगे. नौकरी में कार्यभार रहेगा. आपके कार्य के प्रभाव से व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा.

**कर्क**: शिक्षा में लापरवाही नुकसान देगा. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. नया कार्य करने का मन बनेगा. निवेश शुभ रहेगा. कारोबार में वृद्धि के योग हैं. नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा. पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी. अच्छे सच्चे मित्र मिलेंगे.

**सिंह**: किसी महिला से विवाद हो सकता है. व्यापार-व्यवसाय की कार्यप्रणाली में सुधार होगा. सामाजिक सेवा करने की प्रेरणा मिलेगी. मान-सम्मान मिलेगा. धन प्राप्ति सुगम होगी. चोट व रोग से बाधा की आशंका है.

**कन्या**: कारोबार से लाभ में वृद्धि के योग हैं. कोर्ट व कचहरी इत्यादि में स्थिति अनुकूल रहेगी. किसी विवाद में विजय प्राप्त हो सकती है. व्यापार में नए काम मिल सकते हैं. किसी नए कार्य की चिंता रहेगी. दुष्टजनों से बचकर रहें.

**तुला**: मशीनरी इत्यादि के प्रयोग में सावधानी रखें. शारीरिक कष्ट से बनते कामों में विघ्न हो सकता है. स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा. आय में निश्चितता रहेगी. चिंता रहेगी.

**वृश्चिक**: कोर्ट व कचहरी तथा सरकारी कार्यालयों में रुके कामों में गति आएगी. विवाद का हल हो सकता है. जीवनसाथी को भेंट व उपहार देने का अवसर प्राप्त होगा. प्रसन्नता रहेगी. पारिवारिक सहयोग मिलता रहेगा. आय में वृद्धि होगी.

**धनु**: समय शुभ है. स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. आय में वृद्धि होगी. पार्टनरों से मतभेद दूर होकर स्थिति अनुकूल बनेगी. किसी से विवाद की आशंका है. मानहानि हो सकती है, सावधान रहें.

**मकर**: दिन खुशनुमा होगा. किसी मनोरंजक यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है. विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य सफलतापूर्वक कर पाएंगे. परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी. मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा.

**कुंभ**: किसी व्यक्ति से अकारण विवाद हो सकता है. भागदौड़ के चलते स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है. लापरवाही न करें. किसी दुःखद समाचार मिलने की आशंका है. चिंता तथा तनाव रहेंगे. व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा.

**मीन**: कोई यात्रा का योग है.धर्म मे मन लगेगा. शारीरिक कष्ट की आशंका है. प्रयास सफल रहेंगे. नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी. किसी बड़े कार्य को करने की इच्छा प्रबल होगी. कारोबार अच्छा चलेगा. अपने इष्ट देवता का पूजन करें.

## पेज एक का शेष

### अपराधमुक्त झारखंड प्राथमिकता....

पुलिस अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी कि इस घटना पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर है. कई गिरफ्तारियां भी की गई हैं. अनुसंधान जारी है. इस बैठक में मुख्य सचिव एल. ख्यांगते, डीजीपी अजय कुमार सिंह, एडीजी अभियान संजय लाठकर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे उपस्थित थे.

**रांची, दुमका, धनबाद, गिरिडीह, जमशेदपुर, हजारीबाग में अपराध नियंत्रण पर विशेष ध्यान रखें:** मुख्यमंत्री ने हत्या अपराध से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि हत्या के मामलों में जरूर कमी हुई है, परंतु इनका शीघ्र उद्वेदन जरूरी है. मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रांची में विशेष निगरानी रखने की आवश्यकता है. मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रांची, दुमका, धनबाद, गिरिडीह, जमशेदपुर एवं हजारीबाग में अपराध नियंत्रण पर विशेष ध्यान रखें, क्योंकि ऐसी जगहों पर कोई अपराध होता है, तो इसका नकारात्मक असर पूरे राज्य में पड़ता है.

**पॉक्सो एक्ट जघन्य अपराध, नियंत्रण पर हो काम:** बैठक में मुख्यमंत्री ने पॉक्सो एक्ट से संबंधित जानकारी अधिकारियों से ली. अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि पॉक्सो के मामलों में भी निरंतर कमी आई है.वर्ष 2019 में 1012, वर्ष 2020 में 1236, वर्ष 2021 में 1181, वर्ष 2022 में 1180 वहीं वर्ष 2023 से अबतक 973 पोक्सो एक्ट के मामले दर्ज किए गए हैं. मुख्यमंत्री ने कहा कि पॉक्सो एक अत्यंत जघन्य अपराध है.पोक्सो के तहत दर्ज मामलों के अनुसंधान में कोई कोताही नहीं बरती जाए, यह सुनिश्चित करें.

**जेल में रहकर अपराध को बढ़ावा देने वालों पर कड़ी कार्रवाई हो :** बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी भी खबरें मिल रही हैं कि जेल के भीतर से ही कुछ अपराधी प्रवृत्ति के लोगों का गैंग राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनपर कड़ी कार्रवाई करें. मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि एटीएस में एसपी और डीएसपी की पोस्टिंग शीघ्र की जाए.

**अपराध नियंत्रण में सहायक सभी संसाधन शीघ्र खरीदें:** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपराध नियंत्रण में सहायक सभी संसाधन शीघ्र खरीदें. अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष जानकारी दी कि आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए वायरलेस उपकरणों के क्रय हेतु प्रशासनिक स्वीकृति तथा बजट उपलब्धता हेतु गृह विभाग से पत्राचार किया गया है. मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्य सचिव और डीजीपी सभी जिलों के डीसी एवं एसपी के साथ अपराध नियंत्रण को लेकर शीघ्र बैठक करें.

### हम आदिवासियों के साथ खड़े...

राहुल गांधी ने कहा कि देश का पूरा का पूरा धन दो-तीन बड़े उद्योपतियों को दिया जा रहा है. चाहे वह एयरपोर्ट हों, पोर्ट हों, इंफ्रास्टर हों, किसान की जमीन हों, ये सभी चीजें नरेंद्र मोदी अपने उद्योगपति दोस्तों के हवाले कर रहे हैं. नोटबंदी, जीएसटी लागू कर भयंकर बेरोजगारी फैला दी गई है. आज इस देश में युवा चाहें भी तो उन्हें रोजगार नहीं मिल सकता है. सारे छोटे उद्योग, पीएसयू भाजपा ने रद्द कर दिए हैं. यहां बोकारो में पीएसयू है, जितना रोजगार स्थानीय लोगों को यहां मिलना चाहिए, नहीं मिल रहा है. देश में कॉन्ट्रैक्ट मजदूरों को फैलाया जा रहा है. मैं इसके खिलाफ हूं, क्योंकि श्रमिकों के साथ अन्याय है. मजदूर, किसान, युवा सबके खिलाफ भाजपा सरकार आर्थिक के साथ-साथ सामाजिक अन्याय कर रही है.

**आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों के साथ हो रहा अन्याय :** राहुल गांधी ने कहा कि आदिवासियों की जमीन छीनी जा रही है. जल-जगंल-जमीन का उनको अपना हक नहीं दिया जा रहा. दलितों को दबाया जा रहा है. पिछड़ों की उपेक्षा की जा रही है. इस अन्याय के खिलाफ भारत जोड़ो न्याय यात्रा है. उन्होंने कहा कि अपनी यात्रा के दौरान रोज 7-8 घंटे वह आम लोगों, किसानों, मजदूरों और युवाओं से रूबरू होते हैं. ये लोग काफी परेशान हैं, लेकिन केंद्र सरकार को इनकी तनिक भी चिंता नहीं है. राहुल ने भीड़ में मौजूद मजदूर को अपनी गाड़ी पर बुला कर कॉन्ट्रैक्ट मजदूरों के दर्द और परेशानियों को जाना. इससे पहले नयामोड़, सिवनडीह, बालीडीह, जैनामोड़, बहादुरपुर, दांतू, पेटरवार होकर यह न्याय यात्रा रामगढ़ जिले में प्रवेश कर गयी. जैनामोड़ में राहुल गांधी ने खुले वाहन से ही खड़े खड़े बाबा तिलका मांझी को नमन किया. इस दौरान बेरमो विधानसभा क्षेत्र की शुरुआत टांड बालीडीह से बहादुरपुर तक सैकड़ों बैनर, होर्डिंग्स, कटआउट लगाए गए थे.

---

झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम ने सुप्रीमो शिबू सोरेन से मोरहाबादी स्थित उनके आवास में की मुलाकात, कहा-

# सरकार को कोई खतरा नहीं, समर्थन में करेंगे वोट

संवाददाता। रांची

झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम ने साफ कर दिया है कि वे विश्वास मत के दौरान अपनी ही पार्टी के पक्ष में वोट करेंगे. सरकार को किसी भी तरह का खतरा नहीं है. रविवार को वे मीडिया से बातचीत कर रहे थे. उन्होंने कहा कि वे चंपई सरकार के साथ खड़े हैं. इससे पहले लोबिन हेंब्रम ने झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन से मोरहाबादी स्थित उनके आवास में मुलाकात की. जानकारी के अनुसार, लोबिन ने शिबू सोरेन के साथ वर्तमान राजनीतिक हालात पर भी चर्चा की. लोबिन के इस बयान के तमाम कयासों को विराम लग गया है.



**ग्राम पंचायतें हो रही हैं कमजोर :** लोबिन हेंब्रम ने कहा है ग्राम पंचायत कमजोर हो रही है. सरकार पेसा कानून लागू करे. आदिवासियों और मूलवासियों की जमीन लूटी जा रही है. पेसा एक्ट झारखंडियों का मूल कवच है. इसे भी लागू किया जाना चाहिए.झारखंड में शराबबंदी होनी चाहिए. गुरुजी सारे मजहब के लोगों को शराब से दूर रहने की नसीहत देते रहे हैं. बिहार में भी शराब बैन है. लोबिन हेम्ब्रम ने आगे कहा कि जितनी जल्द हो, झारखंड में भी शराबबंदी लागू होना चाहिए.

**खास बातें**

- ग्राम पंचायत कमजोर हो रही है, सरकार पेसा कानून लागू करे
- जितना जल्द हो सके, झारखंड में भी लागू हो शराबबंदी

**विस्थापन आयोग का हो गठन :** लोबिन हेंब्रम ने कहा कि झारखंड में विस्थापन आयोग का गठन हो. आज भी काफी संख्या में लोग विस्थापन का दंश झेल रहे हैं. उन्होंने आदिवासी-मूलवासी की जमीन की खरीद-बिक्री मामलों के लिए स्पेशल कोर्ट बनाने की भी मांग की है. एसपीटी और सीएनटी लागू नहीं हो सका. इसे ताक में रखकर जमीन का अधिग्रहण हो रहा है. ग्रामसभा के बगैर शेड्यूल एरिया में खदान चल रहे . जमीन का अधिग्रहण भी हो रहा है.

### गलत सलाहकार के चक्कर में पड़ गए थे हेमंत सोरेन

लोबिन हेंब्रम से पत्रकारों ने हेमंत सोरेन पर ईडी की कार्रवाई, उनकी गिरफ्तारी और वर्तमान राजनीतिक हालात पर सवाल किया. इस पर विधायक ने कहा कि वे अक्सर उन्हें सावधान करते रहते थे लेकिन हेमंत सोरेन गलत सलाहकार के चक्कर में पड़ गए थे. कहा कि विधायकों को क्यों हैदराबाद के रिसोर्ट भेजा गया, ये बात तो वही लोग बताएंगे.

---

### मिथिला सांस्कृतिक परिषद का चुनाव 3 को

**बोकारो।** बोकारो में प्रतिष्ठित संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद की नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर चुनाव की प्रक्रिया आमसभा की बैठक में अधिसूचना जारी होने के साथ ही शुरू हो गई. मिथिला सांस्कृतिक परिषद के सभागार में आयोजित आमसभा की पूर्व बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में रविवार को सर्वसम्मति से वर्तमान कार्यकारिणी को भंग करते हुए छह पीठासीन पदाधिकारियों के नाम अनुमोदित किए गए. पीठासीन पदाधिकारी मंडल में विजय कुमार झा (संयोजक), प्रो. जयराम झा, डॉ. डीएन मिश्रा, अनिमेष कुमार झा, समरेंद्र झा तथा प्रमोद कुमार झा शामिल हैं. 3 मार्च, 2024 को प्रातः 9 बजे से संध्या 5 बजे की अवधि में मिथिला सांस्कृतिक परिषद के परिसर में मतदान होगा और उसी दिन चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे. नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 11 फरवरी 2024 संध्या 6 बजे तक होगी.

---

अंगिका समाज के मिलन समारोह में जिला कमेटी का गठन

# अंग क्षेत्र ऐतिहासिक, ग्रंथों में भी जिक्र : डॉ मनोहर

संवाददाता । पाकुड़

झारखंड प्रदेश अंगिका समाज के स्थापना दिवस पर रविवार को पाकुड़ में मिलन समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ मनोहर कुमार, डॉ बिन्दु भूषण व डॉ निर्भय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया. अपने स्वागत भाषण डॉ मनोहर कुमार ने कहा कि अंग क्षेत्र का इतिहास अति प्राचीन है. हिंदू ग्रंथों में भी इसका जिक्र है. बाल्मीकि रामायण में कहा गया है कि त्रेता युग में अंग देश के राजा रोमपाद थे, जो राजा दशरथ के मित्र थे.

द्वापर में दुर्योधन ने अपने मित्र कर्ण को अंग देश का राजा बनाया था, जिसकी राजधानी भागलपुर थी. भागलपुर का कर्णगढ़ इसका प्रमाण है. प्रदेश उपाध्यक्ष भागीरथ तिवारी ने कहा कि 7वीं सदी में वामन जयादित्य रचित ग्रंथ "काशिका वृत्ति" में भी उल्लेख है कि भारत के 16 महाजनपदों में से एक अंग महाजन पद था, जिसकी प्रचलित भाषा आंगी थी.

बौद्ध ग्रंथ ललित विस्तार में 64 लिपियों की सूची में अंग लिपि चतुर्थ स्थान पर अंकित है. 16 महाजनपदों के मानचित्र में भी अंग देश अंकित है. इतनी प्राचीन भाषा होने के वावजूद अंगिका को केन्द्र सरकार ने आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं किया है. झारखंड सरकार ने भी इस दिशा में कोई पहल नहीं की है.जबकि बिहार से अलग होने के बाद झारखंड का संपूर्ण संथाल परगना प्रमंडल अंग क्षेत्र में पड़ता है. इसके साथ ही झारखंड के ज्यादातर जिलों में अंगिका क्षेत्र के लोग फैले हुए हैं.



**कई समाज सेवक अंगिका समाज रत्न से सम्मानित**

इस मौके पर अंगिका समाज पाकुड़ की ओर से समाज सेवा से जुड़े डॉ. बिन्दु भूषण, डॉ निर्भय कुमार सिंह, भागीरथ तिवारी, जवाहर कुमार सिंह, डॉ श्रीमोहन सिंह व मोहन रजक को अंगिका समाज रत्न से सम्मानित किया गया. समारोह में अंगिका समाज की पाकुडु जिला तदर्थ समिति की घोषणा की गई. समिति में संरक्षक डॉ बिन्दु भूषण, सहसंरक्षक धर्मेन्द्र सिंह, अध्यक्ष डॉ मनोहर कुमार, उपाध्यक्ष अंबोज कुमार वर्मा, अशोक प्रसाद, गंगाधर मिश्र व दिनेश मंडल, महासचिव विभाष मिश्रा, हिसाबी राय व कृपासिन्धु बच्चन, सचिव संजय कुमार शुक्ला, सहसचिव राजेश चौधरी, अजय कुमार झा, भोपाल यादव व राजीव झा, कोषाध्यक्ष कैलाश झा, सह कोषाध्यक्ष मिथिलेश त्रिवेदी, संगठन महासचिव डॉ अमरेन्द्र सिन्हा, संगठन सचिव धर्मेन्द्र तिवारी, संगठन सह सचिव रितेश पाण्डेय, संजय कुमार साह, भोला सिंह, हीरा केवट, मीडिया प्रभारी मनोज चौबे, सह मिडिया प्रभारी- संजय कुमार साह व प्रवक्ता विनय कुमार सिंह को बनाया गया.

---

सैकड़ों युवाओं ने आजसू का थामा दामन, सुदेश महतो ने कहा-

# युवाओं में राज्य की तकदीर बदलने की क्षमता

संवाददाता । रांची

कांके स्थित आवसीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह के दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री व आजसू अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि राज्य की राजनीति में सकारात्मक बदलाव के लिए युवाओं की भागीदारी आवश्यक है. युवाओं में राज्य की तकदीर बदलने और इसे सवारने की क्षमता है. बस जरूरत हैं इन्हें सार्वजनिक मंच प्रदान करने का. आजसू पार्टी जनता की सेवा करने और युवाओं को राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का एक सशक्त मंच है. मिलन समारोह में पार्टी के केंद्रीय सदस्य राजू नायक के नेतृत्व में रांची के सैकड़ों युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की. पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में संदीप राम, अजीत महली, दीपक गोप, रमेश कुमार साहू, सुनील साहू,



ऋतिक महली, निखिल राम, रवि महतो, कर्मा राम, राजेश लोहरा, शिवा साहू, बबलू राम, विशाल बराईक समेत कई युवा शामिल हैं.

**राजनीति में युवाओं का आगमन शुभ संकेत :** सुदेश कुमार महतो ने कहा कि राजनीति में युवाओं का आगमन राज्य की उन्नति के लिए शुभ संकेत है. आजसू पार्टी में युवा जोश और वरिष्ठ नेताओं के अनुभव का अनुकूल समावेश है. राज्य सरकार ने युवाओं को नियुक्ति के नाम पर ठगा है. राज्य के युवा सत्ता बदलाव के लिए आतुर हैं. युवा शक्ति के सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा की जिम्मेदारी हमारी है. इसके लिए हम लगातार कार्य कर रहे हैं. हमने युवाओं के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ी है और आगे भी लड़ेंगे.

**खास बात**

- राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का एक सशक्त मंच है आजसू

### मंगलहाट नया बस्ती में कार से बम बरामद

**साहिबगंज।** राजमहल थाना क्षेत्र के मंगलहाट नया बस्ती में रविवार को पुलिस ने एक कार से बम बरामद किया. पुलिस सूत्रों की जानकारी के अनुसार मंगलहाट नया बस्ती निवासी लक्ष्मी नारायण मंडल ने अपने कार में दो बम होने की सूचना पुलिस को दी. पुलिस ने कार से दो बम बरामत किए. पुलिस फिलहाल वाहन मालिक और आस पास के लोगों से पूछताछ कर रही है. पुलिस ने बताया की वाहन मालिक लक्ष्मी नारायण मंडल के द्वारा ही गाड़ी में बम होने की सूचना दी गई थी. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बम बरामत किया.

## राजनीतिक तपिश के साथ बदलेगा मौसम, होगी बारिश

संवाददाता । रांची

झारखंड में राजनीतिक तपिश के साथ मौसम भी बदलेगा. उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के कारण राज्य के कई जिलों में सोमवार से बारिश होगी. इसका असर गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, रांची, रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, बोकारो, धनबाद, देवघर, जामताड़ा में देखने को मिल सकती है. मौसम विभाग ने इन जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है. वहीं मंगलवार राज्य के दक्षिण-पूर्वी, मध्य और निकटवर्ती उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के कुछ-कुछ इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है. इसका असर पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, खूंटी, रांची, रामगढ़, लोहरदगा, बोकारो, कोडरमा, हजारीबाग, गिरिडीह, धनबाद, देवघर, जामताड़ा में देखने को मिल सकता है. राज्य के उत्तरी भागों में घने कोहरे की आशंका है. इसे लेकर अलर्ट जारी किया गया है.

---

सरयू राय ने कार सेवा कर सीजीपीसी का किया सहयोग

# सीजीपीसी के संकल्प से संस्थाओं को लेनी चाहिए प्रेरणा : सरयू राय

संवाददाता। जमशेदपुर

सीजीपीसी द्वारा स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयास की प्रशंसा करते हुए पूर्वी जमशेदपुर के विधायक सरयू राय ने इस लोकोपकारी कार्य में स्वयं कार-सेवा कर अपने आप को भाग्यशाली बताया एवं अन्य संस्थाओं को सीजीपीसी के संकल्प से प्रेरणा लेने की बात कही. रविवार को सरयू राय ने सीजीपीसी के प्रधान भगवान सिंह और समस्त टीम को बधाई देते हुए सहयोग स्वरूप पेवर्स ब्लॉक और दीवार निर्माण के लिए ईंट का सहयोग देने की भी पेश की.

वे स्वयं ढलाई सामग्री ढोकर कार-सेवा कर लोकोपकारी कार्य का हिस्सा बने. इस सराहनीय कार्य पर अपनी बात कहते हुए सरयू राय ने कहा कि भगवान सिंह व उनकी टीम की अगुवाई में सीजीपीसी काफी अच्छा कार्य कर रही है. शिक्षा और अच्छे स्वास्थ से समाज सशक्त होता है और यह सुविधा देकर सीजीपीसी बहुत नेक कार्य कर रही है. इस अवसर पर प्रधान भगवान सिंह ने सरदार शैलेंद्र सिंह, महासचिव अमरजीत सिंह, सुरेन्द्र सिंह टीटू, कुलविंदर सिंह पन्नू, त्रिलोचन सिंह तोची और जोगा सिंह की उपस्थिति में सरयू राय को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया गया. प्रधान भगवान सिंह और चेयरमैन सरदार शैलेंद्र सिंह ने अप्रत्याशित सहयोग के लिए कोल्हान की सभी गुरुद्वारा कमेटियों सहित संगत का धन्यवाद ज्ञापन किया.



---

# अभ्यर्थियों की सीधी बहाली करे सरकार : अली

संवाददाता । रांची

बिहार सरकार द्वारा वर्ष 1999 में सृजित 4401 उर्दू शिक्षक के रिक्त 3712 पदों के विरुद्ध उर्दू टेट पास अभ्यर्थियों की तीन गुना कम संख्या को देखते हुए सीधी बहाली की मांग को लेकर रविवार को राज्य के विभिन्न जिलों से आए उर्दू टेट अभ्यर्थियों की मैराथन बैठक अंजुमन प्लाजा के कॉफ्रेंस हॉल में हुई.

मुख्य अतिथि के रूप शामिल हुए अल्पसंख्यक मामले के जानकार एस अली ने कहा कि सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंडी अभ्यर्थियों के साथ ज्यादती कर रही है पहले सहायक शिक्षक के पद को गलत तरीके से सहायक आचार्य बनाकर ग्रेड पे घटाकर विज्ञापन जारी करवा दिया, अब शिक्षा विभाग उर्दू सहायक शिक्षक के पद को सहायक आचार्य बनाने के लिए नियमावली अधिसूचित किया है, जो कही से भी न्याय उचित नहीं है. सरकार को मालूम होना चाहिए सहायक शिक्षक नियुक्ति नियमावली 2012 के तहत राज्य में कक्षा 1-5 एवं 6-8 के लिए करीब 800 उर्दू टेट उत्तीर्ण है. जबकि उर्दू शिक्षक के रिक्त पदों कि संख्या 3712 है, जो अभ्यर्थियों की संख्या से करीब तीन गुना अधिक है.



ऐसी स्थिति में अभ्यर्थियों कि सीधी नियुक्ति की जानी चाहिए. लेकिन ऐसा न कर 3712 उर्दू सहायक शिक्षक पदों को प्रत्यार्पित कर दुगुना 7232 पद उर्दू सहायक आचार्य के नाम से किया जा रहा जिसमें ग्रेड पे 4200 से घटाकर 2400-2800 कर दिया जायेगा. यही नहीं आचार्य शब्द रहने से उर्दू शिक्षक नाम की पहचान समाप्त हो जायेगा साथ ही नये पद में 36 फीसदी करीब 2700 पद एसटी एससी के लिए आरक्षित होगें, मालूम हो कि 4401 उर्दू शिक्षक पद के लिए चार बार निकले विज्ञापन में एसटी एससी आरक्षित 1559 पद में एक भी आवेदन प्राप्त नहीं हुई जिसे पिछड़ा एवं सामान्य वर्ग के लिए विलोपित करने कि मांग थी. शिक्षा विभाग के गलत नीतियों के कारण अभ्यर्थियों के साथ समाज में भी गुस्सा है जो विगत दिनों विभिन्न जिलों में हुई आंदोलनों से समझा जा सकता है.

---

**कार्यक्रम** मानव कल्याण व सुधार को लेकर सत्संग का आयोजन

# अपने कर्तव्य का करें पालन : संत पंकज

संवाददाता । सेन्हा / लोहरदगा

रांची के जयगुरुदेव संगत के तत्वावधान में सेन्हा की धरती में मानव दिन चरिया बदलाव को लेकर सत्संग का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में जयगुरुदेव आश्रम मथुरा के बाबा जयगुरुदेव के उत्तराधिकारी पंकज महाराज ने बताया कि जयगुरुदेव संस्था ने मानव कल्याण व सुधार को लेकर कई कार्य किए और लोगों को सत्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया है. सत्संग का आयोजन लोगरदगा के सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित संचालित राजकीय उत्क्रमित बुनियादी उच्च विद्यालय के खेल मैदान में किया गया. जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था के मुख्यालय मथुरा के संस्थाध्यक्ष संत पंकज महराज के सानिध्य में चल रहे 82 दिवसीय शाकाहार सदाचार मद्यनिषेध आध्यात्मिक जनजागरण यात्रा के चालीसवें पड़ाव में सत्संग का आयोजन सेन्हा के धरती में किया गया. सत्संग में मनुष्य के कर्तव्य और उनके मानवता पर प्रकाश डाला गया, साथ ही जनहित में कई संदेश दिए गये. कार्यक्रम की शुरुआत दोहे के साथ हुई, जिसमें कहा गया कि ''मोको कहां ढूंढे बंदे मैं तो तेरे पास में न तीर्थ में न मूर्त में मैं तो हूं विश्वास में''. दोहा के साथ मानव सुधार कार्य को लेकर अपने सीधे सरल शब्दों की सत्संग वाणियों से बाबा जयगुरुदेव के उत्तराधिकारी संत पंकज महाराज ने कहा कि करोड़ो मनुष्य को बाबा जयगुरुदेव ने कर्तव्य निर्वाह्न के प्रति जगरुक करते हुए उन्हें अपराध, बुराइयों से मुक्त कर भागवत भजन से जोड़ने का कार्य किया.



---

## तीन किमी चलकर पुलिसकर्मियों ने शव को उतारा

संवाददाता । गोड्डा

ड्यूटी पर तैनात पुलिस पदाधिकारी ने कर्तव्यनिष्ठा और मानवता का परिचय दिया. उन्होंने तीन किमी तक शव को ढोकर पहाड़ से नीचे उतारा, इसके बाद पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा. गोड्डा पुलिस की मानवता की चर्चा इलाके में काफी हो रही है. जिला के ललमटिया थाना के बड़ा सुरला पहाड़ पर एक महिला का शव मिला.

ऐसी आशंका जताई जा रही है कि महिला की हत्या कर शव को दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में फेंक दिया गया. जहां पर आवागमन का कोई रास्ता नहीं है, वहां तक सिर्फ पैदल ही जाया जा सकता है. मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल तक सब इंस्पेक्टर जितेंद्र वर्मा के नेतृत्व में पहुंची. वहां से शव को पहाड़ से नीचे लाने का कोई साधन नहीं था, ऐसे में शव को सब इंस्पेक्टर जितेंद्र वर्मा खुद वहां पहुंचे और खटिया पर शव लेकर पहाड़ से नीचे उतकर थाना तक लाने का निर्णय लिया. शव को नीचे लाने के लिए सब इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार वर्मा और एक चौकीदार ने मिलकर उसे कंधे पर टांग लिया.

इस दौरान पहाड़ी रास्तों पर तकरीबन तीन किलोमीटर पैदल खटिया पर शव लेकर जितेंद्र वर्मा व चौकीदार चलते रहे. पहाड़ से शव को लाने के बाद उसे थाना तक वाहन से ले जाया गया.



**खास बातें**

- पहाड़ी रास्तों से शव को नीचे लाने का कोई साधन नहीं था
- हत्या कर शव को फेंकने की जतायी जा रही है आशंका

# न्याय यात्रा से उपजते विचार

जैसे जैसे राहुल गांधी की भारत न्याय यात्रा में जनसमर्थन बढ़ता जा रहा है, वैसे वैसे इंडिया गठबंधन के घटक दलों में बेचैनी भी बढ़ती जा रही है. भारत न्याय यात्रा तो पहले से ही भाजपा के निशाने पर है. सवाल है कि इंडिया गठबंधन के दलों की बेचैनी का कारण क्या है? दरअसल ज्यादातर क्षेत्रीय दलों की नींव कांग्रेस से छीन कर ही बनी है. कांग्रेस की मजबूती उन्हें खतरे की घंटी तो लगती ही है. इसके साथ ही अनेक ऐसे दल और नेता इंडिया गठबंधन में शामिल हैं, जो परोक्ष तरीके से भाजपा के हितों के अनुकूल कार्य करते हैं. जैसा कि जदयू के प्रधान महासचिव केसी त्यागी ने कहा है कि उनका दल तो प्रत्यक्ष तरीके से भाजपा के साथ चला गया, लेकिन कुछ ऐसे भी दल हैं, जो हैं तो इंडिया गठबंधन में, लेकिन वे भाजपा से परोक्ष रूप से जुड़े हुए हैं. भारत की राजनीति की त्रासदी वैचारिक संघर्ष का निरंतर कमजोर होना है. राहुल गांधी बार बार वैचारिक संघर्ष की बात करते हैं, लेकिन उनके सहयोगी दलों के लिए विचार का कितना महत्व है, यह कहा नहीं जा सकता. इस तथ्य को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि भाजपा नेतृत्व सरकारी एजेंसियों का इस्तेमाल कर अपने विरोध में किसी मजबूत गठबंधन की नींव पड़ने ही नहीं देना चाहता. नीतीश कुमार के पलटी मारने के बाद परसेप्सन में इंडिया गठबंधन के समक्ष बड़ी चुनौती दरपेश है. भाजपा एक ओर जहां कमंडल और मंडल दोनों राजनीति को साधने के साथ आत्मविश्वास का परिचय दे रही है तो वहीं उसने सात ट्रिलियन इकोनॉमी का नया नारा भी पेश कर दिया है. एक ओर अयोध्या के राम मंदिर का उसे सहारा है तो वहीं आनुषंगिक संगठन ज्ञानवापी और मथुरा में भी अयोध्या दुहराने की दिशा में बढ़ रहे हैं. यानी भारत की चुनावी राजनीति उस मुकाम पर है, जहां वैचारिक तौर पर धर्मनिरपेक्षता और संविधान की प्रस्तावना में व्यक्त मूल्यों के आधार पर राजनीति में चुनावी कामयाबी की राह आसान नहीं है. राहुल गांधी अपनी यात्राओं के माध्यम से इसी वैचारिकता के आधार पर आम लोगों से सीधा संवाद की राजनीति करते हुए वैकल्पिक पटकथा लिखने का प्रयास कर रहे हैं. इसे ममता बनर्जी सहित दूसरे विपक्षी नेता दरकाने में लगे हुए हैं. ममता बनर्जी इन दिनों भाजपा से ज्यादा कांग्रेस के खिलाफ हमलावर हैं. इसका एक बड़ा कारण तो राहुल गांधी की बंगाल न्याय यात्रा में उमडी भीड़ है. राहुल गांधी बंगाल से झारखंड आ चुके हैं. मणिपुर से शुरू हुई इस यात्रा में पहली बार झारखंड में पूरा इंडिया गठबंधन एकजुट नजर आ रहा है. झारखंड के नए मुख्यमंत्री ने स्वयं राहुल की पहली जनसभा में शिरकत की और झारखंडी मूल्यों के साथ जल, जंगल जमीन के सवाल पर निडर संघर्ष का एलान भी किया. चुनावी नजरिए से इस यात्रा का अलग अलग आकलन किया जा रहा है, लेकिन इस तथ्य को नकारा नहीं जा सकता कि वर्तमान सत्ता के विरुद्ध एक नेता पूरे देश को अपनी यात्राओं से जागरूक कर रहा है.

> भारत की राजनीति की त्रासदी वैचारिक संघर्ष का निरंतर कमजोर होना है. राहुल गांधी बार बार वैचारिक संघर्ष की बात करते हैं, लेकिन उनके सहयोगी दलों के लिए विचार का कितना महत्व है, यह कहा नहीं जा सकता.

## सुभाषित

**नाभिषेको न संस्कारः सिंहस्य क्रियते मृगैः।**
**विक्रमार्जितराज्यस्य स्वयमेव मृगेंद्रता॥**

वन्य जीव शेर का राज्याभिषेक (पवित्र जल छिड़काव) तथा कतिपय कर्मकांड के संचालन के माध्यम से ताजपोशी नहीं करते, किन्तु वह अपने कौशल से ही कार्यभार और राजत्व को सहजता व सरलता से धारण कर लेता है.

# मिशन 2024: ऐसे तो हारने से रहे मोदी!

**बिहार और झारखंड में सियासी भूचाल थम गया है. बिहार में नीतीश कुमार एक बार फिर बीजेपी के साथ खड़े हो गए हैं. वहीं झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद चंपई सोरेन के हाथ में सत्ता का हस्तांतरण हो चुका है, लेकिन लोकसभा चुनाव से ठीक पहले इन बदलावों का सबसे अधिक असर इंडिया गठबंधन पर पड़ता दिखाई दे रहा है. ऐसे में सवाल खड़े हो रहे हैं कि बीजेपी आखिर किस हद तक विपक्ष को कमजोर करना चाहती है...**



• देश-काल



बृजेंद्र दुबे


कांग्रेस मुक्त भारत की बात करते-करते क्या बीजेपी विपक्ष मुक्त भारत की स्ट्रैटेजी की तरफ आगे बढ़ रही है. कांग्रेस समेत कई दूसरे विपक्षी दल सरकार पर ऐसा आरोप लगाते रहे हैं. लोकसभा चुनाव से ठीक पहले नीतीश कुमार को सिर्फ बिहार के एक नेता के तौर पर नहीं देखा जा सकता है. नीतीश कुमार वह चेहरा थे, जिन्होंने विपक्ष को एकजुट करने का प्रयास किया और उनके ही प्रयासों का नतीजा था कि इंडिया गठबंधन बना. अब जबकि नीतीश कुमार बीजेपी के साथ आ गए हैं, तो उनके ही राज्य बिहार में यह चर्चा चल रही है कि विपक्ष की बारात से बीजेपी दूल्हा लेकर चली गई. ऐसी चर्चा भले ही किसी गांव-कस्बे में हो रही है, लेकिन इसके मायने तो निकाले ही जाएंगे. चुनाव से ठीक पहले बीजेपी की ओर से विपक्षी दलों पर करारा वार किया गया है. चोट गहरी है. 400+ के टॉर्गेट के साथ बीजेपी चुनावी रणनीति तैयार कर रही है और इस रणनीति के तहत ही ऐसा लग रहा है कि वह कोई कोर कसर बाकी नहीं रखना चाहती. चुनाव से पहले वह विपक्ष को काफी कमजोर कर देना चाहती है. महाराष्ट्र और बिहार ऐसे सामने दो उदाहरण भी हैं. हालांकि झारखंड में बीजेपी अपने मकसद में कामयाब नहीं हो सकी.

पिछले लोकसभा चुनाव 2019 की बात की जाए, तो बीजेपी बिहार में 17 सीटों पर चुनाव लड़ी थी और इन सभी सीटों पर उसे जीत हासिल हुई थी. इस बार जैसे समीकरण बन रहे थे, तो उसमें विपक्ष भी यह मान रहा था कि 40 सीटों वाले राज्य में बीजेपी अपने पिछले आंकड़े से कम नहीं होगी. पिछली बार की तुलना में नुकसान बीजेपी को नहीं हो रहा था, फिर बीजेपी को नीतीश की जरूरत क्यों. बिहार के राजनीतिक माहौल को देखा जाए तो नीतीश को बीजेपी की कहीं अधिक जरूरत महसूस हो रही थी. इन सबके बीच एक बड़ा सवाल यह है कि बीजेपी राज्य की सभी सीटों पर नजर बनाए हुए है. जदयू, बीजेपी और एलजेपी पिछले चुनाव में साथ गए थे तब 39 सीटों पर कब्जा जमाया था. एक सीट पर सिर्फ एनडीए का कब्जा नहीं हो सका. अब एक बार फिर बीजेपी का मिशन बिहार 40 ऑल पर है. नीतीश साथ नहीं रहते और इंडिया गठबंधन के दूसरे साथी जिसमें आरजेडी, वामदल, कांग्रेस सभी मिल कर लड़ते तो जदयू, कांग्रेस, आरजेडी सबके खाते में सीटें जाने की संभावना रहती. अब बीजेपी की कोशिश है कि राज्य में दूसरे दलों के खाते में सीटें न जाए. उसके और उसके सहयोगियों के पास ही सीटें रहें. अब बात झारखंड की करें, तो 2019 में यहां पर उसने 14 में 12 सीटें जीती थीं. यहां तक दुमका से दिशोम गुरु शिबू सोरेन भी चुनाव हार गये थे. ले-देकर राजमहल (झामुमो) और चाईबासा (कांग्रेस) में विपक्ष जीता था. इस बार हेमंत की गिरफ्तारी से पैदा हो रही सहानुभूति का असर पड़ा, तो झारखंड में भाजपा नुकसान में रह सकती है.

कुछ ऐसा ही कुछ समय पहले महाराष्ट्र में हुआ. शिवसेना टूट चुकी थी और बीजेपी के साथ मिलकर शिंदे सरकार चला रहे थे. इसी बीच एनसीपी में भी टूट की खबर आती है और अजित पवार अपने पार्टी के सांसदों और विधायकों को लेकर बीजेपी के पास चले आते हैं. शरद पवार की एनसीपी भी टूट जाती है. अजित पवार को डिप्टी सीएम बनाया जाता है. अजित पवार जब बीजेपी के साथ आते हैं तो तब कुछ ऐसे ही सवाल उठे थे कि जब शिवसेना टूट चुकी है और पर्याप्त संख्या भी विधानसभा में है तो फिर क्या जरूरत. इसको भी समझने के लिए लोकसभा चुनाव की ओर देखना जरूरी है. साथ ही बिहार और महाराष्ट्र के साथी दल वाले कनेक्शन को भी. महाराष्ट्र और बिहार सिर्फ इन दो राज्यों से ही लोकसभा की कुल 88 सीटें आती हैं. महाराष्ट्र में शिवसेना और बीजेपी दोनों साथ मिलकर लड़े और नतीजे बेहतर रहे. सिर्फ बड़े दल ही नहीं छोटे दलों को भी बीजेपी एनडीए में शामिल करा रही है. यूपी इसका एक अच्छा उदाहरण है. बीजेपी इस राज्य में मिशन 80 में जुटी हुई है. विपक्षी दलों के गठबंधन में न आने की बात कहकर मायावती अकेले ही चुनाव में जाने का ऐलान कर चुकी हैं. कांग्रेस को समाजवादी पार्टी ने यूपी में 11 सीटें देने की घोषणा की है. वहीं कांग्रेस कम से कम 20 सीटों पर लड़ना चाहती है. गठबंधन में कौन कितनी सीटों पर लड़ेगा, इसकी अंतिम घोषणा अभी नहीं हुई है. कांग्रेस के रुख को लेकर उसके सहयोगी दलों में नाराजगी देखी जा रही है. वहीं यूपी के अलावा दूसरे राज्यों में भी बीजेपी छोटे दलों को अपने साथ ला रही है. बिहार में चिराग पासवान, जीतन राम मांझी, उपेंद्र कुशवाहा को अपने साथ रखा है. 1998 में जब एनडीए बना था, तो इसमें 24 पार्टियां शामिल हुई थीं. लेकिन कुछ पुराने साथी उससे दूर हो गए. अब एक बार फिर बीजेपी की हालिया कोशिश रंग ला रही है.

नरेंद्र मोदी फिर प्रधानमंत्री बने तो फिर देश में अगला चुनाव नहीं होगा... विपक्ष के कुछ नेता यह बात कहकर सवाल खड़ा करते हैं. हालिया बयान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का सामने आया है. ओडिशा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि यदि 2024 में मोदी दोबारा पीएम बनेंगे तो यह आम चुनाव देश का आखिरी चुनाव होगा. कांग्रेस की ओर से यह सवाल खड़े किए जा रहे हैं, वहीं इंडिया गठबंधन के भीतर ही कांग्रेस की भूमिका को लेकर सवाल खड़े किए जा रहे हैं. नीतीश कुमार की पार्टी ने भी कांग्रेस पर ही आरोप लगाया. वहीं नीतीश के अलग हो जाने के बाद अखिलेश यादव ने कहा कि कांग्रेस की भूमिका अलग होनी चाहिए. उनको पद मिलना चाहिए था. बीजेपी क्यों नहीं चाहेगी कि विपक्ष कमजोर हो. विपक्ष की चिंता करना क्या सरकार की जिम्मेदारी है. विपक्ष एकजुट रहे साथ मिलकर लड़े यह किसकी जिम्मेदारी है. विपक्ष को इस सवाल का भी जवाब खोजना चाहिए.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## नैतिकता और आदर्श

नैतिकता और आदर्श की प्रासंगिकता क्या समाप्त हो चुकी है? क्या आज के दौर में उनकी प्रासंगिकता त्वरित लाभकारी दृष्टिगोचर नहीं होती? क्या आज उनकी कोई सार्थकता नहीं रह गयी है. क्या हमें इन मूल्यों का समूल रूप से परित्याग करके समय की आवश्यकता के अनुरूप सुविधाभोगी जीवन मूल्य अपना लेने चाहिए? ऐसे सवाल प्रायः उठते रहते हैं. जवाब के लिए आप अपने दिल से पूछिए. आज सेवा, त्याग, उपकार, निष्ठा, नैतिकता का स्थान स्वार्थ, परिग्रह, कपट, ईर्ष्या, लोभ-लिप्सा आदि ने ले लिया और यही सफलता के उपाय बन कर रह गए हैं. विचारधारा के स्वार्थमय परिवर्तन से मानवीय मूल्यों के प्रति विश्वास और आस्था में कमी आई है. आज चारों ओर झूठ, कपट, भ्रष्टता का माहौल है, नैतिक बने रहना मूर्खता का पर्याय माना जाता है और अक्सर परिहास का कारण बनता है. आश्चर्य तो यह है नैतिक जीवन मूल्यों की चाहत सभी को है, किन्तु इन्हें जीवन में उतार नहीं पाते!! आज मूल्यों को अनुपयोगी मानते हुए भी सभी को अपने आसपास मित्र सम्बंधी तो सर्वांग नैतिक और मूल्य निष्ठ चाहिए. चाहे स्वयं से मूल्य निष्ठा निभे या न निभे!! हम कैसे भी हों, किन्तु हमारे आसपास की दुनिया तो हमें शान्त और सुखद ही चाहिए. यह कैसा विरोधाभास है? कर्तव्य तो मित्र निभाए और अधिकार हम भोगें. बलिदान पड़ोसी दे और लाभ हमें प्राप्त हो. सभी अनजाने ही इस स्वार्थ से ग्रस्त हो जाते हैं. सभी अपने आस पास सुखद वातावरण चाहते हैं, किन्तु सुखद वातावरण का परिणाम नहीं आता. हमें चिंतन करना पडेगा कि सुख शान्ति और प्रमोद भरा वातावरण हमें तभी प्राप्त हो सकता है, जब नैतिकताओं की महानता पर हमारी स्वयं की दृढ़ आस्था हो, अविचलित धारणा हो, हमारे पुरुषार्थ का भी योगदान हो. कोई भी नैतिक आचरणों का निरादर न करे, उनकी ज्वलंत आवश्यकता प्रतिपादित करे तभी नैतिक जीवन मूल्यों की प्रासंगिकता स्थायी रह सकती है. आज की सर्वाधिक ज्वलंत समस्या नैतिक मूल्य संकट ही है. वैज्ञानिक प्रगति, प्रौद्योगिक विकास, अर्थ प्रधानता के कारण, उस पर अनेक प्रश्न-चिह्न खडे हो गए. हर व्यक्ति कुंठा, अवसाद और हताशा में जीने के लिए विवश हो रहा है. इसके लिए हमें अपना चिंतन बदलना होगा, पुराने किंतु उन शाश्वत जीवन मूल्यों को जीवन में फिर से स्थापित करना होगा. आज चारों और अंधेरा घिर चुका है तो इसका अर्थ यह नहीं कि उसमें हम बस कुछ और तिमिर का योगदान करें! जीवन मूल्यों पर चलकर ही किसी भी व्यक्ति, परिवार, समाज एवं देश के चरित्र का निर्माण होता है. नैतिक मूल्य, मानव जीवन को स्थायित्व प्रदान करते हैं.

# युवाओं के सपनों की उड़ान की नई मंजिल

• उपलब्धि

प्रमोद भार्गव

बीते कुछ सालों में भारत ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में अनेक वैश्विक उपलब्धियां हासिल करके दुनिया को चौंकाने का काम कर दिया है. इनमें पहली बार चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचना, सूर्य के अध्ययन के लिए आदित्य-एल मिशन प्रक्षेपित करना और इसरो द्वारा ब्लैक होल के रहस्यों को खंगालने के लिए उपग्रह भेजने जैसी उपलब्धियां शामिल हैं. भविष्य में भारत अंतरिक्ष में मानव युक्त गगनयान भेजने और शुक्र ग्रह पर पर जाने की तैयारी में है. धरती और समुद्री सतह पर भी उल्लेखनीय वैज्ञानिक उपलब्धियां हासिल की हैं. बावजूद वैज्ञानिक अनुसंधानों में भारत कई देशों से पिछड़ रहा है. धन की कमी के चलते संस्थाएं और मौलिक सोच रखने वाले युवा सपने देखते ही रह जाते हैं. इसकी एक वजह निजी क्षेत्र का अनुसंधान में ज्यादा योगदान नहीं देना भी रहा है.अब 2024 के अंतरिम बजट में ऐसे प्रावधान कर दिए हैं, जो युवाओं के सपने पूरा करने में मदद करेंगे. उन्हें अब धन की कमी आड़े नहीं आएगी. शोध के लिए वे जितना चाहेंगे, ब्याज मुक्त धन मिल जाएगा. बजट में सरकार ने युवाओं के सपने साकार करने के लिए बड़ा एलान किया है. इसके अंतर्गत 50 वर्षों तक के लिए ब्याज मुक्त ऋण हेतु एक लाख करोड़ रुपये की निधि तय की गई है, इससे उभरते नवीन क्षेत्रों में अनुसंधान और आविष्कारों के लिए आर्थिक मदद दी जाएगी. इस पहल से शोध में तो तेजी आएगी ही, नए रोजगार भी विकसित होंगे. इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'जय अनुसंधान' नारे से जोड़कर देखा जा रहा है. हालांकि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत 'राष्ट्रीय शोध संस्थान' के गठन की घोषणा की थी. 2021 के बजट में इस मकसद पूर्ति के लिए 5 वर्षों में 50 हजार करोड़ रुपये खर्च भी किए जाने हैं. इस परिप्रेक्ष्य में शैक्षणिक संस्थानों के साथ मिलकर शोध के क्षेत्र में तेजी आई हुई है. इसका कारगर परिणाम हाल ही में जारी हुई उच्च शिक्षण संस्थानों की विश्वस्तरीय रैंकिंग में दिखा दी है. अब तक भारत अपनी जीडीपी का मात्र 0.65 प्रतिशत शोध पर खर्च करता रहा है. अतएव एक लाख की आबादी पर महज 26 शोधार्थी ही नए शोध कर पाते हैं, जबकि निम्न आय वाले देशों में यह अनुपात 32 और चीन में 169 एवं अमेरिका में 445 है. धन की कमी से शोध कार्य न केवल लंबे खिंचते हैं, बल्कि कभी-कभी अप्रासंगिक भी हो जाते हैं. इस नाते भारत अनुसंधान के पैमाने पर चीन और अमेरिका से तो पीछे है ही, दक्षिण अफ्रीका से भी पिछड़ा है, दक्षिण अफ्रीका में जीडीपी दर 0.8 प्रतिशत है, जो भारत से अधिक है.भारत में उच्च शिक्षा के 40 हजार से ज्यादा संस्थान हैं. इनमें से सिर्फ एक प्रतिशत में अनुसंधान होता है. इसीलिए अब तक दुनिया के 100 बेहतरीन संस्थानों में से भारत का एक भी नहीं है. शोध का अवसर नहीं मिलने के चलते ही भारत के युवा अमेरिका, जर्मनी और ब्रिटेन में पीएचडी के लिए चले जाते हैं. इनमें से अधिकतर वापस भी नहीं लौटते. पिछले साल अमेरिका में विज्ञान पढ़ने वाले विदेशी छात्रों में सबसे ज्यादा भारत के ही छात्र थे. भारत में सरकार या सरकारी संस्थाएं ही सबसे ज्यादा शोध का खर्च वहन करती हैं. जबकि अमेरिका में सरकार शोध पर सिर्फ 10 प्रतिशत और चीन में सिर्फ 16 प्रतिशत खर्च करती हैं. बाकी खर्च निजी क्षेत्र उठाता है. यदि भारत के निजी उच्च शिक्षा संस्थान शोध के क्षेत्र में खर्च की भागीदारी बढ़ा दें तो शोध का स्तर बेहतर हो सकता है. यदि ऐसा होता है तो संभव है कि भारत विज्ञान के क्षेत्र में शिखर पर पहुंच जाए. इसकी एक बड़ी वजह यह भी है कि विज्ञान के क्षेत्र में भारतीयों की रुचि अधिक है. भारत दुनिया का अकेला ऐसा देश हैं, जहां के 31 प्रतिशत विद्यार्थी विज्ञान, गणित और तकनीकी विषयों में सबसे ज्यादा रुचि लेते हैं. इसके बाद इस्राइल है जहां के 27 प्रतिशत छात्र और फिर अमेरिका आता है, जहां के 20 प्रतिशत छात्र विज्ञान, गणित और तकनीकी विषयों में रुचि लेते हैं.इसके साथ ही राज्यों में कार्यरत वैज्ञानिकों को स्वदेश लौटने पर आकर्षक पैकेज देने के प्रस्ताव दिए जा रहे हैं. बावजूद परदेस से वैज्ञानिक लौट नहीं रहे हैं. इसकी पृष्ठभूमि में एक तो वैज्ञानिकों को यह भरोसा पैदा नहीं हो रहा है कि जो प्रस्ताव दिए जा रहे हैं वे निरंतर बने रहेंगे? दूसरे नौकरशाही द्वारा कार्यप्रणाली में अड़ंगों की प्रवृत्ति भी भरोसा पैदा करने में बाधा बन रही है.

> बजट में सरकार ने युवाओं के सपने साकार करने के लिए बड़ा एलान किया है. इसके अंतर्गत 50 वर्षों तक के लिए ब्याज मुक्त ऋण हेतु एक लाख करोड़ रुपये की निधि तय की गई है, इससे उभरते नवीन क्षेत्रों में अनुसंधान और आविष्कारों के लिए आर्थिक मदद दी जाएगी. इस पहल से शोध में तो तेजी आएगी ही, नए रोजगार भी विकसित होंगे.

# पूर्ण बजट से ही साफ होगी आर्थिकी तस्वीर

• बजट

मधुरेंद्र

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा चुनाव के पहले अपना छठा बजट पेश किया, जो सही मायनों में वोट ऑन अकाउंट था. दरअसल चुनाव के कारण परंपरागत रूप से कोई भी वित्त मंत्री पूर्ण बजट पेश नहीं करता और वोटरों को ललचाने वाले कदम नहीं उठाता. श्रीमती सीतारमण ने भी ऐसा ही किया. उन्होंने भी इस परंपरा का पालन किया और रेवड़ियां बांटने की कोई कोशिश नहीं की. इसमें उन्होंने अच्छी तरह से अर्थव्यवस्था की स्थिति की व्याख्या की. उन्होंने यह भी बताया किस तरह से सरकार ने राजकोषीय घाटे को मैनेज किया और उसे लक्ष्य से भी नीचे ही रखा. पहले लक्ष्य था कि राजकोषीय घाटा कुल जीडीपी का 5.9 फीसदी हो, लेकिन सरकार के प्रयासों और टैक्स देने वालों की उदारता से राजकोषीय घाटा 5.8 फीसदी पर ही रहा. यहां पर उन करोड़ों टैक्स देने वालों का भी योगदान रहा जिनके टैक्स देने से प्रत्यक्ष कर वसूली लक्ष्य से कहीं ज्यादा रही और सरकार को अपना लक्ष्य पाने में मदद मिली. इस बजट पर चर्चा करने के लिए कुछ खास नहीं है. वित्त मंत्री ने टैक्स संबंधी पुराने अदालती मामलों को खत्म करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है. देश में लाखों ऐसे टैक्स देने वाले हैं जो पुराने विवादों में फंसे हुए हैं यानी उनकी टैक्स देनदारी पर विवाद है. ऐसे मामलों को सदा के लिए खत्म करने के लिए वित्त मंत्री ने सरकारी लेनदारी को एक सीमा तक खत्म कर दिया है जिससे वे लोग आगे टैक्स दे सकेंगे. वर्षों से चल रहे ऐसे मामलों से छुटकारा पाकर सरकार ने टैक्स देने वालों को राहत दी है.अब लोकसभा चुनाव की ओर सभी का ध्यान है. बस कुछ ही दिनों में निर्वाचन आयोग इसकी घोषणा करेगा और फिर राजनीतिक हलचल अपने चरम पर होगी. लेकिन यह सरकार कुछ ऐसा जता रही है मानो वह भविष्य के प्रति निश्चिंत है. यही कारण था कि वित्त मंत्री ने इनकम टैक्स के यथावत रहने का भी संकेत दे दिया. उन्होंने टैक्स देने वालों को ललचाने की कोई कोशिश भी नहीं की. उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि इनकम टैक्स की दरें पहले की ही तरह होंगी और उनमें बदलाव या छूट की कोई गुंजाइश नहीं है. लोकसभा चुनाव के सिर पर रहने के बावजूद इतना बड़ा कदम उठाना वाकई प्रशंसा का विषय है. उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया कि इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने में नई व्यवस्था के तहत सात लाख रुपये तक कमाने वालों पर कोई टैक्स नहीं लगेगा. यह व्यवस्था पिछले साल भी थी. इसका मतलब हुआ कि अगला बजट पेश करने में अगर वह वित्त मंत्री रहीं तो इनकम टैक्स की दरों में कोई बदलाव नहीं होगा. यहां पर एक बात उल्लेखनीय है कि भारत की अर्थव्यवस्था भले ही दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है, उसके पास अन्य पैसे वाले देशों की तुलना में टैक्स देने वाले बहुत ही कम हैं. यहां की कुल आबादी का दो प्रतिशत ही टैक्स देती है, जिसमें बहुत बड़ी तादाद वेतनभोगियों की है जो इनकम टैक्स के जाल से बच नहीं पाते हैं. अच्छा होगा कि वित्त मंत्री अगले बजट में उन लोगों को टैक्स के जाल में लाने की कोशिश करें जो अच्छा कमा रहे हैं लेकिन टैक्स नहीं दे रहे हैं. यह कठिन कार्य है और इसमें उन कृषि उत्पादकों को भी लाना होगा जो बहुत अच्छी कमाई कर रहे हैं, सरकारी सुविधाओं, सब्सिडी का भी उपभोग करते हैं लेकिन टैक्स देने के नाम पर सरकार को आंख दिखा देते हैं. ऐसे कई और वर्ग हैं, जिनकी सरकार को खोज करनी चाहिए और टैक्स का दायरा बढ़ाना चाहिए. इससे टैक्स वसूली बढ़ेगी और सरकार अन्य तरह की कल्याणकारी योजनाएं बना सकेगी तथा उन्हें कार्यान्वित कर सकेगी. अगला बजट जो जुलाई में आयेगा वह पूर्ण बजट होगा. अभी सरकारी आंकड़े अधूरे हैं और अनुमान से भरे हुए हैं. तब तक तस्वीर साफ हो जायेगी और सरकार के लिए बड़े फैसले लेना आसान होगा. वित्त मंत्री के तरकस में अभी टैक्स छूट के अलावा कई और तीर हैं जिससे जनता में खुशियां आ सकती हैं. वह चाहें तो 50,000 रुपये तक के स्टैंडर्ड डिडक्शन को बढ़ा सकती हैं, बीमा पर लगे टैक्स में कटौती कर सकती हैं, टैक्स रिटर्न देर से भरने वालों को राहत दे सकती हैं, सीनियर सिटीजन्स के ईपीएफ तथा एनपीएस पर एक सीमा के बाद लगे टैक्स को घटा सकती हैं. इस तरह के कदमों की गुंजाइश है, जिसे उठाकर वह लोगों को राहत दे सकती हैं. यह संभव अगले बजट में होगा जिसे पूर्ण बजट कहा जायेगा. उसमें वित्त मंत्री के पास काफी कुछ होगा.

> वित्त मंत्री ने टैक्स संबंधी पुराने अदालती मामलों को खत्म करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है. देश में लाखों ऐसे टैक्स देने वाले हैं जो पुराने विवादों में फंसे हुए हैं यानी उनकी टैक्स देनदारी पर विवाद है. ऐसे मामलों को सदा के लिए खत्म करने के लिए वित्त मंत्री ने सरकारी लेनदारी को एक सीमा तक खत्म कर दिया है जिससे वे लोग आगे टैक्स दे सकेंगे.

## मीडिया में अन्यत्र

# फिलिस्तीन का प्रश्न और ब्रिटेन

**ब्रिटेन** के विदेश मंत्री डेविड कैमरन ने टिप्पणी की है कि ब्रिटेन फिलिस्तीन देश को मान्यता देने पर विचार कर रहा है. यह 7 अक्टूबर के इजराइल-हमास युद्ध के बाद फिलिस्तीन के सवाल को लेकर ब्रिटिश सरकार के कम-से-कम एक हिस्से की सोच में आये बदलाव का संकेत है. इस टिप्पणी की कंजरवेटिव पार्टी के हलकों में ही आलोचना शुरू हो गयी. बाद में डाउनिंग स्ट्रीट ने कहा कि ब्रिटिश सरकार की नीति इस मुद्दे पर नहीं बदली है. इसके बावजूद, यह बहस, जिसमें अमेरिकी मीडिया में आयी ये खबरें शामिल थीं कि विदेश विभाग फिलिस्तीन देश की संभावित मान्यता के लिए विकल्पों की समीक्षा कर रहा है, बताती है कि फिलिस्तीन का सवाल बड़ी शक्तियों की राजनीतिक चर्चाओं के केंद्र में वापस आ गया है. पिछले साल के 7 अक्टूबर के पहले इजराइल, उसके अरब साझेदारों और पश्चिमी सहयोगियों ने सोचा कि वे फिलिस्तीन के सवाल को अनदेखा कर सकते हैं और नया पश्चिम एशिया बनाने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं. हमास के हमले और उसके बाद गाजा पर इजराइली आक्रमण यह दिखाते हैं कि संघर्षरत पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता के लिए फिलिस्तीन के सवाल का हल खोजा जाना अनिवार्य है. और, शांति के लिए वैश्विक मान्यता-प्राप्त और व्यावहारिक रास्तों में से एक है, दो-देश का समाधान - अंतरराष्ट्रीय मान्यता के साथ एक टिकने-में-सक्षम, स्वतंत्र, संप्रभु फिलिस्तीन देश का निर्माण. इस मामले के समाधान के लिए प्रयास करना ब्रिटेन की ऐतिहासिक जिम्मेदारी है. ब्रिटिश सरकार पहली बड़ी शक्ति थी जिसने उस्मानिया फिलिस्तीन की जमीन पर ज़ायोनिस्ट दावे को मान्यता दी थी. सन् 1917 में, पहले विश्व युद्ध के दौरान, ब्रिटिश सरकार ने 'बालफोर घोषणा' जारी की, जिसमें 'फिलिस्तीन में' यहूदी लोगों के लिए 'एक होमलैंड' के सृजन का समर्थन किया गया. इस घोषणा ने ज़ायोनिस्ट आंदोलन को बड़ा प्रोत्साहन दिया. इसने यूरोप से यहूदी प्रवास और ऐतिहासिक फिलिस्तीन (उस्मानिया और ब्रिटिश) में उनकी बस्तियों के निर्माण को बढ़ावा दिया, जिसका नतीजा 1948 में इजराइल बनने के रूप में सामने आया. सन् 1990 के दशक के शुरुआती वर्षों की ओस्लो प्रक्रिया से, पारस्परिक रूप से स्वीकार्य दो-देश वाला समाधान खोजने के कई राजनयिक प्रयास हुए, लेकिन सभी व्यर्थ थे क्योंकि फिलिस्तीन कब्जे में ही रहा. आज, पश्चिमी किनारा (वेस्ट बैंक) और पूर्वी येरुशलम में लगभग 7,00,000 यहूदी आबाद हो चुके हैं; और गाजा को इजराइल ने बर्बाद कर दिया है. **(द हिंदू)**



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

# बखान/बखार/बुखार

**रामचरितमानस** में गोस्वामी तुलसीदास का एक दोहा है-तेहि रावन कंह लघु कहसि, नर कर करसि बखान, रे कपि बर्बर खर्व खल अब जाना तव ज्ञान. प्रसंग है लंका पर आक्रमण के बाद वानरराज बालि के पुत्र अंगद रावण को समझाने के लिए उसके दरबार में पहुंचते हैं. अंगद रावण को तुच्छ बताते हैं तो रावण क्रोध में आकर कहता है- जासु चलत डोलति इमि धरनी, चढ़त मत्त गज जिमि लघु तरनी. सोइ रावन जग बिदित प्रतापी, सुनेहि न श्रवन अलीक प्रलापी. मतलब जिसके चलते समय पृथ्वी इस प्रकार हिलती है जैसे मतवाले हाथी के चढ़ते समय छोटी नाव! मैं वही जगत प्रसिद्ध प्रतापी रावण हूं. अरे झूठी बकवास करने वाले! क्या तूने मुझको कानों से कभी सुना? इसी क्रम में रावण का कथन उपर्युक्त दोहे में आया है, जिसका मतलब है-उस महान प्रतापी और जगत प्रसिद्ध रावण को तू छोटा कहता है और मनुष्य की बड़ाई करता है? अरे दुष्ट, असभ्य, तुच्छ बंदर! अब मैंने तेरा ज्ञान जान लिया. दोहे में आये बखान शब्द का अर्थ है वर्णन, कथन, प्रशंसा, गुणकीर्तन, स्तुति, बड़ाई. इसका क्रिया रूप है बखानना, मतलब वर्णन करना-ताते मैं अति अल्प बखाने, थोरहिं मंह जानिहैं सयाने. बखान जैसा ही लेकिन थोड़े से अंतर से बना शब्द है बखार. यह देशज संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. इसका मतलब है दीवार या टाटी आदि से घेर कर बनाया हुआ गोल और विस्तृत घेरा, जिसमें गांवों में अन्न रखा जाता है. यह कोठिले के आकार का होता है, पर इसके ऊपर पाट नहीं होता और यह बिल्कुल खुले मुंह का होता है. जब इस बखार का आकार छोटा होता है, तब इसे बखारी कहा जाता है. संज्ञा स्त्रीलिंग के रूप में बखारी संगीत शास्त्र में एक प्रकार की रागिनी का नाम है,जिसे कुछ लोग मालकोस राग की रागिनी मानते हैं. बुखार शब्द से तो हर कोई परिचित है. इसका मतलब है वाष्प, भाप, ज्वर, ताप, हृदय का उद्वेग, शोक, क्रोध, दुःख आदि का आवेग.

# हैलो अंकल जी, पूजा का चंदा दीजिए!

• तीर-तुक्का

आकांक्षा चौधरी



नया साल आया तो पिछले सालों की बातें दुहराने का सिलसिला चल पड़ा. जैसे मंदिरों में पूजा-पाठ कर नये साल को मंगलमय बनाने के लिए देवी-देवताओं से याचना. 22 जनवरी को तो पूरे देश पर रामनवमी महोत्सव और दीपोत्सव एक साथ अचानक छा गये. हर श्रद्धालु के घर में भगवान श्रीराम के झंडे लग गये. हजारों लाखों दीपक जगमगा उठे. गणतंत्र दिवस समारोह हमने देशभक्ति के साथ मना लिया. मतलब यह कि हमारा देश उत्सवों का देश है, जहां हर पर्व त्योहार का अपना विशिष्ट महत्व है और उसे मनाने के विशिष्ट तरीक़े हैं. फ़रवरी माह की दस्तक के साथ ही पढ़नेवालों से अधिक नहीं पढने वाले सरस्वती भक्तों की टोलियां सड़कों पर उतर आईं हैं. ये कहने को बच्चे हैं, पर सयानों के नाक-कान काटने की क्षमता रखते हैं. ये बच्चे किराने की दुकान पर, परचून की दुकान पर, दूध वाले की दुकान पर टोलियों में प्रकट होते हैं, फिर कहते हैं- "हैलो अंकल! पूजा का चंदा दीजिए !₹ मां कसम, पिक्चर ड्रामा में जो पुष्पा प्रजाति के किरदार का चरित्र चित्रण किया जाता है न, बिलकुल उसकी याद आ जाती है. मुंह से रजनीगंधा एक तरफ़ चुआते हुए, हाथ से खैनी चुनियाते हुए. एक बॉस टाइप का भाई रहता है, जिसके आस-पास तीन चार और छुट्टे भाई भी दांत निपोरते खड़े रहते हैं. अब दुकान वाले चच्चा जी कहते हैं - ₹बेटा, शाम हो गई है, कल आना. नहीं कल तो गुरुवार है, परसों आना !₹ ₹इतनी बार आएंगे अंकल, तो 1001रुपय्या से एक पैसा कम नहीं लेंगे! अबे भुखला, फ़लां दुकान का1001 रुपये का रसीद काटो तो !₹ अब चच्चा जी कहते हैं - ₹ रुको रुको, दे रहे हैं! 201 रुपइया देंगे !₹ फिर अगला कहता है - ₹ नहीं अंकल, 901 !₹ ऐसे बारगेन करते करते बात 501पर आकर फ़ाइनल हो जाती है. ₹ठीक है अंकल, परसादी खाने आइएगा !₹ इतने पर दुकान में चंदा के लेनदेन का पटाक्षेप हो जाता है. टोली आगे बढती है और चंदा मांगने के लिए चौक पर झटका चिकेन मटन शॉप पर पहुंचती है। बाज़ू में अंग्रेज़ी लीकर और वाइन शॉप भी इनकी लिस्ट में हैं. पता नहीं, इन दुकान वालों का आख़िरी बार कब सरस्वती मइया से पाला पड़ा था, पर चंदा तो पुरकस मिलता है इनसे. वैसे भी माता सरस्वती सबकी मन मति सुधार सकती हैं. झटका शॉप वाले की ईमानदारी के क्या कहने, बिना कहे ही 501रुपये बढा दिए। अंग्रेज़ी वाइन शॉप वाले ने तो मधुर मुसकान के साथ 1001 की रसीद कटवाता है और चंदा वसूली करनेवाले मां शारदे के भक्तों की टोली आगे बढ़ जाती है.

# सुकून

## इन दिनों मेरी किताब

# गीता का देवनागरी लिपि में उर्दू काव्यानुवाद



अजीत शर्मा 'आकाश'


महाभारत के युद्ध के समय मोहग्रस्त अर्जुन द्वारा युद्ध करने से मना किए जाने के कारण भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें कर्म व धर्म का ज्ञान प्रदान करने हेतु उपदेश दिये, जिन्हें ''श्रीमद्भगवद्गीता'' नामक ग्रंथ में वर्णित किया गया है. यह अमर ग्रन्थ पुरातन काल से ही भारतीय चिन्तन व अध्यात्म का महत्त्वपूर्ण प्रेरणा-स्रोत रहा है. यह धार्मिक ही नहीं, अपितु एक दार्शनिक ग्रन्थ भी है. इसका अपना अनूठा दर्शन है, जो आज के भौतिकतापरायण, मानसिक तनावों से ग्रस्त तथा जीवन के वास्तविक अर्थ की खोज में भटकते मनुष्य के लिए उतना ही प्रासंगिक है, जितना वह सहस्रों वर्षों से रहा है. 'श्रीमद्भगवद्गीता' को संक्षेप में 'गीता' कहा जाता है. अर्जुन को दिए गए गीता के ये उपदेश मानव का मनोबल बढ़ाते हैं तथा विषमतम परिस्थितियों में भी जीवन-पथ को आलोकित करते हैं. गीता में कुल 18 अध्याय और 700 श्लोक हैं. यह अद्भुत् ग्रन्थ मूलरूप से संस्कृत भाषा में रचित होने के कारण इस भाषा का ज्ञान न रखनेवाले व्यक्ति इसके अर्थ तथा मर्म को नहीं समझ पाते हैं. अतः इस प्रकार के व्यक्ति भी इस ग्रन्थ की अमर शिक्षाओं से परिचित होकर लाभान्वित हो सकें, इस उद्देश्य से हिंदी भाषा सहित विश्व की लगभग सभी महत्त्वपूर्ण भाषाओं में श्रीमद्भगवद्गीता के अनुवाद किए जा चुके हैं, जिनमें पद्यात्मक अनुवाद भी सम्मिलित हैं. लेखक एवं शायर राम चन्द्र वर्मा 'साहिल' ने श्रीमद्भगवद्गीता के संस्कृत श्लोकों के भावों तथा विचारों को उर्दू शायरी के माध्यम से व्यक्त करते हुए इसका मन्ज़ूम तर्जुमा (काव्यानुवाद) प्रस्तुत किया है, जो देवनागरी लिपि में है. इस तर्जुमे के प्रकाश में आने से धर्म और अध्यात्म की में रूचि रखनेवाले उर्दूभाषियों के लिए भी गीता का ज्ञान सुलभ हो गया है. इसके अन्तर्गत गीता के दुरूह श्लोकों का सरल एवं बोधगम्य काव्यानुवाद करने का प्रयास किया गया है. इस तर्जुमे के माध्यम से श्रीमद्भगवद्गीता को हिन्दी और उर्दू के दृष्टिकोण से देखने-समझने का प्रयास भी किया जा सकता है. पुस्तक के अन्तर्गत गीता के कुछ प्रमुख श्लोकों के उर्दू शायरी तर्जुमे के कुछ अंश इस प्रकार से हैं-'न इसे कोई काट सकता, न जला सकती है आग/न सुखा सकती हवा और न भिगो सकता है आब/ टुकड़े इसके हो न सकते, न ही घुल सकता है यह/ दाइमी है, हर जगह है और है बेऐब भी.' (बाब-2 श्लोक 23-24), 'अमल करने का ही अर्जुन हक़ मिला सबको फ़क़त/ अमल का फल पाने का लेकिन नहीं कोई हक़ मिला/ अमल के फल को भी तुम समझो नहीं ख़ुद को वज्ह/ और ना ही अमल करना तुम कभी भी छोड़ना.' (बाब-2 श्लोक 47)

आशा की जा सकती है कि गीता का यह मन्ज़ूम तर्जुमा संस्कृत न जाननेवाले या उसका कम ज्ञान रखनेवाले गीताप्रेमी उर्दूभाषियों को मूल संस्कृत पाठ को पढ़ने जैसा ही आनन्द प्रदान कर सकेगा. गीता का यह उर्दू शायरी तर्जुमा पठनीय एवं सराहनीय है.




पुस्तक : श्रीमद्भगवद्गीता (मन्ज़ूम तर्जुमा)
तर्जुमाकार : राम चन्द्र वर्मा 'साहिल'
प्रकाशक : गुफ़्तगू पब्लिकेशन, प्रयागराज
मूल्य - 200 रुपए

## मोटिवेशन



डॉ कुमार संजय
शिक्षाविद

### इंटरव्यू में छंटने की वजह हैं हमारी कुछ लापरवाहियां

# कम बोलिए, सटीक बोलिए

*मुझे कई इंटरव्यू बोर्ड में बैठने का मौका मिलता है. मैं ऐसे कई कैंडिडेट्स देखता हूं जिनका एकेडमिक परफॉर्मेंस बहुत ही अच्छा होता है अर्थात वे पढ़ाई में बहुत तेज होते हैं. लेकिन वे इंटरव्यू में छंट जाते हैं. उनके छंटने की वजह क्या होती है, आज इस पर बात करने जा रहे हैं.*



### 1. कम्युनिकेशन स्किल्स

बातचीत का गलत तरीका छंटने की सबसे बड़ी वजह होती है. बहुत धीमा या तेज बोलना, बहुत ज्यादा या कम बोलना, बहुत रुक-रुक कर बोलना, अस्पष्ट बोलना - ये सब गलत कम्युनिकेशन स्किल्स के अंतर्गत आते हैं. उस ज्ञान का कोई मोल नहीं अगर बात सही ढंग से सामने वाले के पास न पहुंचे. कैंडिडेट को सबसे ज्यादा ध्यान अपने कम्युनिकेशन स्किल्स पर देना चाहिए. सही ढंग से अपने आप को व्यक्त करना सीखें. इंटरव्यू में कम शब्दों में सटीक बातें बोलनी चाहिए. इसके लिए बहुत अभ्यास करें.

### 2. गलत पहनावा

आप किस पोस्ट के लिए इंटरव्यू देने जा रहे हैं, इसको जरूर ध्यान में रखें. वैसे किसी भी इंटरव्यू में जरूर से ज्यादा बन-संवर कर, मेकअप करके नहीं जाना चाहिए. बहुत चमक-दमक वाले, डिजाइन वाले कपड़े न पहनें. लड़कियां अक्सर ऐसा करती हैं. वे बहुत हाई हील्स पहनती हैं, बड़े-बड़े आभूषण या झुमके डाल लेती हैं. बाल को बांध कर जाएं. बड़े-बड़े झुमके, गहने न पहनें. बहुत स्टाइलिश या बहुत साधारण कपड़े न पहनें. लड़कों को फॉर्मल शर्ट-पैंट पहनना चाहिए. हमेशा पॉलिश्ड जूते पहनें. आपको हर तरह से प्रेजेंटेबल होना चाहिए.

### 3. बॉडी लैंग्वेज

बहुत से कैंडिडेट्स में शिष्टाचार की बहुत कमी होती है. बिना इजाजत अंदर चले जाना, चेयर खींच कर बैठ जाना, बहुत ढीला बैठना, पैर हिलाना, हाथ से टेबल या कुर्सी बजाना - गलत मैनर्स के अंतर्गत आते हैं. परमिशन लेकर अंदर जाएं, परमिशन लेकर बैठें, स्मार्टली बैठें, अपने हाथ पैर न हिलाएं. बाहर निकलने के पहले कुर्सी को यथास्थान रख दें और निकलते समय थैंक यू जरूर बोलें. जवाब देते समय इधर-उधर न देखें, नजर न चुराएं.

### 4. गलत परिचय

बहुत लोग अपना परिचय ही गलत देते हैं. परिचय में बहुत ज्यादा न बोलें. परिचय में सिर्फ आपको अपना नाम, स्थान, एजुकेशनल क्वालिफिकेशन, वर्क एक्सपीरियंस और हॉबी बतानी चाहिए. अगर आपकी कोई अच्छी उपलब्धि है तो उसे कम से कम शब्दों में बताएं. बहुत लोग अपनी उपलब्धियां गिनाने बैठ जाते हैं. इंटरव्यू बोर्ड उनसे फेड अप होकर कोई प्रश्न नहीं पूछता और उन्हें गलतफहमी हो जाती है कि उन्होंने बहुत अच्छा प्रभाव छोड़ा है. परिवार के बारे में तभी बताएं जब पूछा जाए. आपको यह भी नहीं बताना है कि इस नौकरी की आपको कितनी सख्त जरूरत है. कोई भी अनावश्यक बात परिचय में न डालें.

### 5. सैलरी

प्राइवेट जॉब में अक्सर यह पूछा जाता है कि आप कितनी सैलरी की उम्मीद करते हैं. अक्सर लोग जरूरत से ज्यादा फेंक देते हैं और पूरी योग्यता रखते हुए भी मिलने वाली नौकरी से हाथ धो बैठते हैं. याद रखें हर नौकरी के लिए मिनिमम और मैक्सिमम सैलरी तय रहती है. आप जहां जा रहे हैं, पहले से सैलरी पता करके जाएं. इसी रेंज में सैलरी बोलिए.

### 6. एटीट्यूड

कुछ कैंडिडेट का एटीट्यूड बहुत गलत होता है. वे बहुत दिखावा करते हैं. अजीब ढंग से मुस्कुराते हैं, देखते हैं, बात करते हैं. बनावटी अंग्रेजी या हिंदी में बोलते हैं. यह सब गलत है. इंटरव्यू में ज्यादा जानने का दिखावा मत कीजिए. यह मत बोलिए कि आप पढ़े थे, अभी भूल रहे हैं. आता है, तो जवाब दीजिए, नहीं आता 'सॉरी सर' बोलिए. सफाई देने से कोई फायदा नहीं. अनावश्यक मत हंसिये. बहुत सीरियस दिखने की भी जरूरत नहीं है. विनम्रता से पेश आइए, विनम्रता से जवाब दीजिए.

### 7. गलत बायोडाटा

कुछ कैंडिडेट का बायोडाटा उनके बात-व्यवहार, नॉलेज से मैच नहीं करता. बायोडाटा में लिखा होता है क्विज में प्रथम पुरस्कार विजेता जबकि साधारण से प्रश्न का जवाब नहीं दे पाते. बायोडाटा में लिखा होता कंप्यूटर नॉलेज जबकि कंप्यूटर की बेसिक बातें भी पता नहीं होतीं. बायोडाटा में सिर्फ वही बातें लिखें जो बिल्कुल सही हो. बढ़ा-चढ़ा कर न लिखें.

**मूल मंत्र : नॉलेज तो निश्चित रूप से मायने रखता है लेकिन नॉलेज से ज्यादा मायने रखता है, आपका एटीट्यूड, कम्युनिकेशन स्किल्स, मैनर्स, पहनावा, स्मार्टनेस और सेल्फ प्रेजेंटेशन. पढ़ाई के साथ-साथ ऊपर दी गई बातों पर बहुत ध्यान दें, तभी बात बनेगी.**

# बियर्ड इचिंग से हैं परेशान?

**बियर्ड वाला लुक इन दिनों ट्रेंड में है. इसलिए दाढ़ी रखने के शौकीन भी बढ़ रहे हैं. लेकिन इनमें से कई बियर्ड इचिंग यानी दाढ़ी में खुजली से परेशान भी रहते हैं. अक्सर ये शिकायत घनी दाढ़ी रखने वाले लोगों में ज्यादा होती है. ये फंगल या बैक्टीरियल इंफेक्शन के कारण भी हो सकता है. घनी दाढ़ी में हाइजीन मेंटेन करना और भी जरूरी होता है. आइए कुछ ऐसे ग्रूमिंग टिप्स की करें चर्चा जो 'दाढ़ी' की खुजली से दिलाए मुक्ति-**

- रोजाना नहाएं और नहाने से पहले बियर्ड ऑयल से अपनी दाढ़ी की मसाज कर लें. अगर ये उपलब्ध नहीं हैं तो सामान्य नारियल या जैतून के तेल से भी मालिश कर सकते हैं.
- घनी दाढ़ी की साफ-सफाई का ख्याल रखें. इसके लिए आप अपनी स्किन टाइप के मुताबिक किसी अच्छे क्लेंजर, शैंपू, लिक्विड वॉश की मदद ले सकते हैं. बियर्ड को गर्म पानी से धोने से भी आप इसकी बेहतर साफ-सफाई सुनिश्चित कर सकते हैं.
- यह सुनिश्चित करें कि साबुन से दाढ़ी धोने के बाद साबुन अच्छी तरह वॉश होकर निकल जाए, कई बार साबुन रह जाने पर भी इचिंग की वजह बनता है.
- दाढ़ी के बालों की अच्छी ग्रोथ के लिए रोजाना हाइड्रेटिंग कंडीशनर का इस्तेमाल करना चाहिए.
- शेविंग या ट्रिमिंग के बाद नियम से आफ्टरशेव वॉश या लोशन का इस्तेमाल करें.



### हद से अधिक सोचने की आदत से आप भी हैं मजबूर तो...

# जापानियों से सीखिए जिंदगी जीने का अंदाज

**स्ट्रेस व एंग्जाइटी इन दिनों एक आम समस्या है. इसके लिए कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं. लेकिन एक आदत जो सामान्य रूप से इसकी जड़ में नजर आती है, वह है हद से ज्यादा सोचना यानी ओवर थिंकिंग. दअसल कुछ लोगों की आदत होती है छोटी-छोटी बातों को अधिक गंभीरता से लेकर काफी सोचने लगना. दिमाग में दिन भर वही सब कुछ चलता रहता है. इससे बिना वजह वे शारीरिक व मानसिक तौर पर थक जाते हैं. आइए, इस आदत से उबरने के लिए आज हम कुछ प्रभावी जापानी तकनीक पर बात करें-**



### शोगानाई

कुछ चीजें ऐसी ही हैं जिन पर हमारा कोई वश नहीं होता. इस सच्चाई को हम जितनी जल्दी स्वीकार करेंगे, उतनी जल्दी तनाव और समय बर्बादी से मुक्ति मिलेगी. शोगानाई कहता है कि उन चीजों पर हमें ध्यान केंद्रित करना चाहिए जिसे कर हम अपनी जिंदगी में कुछ बेहतर कर सकते हैं, बजाय ऐसी चीजों के जिस पर हमारा कंट्रोल ही नहीं. हमेशा आगे का सोचकर चलें.

### शिरिन योकू

शिरिन योकू तकनीक जिंदगी में कुछ पल ठहरने, प्राकृतिक स्थल पर समय फुर्सत के लम्हें गुजारने की अहमियत बताता है. भागदौड़ भरी जिंदगी से थकान या हार महसूस हो, तो हिमालय की वादियों में जाकर ब्रेक लें. शिरिन योकू तकनीक इस बा की शिद्दत से वकालत करता है कि ओवरथिंकिंग से बचने का सबसे बेहतर तरीका होगा कि खुद को प्रकृति की गोद में कुछ देर यूं ही छोड़ दें. कलकल बहते झरने, हरियाली, फूलों की खुशबू और खूबसूरती, आसमान के नीलेपन को निहारें. इससे दिमाग को राहत महसूस होगी.

### गामन

गामन यानी दृढ़ता. यह तकनीक इस बात की वकालत करता है कि मुसीबत के समय में हम खुद को कमजोर न समझें, बल्कि मुश्किलों का मजबूती का सामना करें. इससे जिंदगी की भारी भरकम परेशानियां भी मामूली लगने लगेंगी. मुसीबत के बारे में ज्यादा सोचने की बजाय इससे कैसे लड़ना है, इस पर फोकस करें.

### वाबी-साबी

जापानी सौंदर्य-बोध में वाबी-साबी का अर्थ है- अधूरेपन को स्वीकारना. यह तकनीक सिखाता है कि अधूरेपन और खालीपन में भी खूबसूरती है. दअसल हमारा जीवन ऐसा ही है, अनिश्चित, अस्थायी, अपूर्ण... इस कला में एसिमिट्री, सादगी, रुखेपन और प्रकृति के प्रति सम्मान की भावना झलकती है. वाबी मतलब जीवन और वस्तुओं को देखने का नजरिया जबकि साबी का मतलब है, क्षणभंगुरता, अस्थिरता यानी जीवन को उसकी नश्वरता में स्वीकार करना.



### नेनबुतसु

नेनबुतसु दरअसल अध्यात्म से जुड़ा एक तकनीक है जो दिमाग को बेवजह सोचने से राहत दिलाता है. यह तकनीक कहा है कि जब मन अशांत हो तो किसी एकां में बैठ कर भगवान बुद्ध के नाम का जाप करें. इससे दिमाग को सुकून मिलता है और बेहतर तरीके से फोकस करने में मदद होती है.

# किसी होटल में खाएं

*आउटिंग और बाहर खाना, इन दिनों वीकएंड, छुट्टी या रिलेक्स होने का मतलब ही यही मान लिया गया है. अगर आप भी बाहर खाने के शौकीन हैं तो वजन व डाइजेशन दुरुस्त रखने के लिए कुछ टिप्स जरूर फॉलो करें*



डॉ मनीषा घई
सीनियर कंसल्टेंट



- बाहर का खाना खाते वक्त अपने फेवरेट मीठे के 4 टीस्पून खाएं. इससे आपकी क्रेविंग शांत होगी और आप ओवरईटिंग से बचेंगे.
- जब भी बाहर खाने का इरादा हो, कोशिश करें कि यह डिनर की जगह लंच हो. यदि डिनर ही बाहर करना है तो बस इतना सुनिश्चित करें करें इसे सोने से 3 घंटे पहले खत्म कर लें.
- डिनर के बाद वॉक जरूर करें. अगर आप घर पर भी डिनर कर रही हैं, तो इसके बाद कम से कम 100 कदम चलें. इससे वजन व डाइजेशन, दोनों दुरुस्त रखने में मदद मिलेगी.
- जब भी आप बाहर खाना खाएं, तो आपकी प्लेट में प्रोटीन और फाइबर जरूर होना चाहिए. 25 ग्राम फाइबर की दरकार एक व्यक्ति को दिन भर में होती हैं. वहीं आदर्श वजन में प्रति किलो एक ग्राम प्रोटीन लेना चाहिए.
- अपना फेवरेट डेजर्ट खाने से पहले सलाद खाएं और उसके बाद प्रोटीन यानी पनीर, मछली, अंडा,टोफू, चिकन आदि खाएं. इसके बाद आप डेजर्ट खाएं. इससे ब्लड शुगर लेवल स्पाइक होने को कंट्रोल किया जा सकता है.
- हफ्ते में अधिकतम एक बार बाहर का खाना अगर आप इन टिप्स के साथ अपनाएंगे तो इससे आपको नुकसान नहीं होगा.

## रमता जोगी :

# कला से भरपूर छोटी सी नगरी



नुपूर अशोक

हमने अमेरिका के एक छोटे से शहर या कस्बे बेमिजी की और भी कई बेमिसाल जगहें देखीं. यह छोटा-सा शहर मुझे एक कला केंद्र की तरह लगा. यहां हर मोड़, हर गली में एक न एक कलाकार रहता है. यहां एक कला प्रदर्शनी देखने का मौका भी मिला जहां कलाकारों ने तरह-तरह की कलाकृतियों को सजा रखा था.









### नागचंपा की खुशबू

'अंब्रेलास ऑफ यूनिटी' यानी एकता की छतरियां नाम की इस प्रदर्शनी में रंग- बिरंगी छतरियों पर प्रकृति के अलग-अलग रूपों को हाथ से बने चित्रों द्वारा उकेरा गया था- तितली, बादल, फूल, पत्ते, इंद्रधनुष, सूर्यास्त, सूर्योदय.
सचमुच, सीमारेखाओं से बंटे हुए संसार को प्रकृति एक सूत्र में बांध देती है – सभी के लिए एक ही सूरज है, एक ही चांद, एक ही धरती और एक ही आकाश. इस प्रदर्शनी में छतरियों के अलावा कई और कलाकृतियां प्रदर्शित थीं जैसे – हाथ से बुनी हुई टोकरियां और बास्केट, थैले, कानों के बुंदे, विभिन्न डिज़ाइनों के हार, छोटी-बड़ी पेंटिंग्स, सजावटी चीज़ें, अलग-अलग सुगंधों वाले हस्तनिर्मित साबुन. साबुन के स्टॉल पर एक सुगंध का नाम - नागचंपा – देखकर मुझे उत्सुकता हुई. मैंने वहाँ खड़ी महिला से पूछा कि इस सुगंध का स्रोत क्या है? उसने बताया कि उसे भी पूरी जानकारी नहीं है, उसे किसी मित्र ने उपलब्ध कराया था. फिर उसने पूछा कि आपने इसे कुछ अलग तरह से बोला था, फिर से बोलिए. मेरे दुहराने से उसे नाम स्पष्ट हुआ. वह अभी तक उसे नागाचैम्पा कह रही थी, उसकी स्पेलिंग के अनुसार. उसे अच्छा लगा कि अब वह उसका सही नाम बोल सकती है.

### पन्नों की टोकरी

मुझे सबसे अच्छा उस स्टॉल को देख कर लगा जहां एक अमेरीकी महिला ग्लॉसी पत्रिकाओं के पन्नों के पतले स्ट्रिप्स काटकर उन्हें चटाई की तरह बुनकर उससे बैग व छोटी टोकरी बना रही थी. अमेरिका में अन्य विकसित देशों की तरह यूज़ एंड थ्रो की प्रवृत्ति है. ऐसे में किसी का पढ़ी जा चुकी बेकार पत्रिकाओं के कागज़ का इस्तेमाल करके कुछ बनाने का सोचना ही एक बड़ी बात थी.

### वुड टर्निंग

इसके बाद हम चल पड़े वुड टर्निंग देखने. हमारे मेजबान की तरह ही वह भी मीलों लंबे ड्राइव वे के अंदर बना हुआ एक अनोखा संसार था. इस दंपत्ति का पूरा घर कलाकृतियों से भरा हुआ था. उनकी पत्नी फोटोग्राफी का शौक रखती थीं और उनके इस्तेमाल से कार्ड्स और पोस्टर बनाती थीं और उनके पति वुड टर्निंग करते थे यानी लकड़ी के टुकड़ों को सुंदर आकारों में तराशना. घर के बाहर उनकी वर्कशॉप थी, एक गैराज में, जहां लकड़ी के ढेरों छोटे-बड़े टुकड़े पड़े हुए थे. उन्होंने बताया कि ये उनके लिए खाली कैनवास या कागज़ की तरह हैं, जिनपर क्या बनेगा ये न तो उस कागज़ को पता होता है और न ही कलाकार पहले से तय रखता है. ये तो उस समय उस टुकड़े को हाथ में उठाने के बाद ही तय होता है कि इसे क्या रूप दिया जाएगा. ये सब बोलते हुए उन्होंने एक टुकड़ा उठाया और थोड़ी देर उसे निहारने के बाद कहा कि इसे एक कटोरे की शक्ल देते हैं. उस चौकोर टुकड़े के कोने काट कर उसे गोलाई का आकार दिया गया. फिर उसे खराद या लेथ मशीन की तरह घूमते हुए सिरों पर तराशते हुए धीरे-धीरे हमने उसे कटोरे में बदलते हुए देखा. यही तो होती है कलाकार की आंख जिसे एक अनगढ़ टुकड़े में एक सुंदर आकार दिख रहा होता है! उसकी इस कला यात्रा में शरीक हो कर ही उसके आनंद को समझा जा सकता है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट

## पाकिस्तान के खिलाफ भारत का दबदबा जारी

भाषा ।इस्लामाबाद

भारतीय डेविस कप टीम ने युकी भांबरी और साकेत माइनेनी की आसान जीत तथा निकी पूनाचा के विजयी पदार्पण से पाकिस्तान को 4-0 से हराकर 60 साल बाद चिर प्रतिद्वंद्वी देश का ऐतिहासिक दौरा पूरा करते हुए विश्व ग्रुप एक में जगह सुनिश्चित की. शनिवार को 2-0 की बढ़त हासिल करने के बाद रविवार को युकी और साकेत ने मुजम्मिल मुर्तजा और अकील खान की मेजबान टीम की जोड़ी को 6-2 7-6(5) से हराकर मुकाबले में पाकिस्तान पर भारत के दबदबे को बरकरार रखा. पाकिस्तान ने युगल मुकाबले के लिए अकील को बरकत उल्लाह की जगह उतारा क्योंकि वह करो या मरो के इस मैच में अनुभवी खिलाड़ी चाहते थे. युकी और साकेत ने हालांकि मेजबान जोड़ी को कोई मौका नहीं दिया और इस मुकाबले में दोनों टीम के बीच का अंतर साफ दिखा. पाकिस्तान की जोड़ी को साकेत की सर्विस का सामना करने में काफी परेशानी हुई. उन्होंने अपनी सर्विस पर बेहद कम अंक गंवाए और नेट पर भी शानदार प्रदर्शन किया. भारतीय खिलाड़ियों के रिटर्न भी लाजवाब रहे और युकी ने कई बार पाकिस्तान के दोनों खिलाड़ियों के बीच से विनर लगाए.

# भारत ने विश्व ग्रुप वन में जगह बनाई



### युकी व साकेत ने शुरुआत से ही बनाया पाक पर दबाव

युकी और साकेत ने शुरू से ही मुकाबले पर मजबूत पकड़ बनाए रखी. उन्होंने पहले और पांचवें गेम में अकील की सर्विस तोड़कर 4-1 की मजबूत बढ़त बना ली. पहले गेम में अकील ने बैकहैंड बाहर मारकर भारतीय जोड़ी को दो ब्रेकप्वाइंट दिए. साकेत ने पहले अंक पर शॉट बाहर मारा लेकिन इसके बाद अकील के कमजोर रिटर्न पर आसानी से वॉली विनर लगाकर सर्विस तोड़ दी. पांचवें गेम में पाकिस्तानी दिग्गज ने फिर से सर्विस गंवाई. उनका स्मैश 30-30 के स्कोर पर बेसलाइन के ऊपर से बाहर चला गया और युकी ने दोनों विरोधी खिलाड़ियों के बीच एक जबरदस्त फोरहैंड विनर मारकर गेम अपने नाम किया. सातवें गेम में मुर्तजा ने भारतीय जोड़ी को तीन सेट प्वाइंट दिए लेकिन मेजबान टीम के खिलाड़ियों ने तीनों अंक बचा लिए. युकी ने इसके बाद अपनी सर्विस बरकरार रखते हुए पहला सेट भारत के नाम किया. दूसरे सेट में अकील ने अपनी सर्विस बचानी शुरू की और मुकाबला टाईब्रेकर में पहुंचाया. पाकिस्तान की जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए 4-2 की बढ़त बनाई लेकिन युकी और साकेत ने स्कोर 5-5 कर दिया. मैच प्वाइंट पर अकील के डबल फॉल्ट के साथ भारत ने मैच और मुकाबला जीत लिया.

### पाक के खिलाफ अपराजेय है भारत

टेनिस के विश्व कप के रूप में पहचानी जाने वाली इस प्रतियोगिता में भारत की आठ मुकाबलों में पाकिस्तान के खिलाफ यह आठवीं जीत है. भारतीय टीम अब सितंबर में विश्व ग्रुप वन में हिस्सा लेगी जबकि पाकिस्तान ग्रुप दो में रहेगा.

## ब्रीफ खबरें

### आइवरी कोस्ट अफ्रीका कप के सेमीफाइनल में

**बोआके (आइवरी कोस्ट)।** ओमार डियाकिट के अतिरिक्त समय के इंजरी टाइम में दागे गोल की बदौलत 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे आइवरी कोस्ट ने शनिवार को यहां क्वार्टर फाइनल में माली को 2-1 से हराकर अफ्रीका कप ऑफ नेशन्स फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई. माली को 71वें मिनट में नेने डोरगेलेस ने बढ़त दिलाई. साइमन एडिनगरा ने 90वें मिनट में गोल दागकर आइवरी कोस्ट को बराबरी दिलाई और क्वार्टर फाइनल को अतिरिक्त समय में खींचा. डियाकिट ने इसके बाद मैच के 122वें मिनट में गोल दागकर मेजबान टीम की जीत सुनिश्चित की.

### फुटबॉल : एशिया कप के सेमीफाइनल में ईरान

**अल रेयान ।** अलीरेजा जहानबख्श के अंतिम मिनट में पेनल्टी पर दागे गोल की बदौलत ईरान ने शनिवार को यहां जापान को 2-1 से हराकर एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई. ईरान ने 2004 के बाद से सिर्फ दूसरी बार टूर्नामेंट के अंतिम चार में प्रवेश किया है. ईरान सेमीफाइनल में टूर्नामेंट के मेजबान कतर से भिड़ेगा जिसने उज्बेकिस्तान के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में पेनल्टी शूट आउट में 3-2 से जीत दर्ज की. जहानबख्श ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइममें पेनल्टी पर गोल दागकर ईरान की जीत सुनिश्चित की.

### बुमराह ने इंग्लैंड को ध्वस्त किया: कुक

**लंदन ।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कुक ने कहा है कि जसप्रीत बुमराह ने पिच को समीकरण से बाहर कर दिया और मुश्किल कोणों से गेंदबाजी करते हुए इंग्लैंड के बल्लेबाजी क्रम को परेशान किया जिससे उन्हें खेलना लगभग नामुमकिन हो गया. विशाखापत्तनम में बुमराह ने रिवर्स स्विंग का शानदार नजारा पेश करते हुए छह विकेट चटकाए. कुक ने 'टीएनटी स्पोर्ट्स' से कहा कि बुमराह ने आज भारत को आगे बढ़ाया है और अकेले दम पर मैच का रुख बदल दिया.

## दूसरा टेस्ट : दूसरी पारी में भारत ने बनाए 255 रन

# गिल के शतक से भारत की स्थिति मजबूत



**104** रनों की पारी खेली शुभमन गिल ने

**399** रनों का लक्ष्य इंग्लैंड की टीम को मिला

**322** रनों की अब दरकार है इंग्लैंड को



भाषा ।विशाखापत्तनम

भारतीय बल्लेबाजों ने एक बार फिर इंग्लैंड को वापसी का मौका दिया लेकिन इसके बावजूद मेहमान टीम को दूसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को यहां रिकॉर्ड 399 रन का लक्ष्य मिला जिसके जवाब में उसने एक विकेट पर 67 रन बना लिए हैं. हैदराबाद में श्रृंखला के पहले टेस्ट की तरह भारत के पास एक बार फिर अपनी बल्लेबाजी से इंग्लैंड को मैच से बाहर करने का मौका था लेकिन शुभमन गिल (147 गेंद में 104 रन) के शतक के बावजूद भारत दूसरी पारी में 255 रन पर सिमट गया. मेजबान टीम ने अपने अंतिम छह विकेट 44 रन पर गंवाए. लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाजों जैक क्राउली (नाबाद 29) और बेन डकेट (28) ने पहले विकेट के लिए 11 ओवर के भीतर 50 रन जोड़कर इंग्लैंड को अच्छी शुरुआत दिलाई. ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (आठ रन पर एक विकेट) ने डकेट को विकेटकीपर कोना भरत के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा.

दिन का खेल खत्म होने पर रात्रि प्रहरी रेहान अहमद नौ रन बनाकर क्राउली का साथ निभा रहे थे. इंग्लैंड को जीत के लिए अब भी 332 रन की दरकार है. पिच बल्लेबाजी के लिए मुश्किल नहीं हैं लेकिन कुछ गेंद नीची रह रही हैं.

**निचले क्रम के भारतीय बल्लेबाजों ने किया निराश :** भारतीय टीम दूसरी पारी में एक समय चार विकेट पर 211 रन बनाकर काफी अच्छी स्थिति में थी लेकिन निचले क्रम ने एक बार फिर निराश किया.दूसरी पारी में गिल ने खराब फॉर्म से उबरते हुए शतक जड़ा. उन्होंने अक्षर पटेल (84 गेंद में 45 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 89 रन जोड़े लेकिन इस साझेदारी के टूटने के बाद भारतीय पारी को सिमटने में अधिक वक्त नहीं लगा.

चाय के बाद रेहान अहमद (88 रन पर तीन विकेट) ने पहले ही ओवर में भरत (06) को पवेलियन भेजा जिन्होंने मिड ऑन पर बेन स्टोक्स को कैच थमाया. टॉम हार्टले (77 रन पर चार विकेट) के अगले ओवर में कुलदीप यादव (00) गेंद को हवा में लहराकर डकेट को आसान कैच दे बैठे. जसप्रीत बुमराह 26 गेंद तक टिके रहे लेकिन खाता खोले बिना हार्टले का चौथा शिकार बने. रेहान ने अश्विन (29) को विकेटकीपर बने फोक्स के हाथों कैच कराके भारत की पारी का अंत किया.

### 13 पारियों के बाद गिल ने छुआ 50 का आंकड़ा

वह पिछली 13 पारियों में पहली बार 50 रन के आंकड़े को पार करने में सफल रहे. गिल हालांकि शतक पूरा करने के बाद बशीर की गेंद पर रिवर्स स्वीप खेलने की कोशिश में पवेलियन लौटे. गेंद गिल के ग्लव्स से टकराकर हवा में उछली और विकेटकीपर बेन फोक्स ने आसान कैच लपका। गिल ने अपनी पारी में 11 चौके और दो छक्के मारे. अक्षर भी इसके बाद हार्टले की सीधी गेंद को चूककर पगबाधा हो गए.

### इंग्लैंड की टीम को मिला है रिकॉर्ड लक्ष्य

इंग्लैंड को श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बनाने के लिए रिकॉर्ड लक्ष्य मिला है. वेस्टइंडीज ने दो साल पहले बांग्लादेश में 395 रन बनाकर जीत दर्ज की थी जो एशिया में सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत है.

### रणजी ट्रॉफी : सौराष्ट्र ने महाराष्ट्र को हराया

**सोलापुर ।** बाएं हाथ के स्पिनर पार्थ भुत के सात विकेट से सौराष्ट्र ने एलीट रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच में रविवार को यहां महाराष्ट्र पर 48 रन की जीत दर्ज की. भुत ने 44 रन देकर सात विकेट चटकाए जिससे सौराष्ट्र ने 213 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहे महाराष्ट्र को तीसरे दिन दूसरी पारी में 164 रन पर ढेर कर दिया. ऑफ स्पिनर युवराज सिंह डोडिया ने दो जबकि बाएं हाथ के स्पिनर धर्मेंद्रसिंह जडेजा ने एक विकेट चटकाकर भुत का अच्छा साथ निभाया. पहली पारी में जडेजा के 72 रन और प्रेरक मांकड़ (52) के साथ छठे विकेट की उनकी 118 रन की साझेदारी की भी सौराष्ट्र की जीत में अहम भूमिका रही. जडेजा ने पहली पारी में भी चार विकेट चटकाए थे और भुत तथा डोडिया के साथ मिलकर महाराष्ट्र को पहली पारी में 159 रन पर समेटकर अपनी टीम को 43 रन की महत्वपूर्ण बढ़त दिलाई थी. सौराष्ट्र ने इसके बाद दूसरी पारी में 164 रन बनाकर महाराष्ट्र को 213 रन का लक्ष्य दिया. महाराष्ट्र ने दिन की शुरुआत 104 रन से की जिसके बाद सौराष्ट्र ने जीत की औपचारिकता पूरी की.

## प्रारूपों के बीच अनुकूलन क्षमता से यशस्वी अलग : ज्वाला सिंह

- ज्वाला ने कहा कि टी-20 क्रिकेट में वह एक अलग तरह से खेलता है

भाषा ।मुंबई



यशस्वी जायसवाल के बचपन के कोच ज्वाला सिंह का मानना है कि खेल के प्रारूपों के बीच अनुकूलन क्षमता और सहज प्रवृति ही इस युवा बल्लेबाज को शीर्ष स्तर के अपने साथियों से अलग बनाती है. जायसवाल 22 साल और 36 दिन की उम्र में शनिवार को विशाखापत्तनम में इंग्लैंड के खिलाफ 209 रन बनाकर विनोद कांबली और सुनील गावस्कर के बाद टेस्ट में दोहरा शतक बनाने वाले देश के तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी बने. ज्वाला ने कहा कि अगर आप उसका जूनियर क्रिकेट देखो, जैसे जब वह मुंबई अंडर-16 की ओर से खेल रहा था तो उसने दोहरा शतक जड़ा, मुंबई अंडर-19 के लिए भी, ईरानी कप, दलीप ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी में भी दोहरा शतक जड़ा था. वह अपनी बल्लेबाजी में आक्रामक प्रकृति के कारण लंबी पारी खेलने में माहिर है. उन्होंने कहा कि वह हमेशा गेंदबाज पर दबाव डालता है क्योंकि वह बाउंड्री जड़ता रहता है. उसने अपने क्रिकेट को इसी तरह तैयार किया है. अपने स्ट्रोक लगाने की काबिलियत और अपनी मानसिकता ऐसी ही बनायी है.

इसे ही अनुकूलन क्षमता कहा जाता है. ज्वाला ने कहा कि टी-20 क्रिकेट में वह एक अलग तरह से खेलता है. टेस्ट क्रिकेट में उसका अलग दृष्टिकोण होता है. उसकी अनुकूल होने की क्षमता और सहज प्रकृति वास्तव में दूसरों से अलग है और यही उसे अन्य खिलाड़ियों से अलग बनाती है.

## द. अफ्रीका के खिलाफ न्यूजीलैंड मजबूत

### केन विलियमसन और रचिन रविंद्र ने जड़ा शतक

भाषा ।माउंट मोनगानुई

केन विलियमसन के 30वें और रचिन रविंद्र के पहले टेस्ट शतक की बदौलत न्यूजीलैंड ने रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन दो विकेट पर 258 रन बनाकर अपना पलड़ा भारी रखा. दिन का खेल खत्म होने पर विलियमसन 112 जबकि रविंद्र 118 रन बनाकर खेल रहे थे. दोनों तीसरे विकेट के लिए 219 रन की अटूट साझेदारी कर चुके हैं. पहले दिन रन बनाना हालांकि आसान नहीं रहा. न्यूजीलैंड ने पहले सत्र में 25 ओवर में 65 और दूसरे सत्र में 27 ओवर में 60 रन बनाए. दक्षिण अफ्रीका के युवा गेंदबाजों ने शुरुआती दो सत्र में न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया. तीसरे और अंतिम सत्र में हालांकि मेजबान टीम के बल्लेबाजों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 34 ओवर में 133 रन बटोरे. विलियमसन और रविंद्र दोनों को जीवनदान भी मिले. विलियमसन जब 47 रन पर खेल रहे थे तब एडवर्ड मूर ने रुआन डि स्वार्ट की गेंद पर उनका कैच टपकाया. यह गेंदबाज एक बार फिर दुर्भाग्यशाली रहा जब डुआने ओलिवियर ने उनकी गेंद पर रविंद्र का कैच छोड़ दिया. रविंद्र इस समय 80 रन बनाकर खेल रहे थे. विलियमसन ने अपने 13वें चौके के साथ 241 गेंद में शतक पूरा किया. यह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनका चौथा और न्यूजीलैंड में 17वां शतक है. रविंद्र ने भी इसके बाद शतक पूरा किया.



### खास बातें

- पहले दिन दो विकेट पर न्यूजीलैंड ने 258 रन बनाए
- विलियमस 112 व रविंद्र 118 रन बनाकर नाबाद हैं

विलियमसन और रविंद्र उस समय एक साथ बल्लेबाजी के लिए आए थे जब टीम 39 रन पर दो विकेट गंवाने के बाद संकट में थी. दक्षिण अफ्रीका ने छह खिलाड़ियों को पदार्पण कर मौका दिया जिसमें कप्तान नील ब्रैंड भी शामिल हैं जिन्होंने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया.

**संकट**

### समय पर चुनाव नहीं कराने के कारण भारतीय पैरालंपिक समिति हुई निलंबित

# भारत में आयोजित पैरा निशानेबाजी विश्व कप खतरे में

भाषा ।नयी दिल्ली

- 6-15 मार्च तक होना है विश्व कप का आयोजन
- प्रतियोगिता में पैरालंपिक के 24 कोटा स्थान दांव पर लगे हैं

भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) को समय पर चुनाव नहीं कराने के कारण निलंबित करने के खेल मंत्रालय के फैसले के बाद अगले महीने भारत में पैरा निशानेबाजी विश्व कप की मेजबानी खतरे में पड़ गई है. कर्णी सिंह रेंज में छह से 15 मार्च तक आयोजित होने वाला पैरा निशानेबाजी विश्व कप भारत को आवंटित पहली बड़ी पैरा निशानेबाजी प्रतियोगिता है और इसमें पेरिस पैरालंपिक के 24 कोटा स्थान दांव पर लगे हैं. इस प्रतियोगिता में 52 देशों के 500 से अधिक पिस्टल, राइफल और शॉटगन निशानेबाजों के भाग लेने की उम्मीद है और उनका लक्ष्य क्वालीफिकेशन चक्र के आखिरी टूर्नामेंट के जरिए पैरालंपिक कोटा स्थान सुरक्षित करना है.

कई शीर्ष भारतीय पैरा निशानेबाज भी पैरालंपिक कोटा स्थानों के लिए चुनौती पेश करेंगे. हालांकि दो फरवरी के खेल मंत्रालय के फैसले के बाद इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं. पीसीआई प्रतिस्पर्धियों की प्रविष्टियों की नाम से पुष्टि करने, उनके वीजा की व्यवस्था करने, रहने और टूर्नामेंट के आयोजन के लिए एक तकनीकी टीम तैयार करने के लिए अंतिम चरण में है तब खेल मंत्रालय ने यह फैसला किया है. मंत्रालय ने दो फरवरी को एक आदेश जारी कर राष्ट्रीय खेल संहिता के अनुसार 'नई कार्यकारी समिति के चुनाव में' राष्ट्रीय संस्था द्वारा 'जानबूझकर देरी' के लिए पीसीआई की मान्यता को निलंबित कर दिया था.

### पैरा विश्व कप के कारण चुनाव स्थगित करना पड़ा : पीसीआई महासचिव

पीसीआई महासचिव गुरशरण सिंह ने रविवार को बताया कि मंत्रालय को सूचित किया गया है कि पैरा विश्व कप के कारण ही चुनावों में देरी हो रही है. गुरशरण ने कहा कि हां, उन्होंने पीसीआई की मान्यता निलंबित कर दी है. वे ऐसा कैसे कर सकते हैं जब किसी भी राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) को चालू वर्ष के लिए मान्यता नहीं मिली है. उन्होंने कहा कि मंत्रालय कह रहा है कि उन्होंने हमारी मान्यता निलंबित कर दी क्योंकि हमने समय पर चुनाव नहीं कराए. हमारा चुनाव इस साल 27 जनवरी को होना था लेकिन पहली बार भारत को आवंटित किए गए पैरा विश्व कप के कारण हमें चुनाव स्थगित करने पड़े. गुरशरण ने ने कहा कि हमने पैरा विश्व कप के बाद मार्च में चुनाव की तारीखों की घोषणा की है. चुनाव 28 मार्च को हैं और निर्वाचन अधिकारी भी नियुक्त कर दिया गया है. उन्होंने कहा, 'हमने एक सप्ताह पहले मंत्रालय को चुनाव की तारीखों के बारे में सूचित किया था. अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति (आईपीसी) को भी सूचित किया गया है.अचानक यह घटनाक्रम (मान्यता का निलंबन) हुआ, मुझे नहीं पता क्यों. गुरशरण ने कहा कि हमने मंत्रालय को लिखा है कि चुनाव केवल पैरा विश्व कप के कारण स्थगित किए जा रहे हैं.

**31 जनवरी को कार्यकाल समाप्त 28 मार्च को चुनाव**

पीसीआई की कार्यकारी समिति का चार साल का कार्यकाल इस साल 31 जनवरी को समाप्त हो गया और मंत्रालय के अनुसार कार्यकाल समाप्त होने से पहले चुनाव हो जाने चाहिए थे. पीसीआई ने इस साल 28 मार्च को चुनाव निर्धारित किया है.

## भारत 'ए' ने श्रृंखला जीती

- तीन मैचों की श्रृंखला में भारत 'ए' ने इंग्लैंड लायंस को 2-0 से हराया
- भारत 'ए' ने 134 रनों से जीता तीसरा मुकाबला

भाषा ।अहमदाबाद

भारत 'ए' ने अपने स्पिनरों के दमदार प्रदर्शन से रविवार को यहां तीसरे और अंतिम अनौपचारिक टेस्ट के चौथे दिन इंग्लैंड लायंस पर 134 रन की शानदार जीत दर्ज की. इंग्लैंड लायंस की टीम 403 रन के असंभव लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरी पारी में 268 रन पर सिमट गयी जिससे भारत 'ए' ने तीन मैच की श्रृंखला 2-0 से अपने नाम की. मुंबई के बायें हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी (60 रन देकर पांच विकेट) और मध्य प्रदेश के ऑफ स्पिनर सारांश जैन (50 रन देकर तीन विकेट) ने मिलकर आठ विकेट चटकाये जिससे सुबह दो विकेट पर 83 रन से खेल शुरू करने वाली इंग्लैंड की दूसरी पारी सिमट गयी.

इंग्लैंड लायंस के सलामी बल्लेबाज एलेक्स लीस ने 41 रन से शुरूआत करते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया और वह अच्छी लय में दिख रहे थे. लेकिन मुलानी की गेंद पर पगबाधा आउट हो गये और उनकी 55 रन की पारी समाप्त हुई. तब इंग्लैंड का स्कोर चार विकेट पर 120 रन था. लेकिन टीम ने 20 रन के अंदर तीन और विकेट गंवा दिये जिससे उसका स्कोर सात विकेट पर 140 रन हो गया. मुलानी ने इंग्लैंड लायंस के कप्तान जोश बोहानन (18) और डैन मूस्ले (05) का विकेट हासल किया.

## ब्रीफ खबरें

### सड़क हादसे में दंपति की हुई मौके पर मौत

**दरभंगा ।** सड़क हादसे में दंपति की मौत हो गई. घटना लहेरियासराय थाना क्षेत्र के लोहिया चौक के पास की है. शनिवार देर रात रात एक तेज रफ्तार वाहन की ठोकर से पति-पत्नी की मौत घटनास्थल पर ही हो गई, जबकि बाइक चला रहा नरेश महतो (दंपति का भतीजा) गम्भीर रूप से जख्मी हो गया. वहीं ठोकर मारने वाला फरार हो गया. घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को इलाज डीएमसीएच में भर्ती कराते हुए दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया.

### सरकारी शिक्षक पर लगा दुष्कर्म का आरोप

**मोतिहारी ।** एक सरकारी शिक्षक पर सात साल की बच्ची से दुष्कर्म का आरोप लगा है. मामला सामने आने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया. जानकारी के अनुसार पचपकड़ी ओपी क्षेत्र के एक गांव में शनिवार को सात साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ. आरोपित बच्ची का पड़ोसी सरकारी शिक्षक है. आरोप है कि वह दरवाजे पर खेल रही बच्ची को बहला फुसलाकर अपने घर में ले गया तथा उसके साथ दुष्कर्म किया. दुष्कर्म के बाद आरोपित फरार हो गया. घटना के वक्त आरोपित के घर पर कोई नहीं था. जब बच्ची से परिजनों ने पूछताछ की.

### प्रेमी पर ब्लैकमेल करने का लगा आरोप

**मुंगेर ।** जिले के जमालपुर थाना में प्रेमी द्वारा प्यार के जाल में प्रेमिका को फंसाकर और फिर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने के बाद ब्लैकमेल करने का मामला प्रकाश में आया है. गिरफ्तार आरोपी प्रेमी की पहचान हवेली खड़गपुर थाना अंतर्गत शामपुर ओपी क्षेत्र के बागेश्वरी गांव निवासी संजय कुमार पंडित के पुत्र देवराज के रूप में हुई है. पीड़ित लड़की ने पुलिस को बताया कि देवराज के द्वारा उसे जमालपुर के होटल में बुलाया गया था. जहां देवराज द्वारा संबंध बनाने पर लड़की ने इंकार किया तो देवराज ने पहले लड़की के साथ मारपीट की.

---

आलाकमान से दिल्ली में मिलने के बाद फुल पावर में आए बिहार के दोनों डिप्टी सीएम

# खेला की बात करने वालों को खिलौना देंगे : चौधरी

**ज्ञानवर्द्धन मिश्र। पटना**



भाजपा आलाकमान से दिल्ली में मिलने के बाद बिहार के दोनों डिप्टी सीएम फूल पावर में आ गए हैं. निशाने पर राजद और कांग्रेस है. नंबर वन डिप्टी सीएम की कुर्सी पर नियुक्त प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने तेजस्वी यादव का नाम लिए बिना कहा कि खेला करने की बात करने वालों के हाथ हम खिलौना दे देंगे. वहीं नम्बर टू डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा कांग्रेस पर जम कर बरसे.

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलने जे बाद चौधरी ने कहा कि सारी फाइल खोलेंगे, सबका इलाज होगा. शाह से मुलाकात के बाद तेवर में सम्राट चौधरी बोले- खेला की बात कहने वालों को खिलौना जरूर देंगे. इशारों ही इशारों में सम्राट चौधरी ने आरजेडी और तेजस्वी यादव को बड़ी चेतावनी दे दी. उन्होंने कहा है कि सारी फाइल खोलेंगे. ये लोग जो सरकार में थे सब ठेकेदार थे, सबका इलाज होगा. ये बालू माफिया, शराब माफिया से जुड़े लोग हैं, एक-एक व्यक्ति की जांच होगी. लालू यादव के बेटे जो बोलते हैं कि खेला होगा उन्हें

**बदले तेवर**
- शाह से मुलाकात के बाद सम्राट चौधरी हुए सख्त
- इशारों ही इशारों में सम्राट ने आरजेडी को दी चेतावनी

हमलोग खेलने के लिए खिलौना ज़रूर देंगे. सम्राट चौधरी ने कहा कि पार्टी के प्रमुख नेताओं से मुलाकात हुई है. उनसे मार्गदर्शन लिया है. सभी का यही निर्देश है कि जो 2020 में बिहार की जनता से जो हमारा कमिटमेंट था उसे हमलोग पूरा करें. रोजगार के साथ साथ बिहार में कानून का राज स्थापित करेंगे.

उन्होंने कहा कि आज कल जो खेला करने की बात कह रहे हैं उन्हें खिलौना देना पड़ेगा, तो उस खिलौने का भी इंतजाम हमलोग कर रहे हैं. बच्चा जो बहुत खेला करना चाहता है उनको पता नहीं है कि उनको खिलौना देने वाले हमलोग बड़े भाई हैं. दूसरी ओर आलाकमान से मिलने के बाद डिप्टी सीएम नंबर टू विजय कुमार सिन्हा ने कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर कहा कि वंशवादी, भ्रष्टाचारी मानसिकता के लोग कभी न्याय नहीं कर सकते. लोकतंत्र में किसी परिवारवादी या वंशवादी को लगातार अवसर मिलते रहे और वही नेतृत्व संभालते रहे. वे (कांग्रेस) जब अपने दल के अंदर न्याय नहीं कर सके, अपने पार्टी के लोगों का सम्मान नहीं कर सके तो कैसे वे जनता को सम्मान और न्याय दे पाएंगे?

---

राज्यसभा सांसद सुशील मोदी ने राजद को निशाने पर लिया, बोले

# घोटालों की झांकी दिखाएं तेजस्वी

**विशेष संवाददाता/पटना**

राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने कहा कि जिन लोगों ने 2020 के जनादेश का अपहरण कर 17 महीने राज किया, वे अगर झांकी दिखाना ही चाहते हैं, तो दिखायें कि इतने दिनों में बालू-शराब माफिया ने कितनी बार पुलिस पर हमले किये, कितने दरोगा-सिपाही ट्रैक्टर से कुचल कर मारे गए और कब-कब खनन विभाग के अफसरों को दौड़ा कर पीटा गया? उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव बतायें कि जिन लोगों ने कार्यपालक अधिकारी को पीट कर अधमरा किया था, वे किसके रिश्तेदार हैं? वे क्या जनता को झूठी और एकतरफा झांकी दिखायेंगे? वैसे, राजद की पूरी फिल्म तो लोग उनके माता-पिता के राज में देख ही चुके हैं. मोदी ने कहा कि झांकी दिखाने वाले अपने पिछले कार्यकाल के मॉल-मिट्टी घोटाले



का फ्लैश बैक और रेलवे की नौकरी के बदले जमीन लेने का ट्रेलर भी दिखायें. कहा कि नौकरी के बदले जमीन मामले में विशेष न्यायालय के संज्ञान लेने और राबड़ी देवी, मीसा यादव सहित 9 आरोपियों को कोर्ट में नौ फरवरी को उपस्थित होना है. तेजस्वी को सच बताना चाहिए. मोदी ने कहा कि ईडी के आरोप पत्र में कोर्ट में ठोस प्रमाण रखे गए हैं. इसलिए लालू प्रसाद और तेजस्वी को 17 महीनों में लोगों को नौकरी देने और विकासगाथा की फर्जी झांकी दिखाने के बजाय बिहार के सीने पर खून से लथपथ माफियागाथा लिखने के लिए प्रायश्चित करना चाहिए. उन्होंने कहा कि लालू परिवार जनता को बताये कि ये अमित कात्याल कौन हैं, जिसकी कंपनी ने रेलवे में नौकरी पाने वालों की कीमती जमीन मिट्टी के मोल खरीदी? कहा कि तेजस्वी यादव बताएं कि वे इतनी कम उम्र में बिना कोई नौकरी-व्यवसाय किए दिल्ली में न्यू फ्रेंड्स कालोनी के 150 करोड़ के मकान डी-1088 के मालिक कैसे बन गए और कौन हैं हृदयानंद चौधरी, जिन्होंने रेलवे के ग्रुप-डी की नौकरी पाने के बदले अपनी कीमती जमीन राबड़ी देवी और हेमा यादव को गिफ्ट कर दी? मोदी ने कहा कि एके इन्फोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मालिक अमित कात्याल की गिरफ्तारी के बाद लालू परिवार पर कानून का शिकंजा कसता जा रहा है. इसलिए लोगों का ध्यान बंटाने के लिए झांकी-नौटंकी दिखा रहे हैं.

---

जीतन राम मांझी ने दो मंत्री पद मांगे, इस पर संतोष कुमार सुमन बोले-

# यह मांझी की व्यक्तिगत राय है

**संवाददाता ।पटना**

बिहार में नई सरकार का गठन होने के साथ ही मंत्री पद की मांग तेज होने लगी है. नीतीश सरकार के बहुमत साबित करने से पहले पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने दो मंत्री पद की मांग कर दी है. हालांकि इस पर अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री संतोष कुमार सुमन की राय अलग है. उन्होंने कहा है कि दो मंत्री पद की मांग जीतन राम मांझी की व्यक्तिगत राय है. हमारी पार्टी हर हाल में नरेंद्र मोदी के साथ रहेगी. उनके प्रति हमारी निष्ठा को सभी जानते हैं.

भारतीय जनता पार्टी, हिंदुस्तानी एवं मोर्चा और निर्दलीय विधायक के सहयोग से बिहार में नीतीश कुमार की सरकार बनी है. फिलहाल मुख्यमंत्री के अलावे 8 मंत्री बनाए गए हैं. जिनमें हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के संतोष कुमार सुमन भी शामिल हैं. संतोष सुमन पूर्व सीएम जीतन राम मांझी के पुत्र हैं. बता दें कि संतोष कुमार सुमन हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं. महागठबंधन की ओर से सीएम पद के ऑफर पर उन्होंने कहा कि यह सब बातें हवा में हैं. कोई आधिकारिक तौर पर बात नहीं हुई थी. हम एनडीए के साथ हैं



और नरेंद्र मोदी में हमारी पूर्ण आस्था है. मंत्रिमंडल में विभागों के बंटवारे पर संतोष सुमन ने नीतीश कुमार का धन्यवाद दिया है. उन्होंने कहा कि सरकार से जो दायित्व मिला है उसे ईमानदारी और निष्ठा के साथ पूरा करेंगे. इससे हमें कोई शिकवा शिकायत नहीं है. हमलोग मजबूती के साथ सरकार चलाएंगे. इससे पहले जीतनराम मांझी ने कहा था कि उनकी पार्टी को दो मंत्री पद मिलना चाहिए. कहा कि हमें तो सीएम का ऑफर मिला था जिसे ठुकरा दिया. हमारे साथ अन्याय नहीं किया जाना चाहिए. जब निर्दलीय विधायक को मनचाहा पद मिल सकता है तो हमें दो मंत्री पद क्यों नहीं दिया जा सकता.

वहीं इस पर एलजेपी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**उठी मांग**
- संतोष हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व जीतन राम के पुत्र हैं
- फिलहाल मुख्यमंत्री के अलावे 8 मंत्री बनाए गए हैं

चिराग पासवान ने कहा कि यकीनन उनके विधायकों की संख्या भले ही कम हो. लेकिन मौजूदा परिस्थिति में उनका महत्व काफी है. ऐसे में पूर्व मुख्यमंत्री भी हैं हमारे प्रदेश के. ऐसे में अगर गठबंधन के भीतर ऐसी चर्चा हुई है, तो उन्हें उचित सम्मान जरूर मिलना चाहिए. चिराग पासवान ने आगे कहा कि मुझे नहीं पता कि उनकी गठबंधन के अदंर क्या बातचीत हुई है. वो राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भी थे. गठबंधन के भीतरी मामलों पर सार्वजनिक रूप से चर्चा करने से नुकसान होगा. वहीं एनडीए में बिहार की सीटों के बंटवारे के सवाल के जवाब में चिराग ने कहा कि बजट सत्र के खत्म होने के बाद सीटों शेयरिंग की औपचारिक घोषणा एनडीए के घटक दलों के साथ हो जाएगी. बीजेपी की अलग-अलग घटक दलों से बातचीत चल रही है. बता दें कि 28 जनवरी को सीएम नीतीश समेत 8 मंत्रियों ने मंत्री पद की शपथ ली थी. जिसमें जीतन मांझी के बेटे और हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सुमन भी शामिल हैं. संतोष सुमन को सूचना प्रावैधिकी, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग दिया गया है.

इस मामले पर आरएलजेडी अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने जीतनराम मांझी को नसीहत दी. कुशवाहा ने कहा कि एनडीए में किसी के साथ अन्याय नहीं होगा. मांझी की जो इच्छा है और जो अंतिम रूप से बात फाइनल होती है, ऐसी बातें सार्वजनिक नहीं करनी चाहिए. उन्हें सार्वजनिक रूप से ऐसी बयानबाजी करने से बचना चाहिए. साथ ही उपेंद्र ने कहा कि मैटर और टाइम की बात है, बहुत जल्द सारी परिस्थिति साफ हो जाएगी.

बता दें कि भाजपा, जदयू और हम के मंत्री मंत्रिमंडल विस्तार तक एक से अधिक विभागों की जिम्मेदारी संभालेंगे. उम्मीद जताई जा रही है कि 12 फरवरी को विधानसभा में विश्वास मत हासिल करने के बाद मंत्रिमंडल का विस्तार होगा. इसके बाद नए मंत्रियों को उनके दल के वर्तमान मंत्रियों के पास आवंटित अतिरिक्त विभाग दिए जाएंगे. वैसे उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के पास कृषि, पथ निर्माण, राजस्व एवं भूमि सुधार, गन्ना उद्योग, खान एवं भू तत्व, श्रम संसाधन, कला संस्कृति एवं युवा, लघु जल संसाधन मंत्रालय तथा लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग हैं. जदयू की ओर से विजय कुमार चौधरी के पास सबसे अधिक छह विभाग हैं. इनमें जल संसाधन, संसदीय कार्य, भवन निर्माण, परिवहन, शिक्षा के साथ सूचना एवं जनसंपर्क विभाग शामिल हैं. बिजेंद्र प्रसाद यादव को ऊर्जा, योजना एवं विकास, मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन, ग्रामीण कार्य और अल्पसंख्यक कल्याण का जिम्मा दिया गया है. हम के संतोष को सूचना प्रावैधिकी के साथ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग की दोहरी जिम्मेदारी दी गई है.

---

# इंटर परीक्षा में तीसरे दिन 45 परीक्षार्थी हुए निष्कासित

**संवाददाता। पटना**

बिहार बोर्ड इंटर परीक्षा के तीसरे दिन यानी तीन फरवरी को राज्यभर में कुल 52 परीक्षार्थियों को परीक्षा से निष्कासित कर दिया गया है. इनमें से 45 को कदाचार के आरोप में और सात परीक्षार्थियों को दूसरे के बदले परीक्षा में बैठने के आरोप में निष्कासित किया गया है. कदाचार के आरोप में नालंदा में 7, जहानाबाद में 7, गोपालगंज में 5, नवादा में 5, सारण में 4, अरवल में 4, भोजपुर में 3, मधुबनी में 2, मधेपुरा में 2, रोहतास में 2, पूर्वी चंपारण में एक, समस्तीपुर में एक, औरंगाबाद में एक और सहरसा में एक परीक्षार्थी को कदाचार करते पकड़ा गया. बता दें कि परीक्षा के पहले दिन यानी एक फरवरी को 51 छात्र-छात्राओं को कदाचार के आरोप में निष्कासित किया गया है. वहीं दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में परीक्षार्थी कदाचार करते पकड़े गये थे. बता दें कि बिहार में इंटर की परीक्षा 1 फरवरी से शुरू हुई है, जो 12 फरवरी तक चलेगी.

# कांग्रेस पार्टी ने अपने विधायकों को अब भेज दिया हैदराबाद

**संवाददता। पटना**

कांग्रेस पार्टी विधायकों के पाला बदलने की आशंका को देखते हुए विधायकों को हैदराबाद भेज दिया गया है. पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ हुई बैठक के बाद पार्टी के विधायकों को दिल्ली से ही हैदराबाद भेज दिया गया.

सभी विधायक विश्वास मत के दिन यानी 12 फरवरी को ही बिहार लौटेंगे. दरअसल बिहार में बदले सियासी समीकरण के बाद कांग्रेस विधायकों के एक धड़े का पार्टी से अलग होने की चर्चा जोरों पर है. राजनीतिक हलकों में चल रही इस अटकलबाजी के बीच अब कांग्रेस विधायकों को अचानक से दिल्ली से हैदराबाद शिफ्ट कर दिया गया. सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस के 19 में से 17 विधायकों को हैदराबाद शिफ्ट किया गया है. एक दिन पहले ही दिल्ली बैठक में कांग्रेस विधायकों को बिहार से बाहर शिफ्ट करने का निर्णय लिया गया था.

---

## कारोबार

### फोर्स की 2000 करोड़ निवेश करने की योजना

**नयी दिल्ली ।** वाहन कंपनी फोर्स मोटर्स ने अगले तीन से चार साल में विभिन्न गतिविधियों पर लगभग 2,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बनाई है. कंपनी के प्रबंध निदेशक प्रसन्न फिरोदिया ने यह जानकारी दी. कंपनी यह निवेश हरित अभियान और इलेक्ट्रिक वाहनों के विकास पर करेगी. फोर्स मोटर्स वाणिज्यिक व यूटिलिटी वाहनों की श्रृंखला की बिक्री करती है. फिरोदिया ने कहा कि कंपनी स्तर पर हम अगले तीन से चार साल में लगभग 2,000 करोड़ रुपये का निवेश करेंगे.

### खिलौना विनिर्माताओं को मिले करोड़ों रुपये के ऑर्डर

**नयी दिल्ली ।** जर्मनी के न्यूरमबर्ग में पांच दिन के अंतरराष्ट्रीय खिलौना मेले में भाग लेने वाले भारतीय खिलौना विनिर्माताओं को करोड़ों रुपये के ऑर्डर मिले हैं. खिलौना निर्यातकों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि भारतीय विनिर्माताओं ने मेले में उच्च गुणवत्ता का प्रदर्शन किया. उनके अनुसार, अमेरिका, ब्रिटेन, दक्षिण अफ्रीका और जर्मनी जैसे देशों के खरीदारों ने उनके उत्पादों में रुचि दिखाई और अच्छी संख्या में ऑर्डर दिए. न्यूरमबर्ग अंतरराष्ट्रीय खिलौना मेला तीन फरवरी को संपन्न हुआ.

### पीएलआई योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा

**नयी दिल्ली ।** वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और उद्योग के खिलाड़ियों ने उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए सहयोग बढ़ाने और एक स्पष्ट कार्रवाई योजना बनाने के तरीकों पर चर्चा की है. रविवार को जारी आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई. वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा कि 14 क्षेत्रों के लिए पीएलआई योजना के तहत लाभार्थी कंपनियों सहित लगभग 1,200 प्रतिनिधियों और अधिकारियों ने इन योजनाओं के प्रभावी और निर्बाध क्रियान्वयन के लिए रणनीति पर चर्चा करने और योजना बनाने के लिए तीन फरवरी को बैठक की.

---

पिछले तीन साल में चीन के शेयर बाजार में निवेशकों के छह लाख करोड़ डॉलर डूब गए

# चीन के स्टॉक मार्केट में जबरदस्त गिरावट

**भाषा ।नयी दिल्ली**

किसी भी देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति का असर सीधे उसके स्टॉक मार्केट में पड़ता है. जब अर्थव्यवस्था बेहतर रहती है तो मार्केट में मजबूती बनी रहती है और जब कमजोर रहता है तो गिरावट होने लगता है. ऐसी ही स्थिति चीन में देखने को मिल रही है. चीन के स्टॉक मार्केट में जबरदस्त गिरावट देखने को मिली. करीब दो दशक तक चीन की इकॉनमी जिस गति से बढ़ी थी उसकी रफ्तार कम होने लगी है. साल 2007 से 2015 के बीच चीन ने हर साल अपनी इकॉनमी में एक ट्रिलियन डॉलर की बढ़ोतरी की थी. इस दौरान दुनियाभर के निवेशकों ने चीन पर जमकर पैसा लगाया था.

लेकिन अब हालात बदलते जा रहे हैं. पिछले साल भारत समेत दुनियाभर के शेयर बाजारों में तेजी आई जबकि नए साल में भी चीन के हालात नहीं बदले. पिछला हफ्ता चीन के शेयर मार्केट के लिए बहुत खराब रहा. चीन सरकार की लाख कोशिशों के बाद भी इकॉनमी का दम फूलता जा रहा है. विदेशी निवेशकों में भागने की होड़ मची है. पिछले तीन साल में चीन के शेयर बाजार में निवेशकों के छह लाख करोड़ डॉलर



स्वाहा हो चुके हैं.

पिछले हफ्ते शंघाई कंपोजिट इंडेक्स में 6.2 फीसदी गिरावट आई जो अक्टूबर 2018 के बाद सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट थी. जबकि शेनजेन कंपोनेंट इंडेक्स में 8.1 फीसदी गिरावट रही. यह तीन साल में इसकी सबसे बड़ी गिरावट है. इस साल इन दोनों इंडेक्स में क्रमशः आठ और 15 परसेंट से ज्यादा गिरावट आई है. चीन के ब्लू-चिप सीएसआई इंडेक्स में 4.6 फीसदी गिरावट आई जो अक्टूबर 2022 के बाद सबसे ज्यादा है. इस इंडेक्स में इस साल सात फीसदी गिरावट आई है. इसमें शंघाई और शेनजेन में लिस्टेड 300 बड़े स्टॉक शामिल हैं. चीन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकॉनमी है लेकिन पिछले कुछ समय से यह कई तरह की चुनौतियों से जूझ रहा है.

वहीं देश में रियल एस्टेट मार्केट गहरे संकट में है. युवाओं की बेरोजगारी चरम पर है. डिफ्लेशन की स्थिति चल रही है. देश में आबादी में तेजी से गिरावट आ रही है. आईएमएफ के मुताबिक इस साल चीन की जीडीपी ग्रोथ 4.6 परसेंट रहने का अनुमान है जो कई दशक में सबसे कम है. साथ ही 2028 में चीन की जीडीपी ग्रोथ के घटकर 3.5 परसेंट रहने का अनुमान है. हांगकांग की एक अदालत ने चीन की सबसे बड़ी रियल एस्टेट कंपनी एवरग्रैंड को बेचने का ऑर्डर दिया है. किसी जमाने में इस कंपनी को चीन के रियल एस्टेट सेक्टर का पोस्टर बॉय कहा जाता था और आज यह दुनिया की सबसे ज्यादा कर्ज में डूबी रियल

**निवेशक परेशान**
- दुनियाभर के निवेशकों ने काफी पैसा लगाया था
- शंघाई कंपोजिट इंडेक्स में 6.2 प्रतिशत की गिरावट

एस्टेट कंपनी है. रियल एस्टेट के डूबने का कारण चीन की बैंकिंग इंडस्ट्री पर भी खतरे के बादल मंडरा रहे हैं. चीन की सरकार ने देश के 64 ट्रिलियन डॉलर की फाइनेंशियल इंडस्ट्री को विदेशी निवेशकों के लिए खोलने का फैसला किया है.

लेकिन यह कदम भी निवेशकों का भरोसा बहाल करने में नाकाम रहा. चीन की इकॉनमी जहां संघर्ष कर रही है, वहीं भारत की इकॉनमी कुलांचे मार रही है. भारत का शेयर मार्केट रोज नए-नए रिकॉर्ड बना रहा है. आईएमएफ के मुताबिक 2024 और 2025 में भारत की इकॉनमी के 6.5 फीसदी की रफ्तार से बढ़ने की उम्मीद है. दूसरी ओर चीन अपनी अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए बड़ी संख्या में छोटे बैंकों का विलय कर रहा है. चीन सरकार छोटे ग्रामीण बैंकों को मिलाकर बड़े क्षेत्रीय बैंक बनाने जा रही है.

---

# संकट के समय रघुराम ने ध्यान नहीं दिया: वित्त मंत्री

**भाषा । नयी दिल्ली**

आरबीआई के गवर्नर के रूप में रघुराम राजन अपने कर्तव्यों को पूरा करने में विफल रहे, इस कारण देश का बैंकिंग सिस्टम संकट में पड़ गया. जब बैंक परेशानी में थे, तो उस समय रघुराम राजन ने बैंकिंग सिस्टम की ओर ध्यान नहीं दिया. यह आरोप वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आरबीआई के गवर्नर रहे रघुराम राजन पर लगाये. वित्त मंत्री ने कहा कि बैंक जब बाहरी दबाव से निपटने में लगे हुए थे, राजन को चाहिए था कि उन्हें (बैंक) बाहरी दबाव से बचायें. उन्हें बैंकों को नियमों के बारे



में जानकारी देनी चहिए थी. लेकिन ऐसा नहीं हुआ. वहीं निर्मला ने कहा कि राजन पर तंज कसते हुए कहा कि वे हर बार बोलते समय एक इकोनॉमिस्ट होते हैं या फिर राजनेता के रूप में बोलते हैं, यह उन्हें स्पष्ट करना चाहिए. बता दें कि कुछ दिन पहले ही रघुराम राजन ने कहा था कि देश को विकसित देश बनने के लिए 9-10 फीसदी ग्रोथ का टारगेट रखना चाहिए. वित्त मंत्री ने यह जवाब उसी संदर्भ में दिया. रघुराम राजन का कहना था कि विकास की मौजूदा दर पर भारत 2047 तक चीन की प्रति व्यीक्ति आय तक पहुंच जायेगा, लेकिन भारत को बढ़ती आबादी का भी सामना भी करना है. उनका कहना था कि यदि भारत मौजूदा रेट से ग्रोथ करता है तो भी 2047 तक विकसित देश की कैटेगरी में शामिल नहीं हो पायेगा. रघुराम राजन के अनुसार भारत को जाहिए कि वह मानव पूंजी और बौद्धिक संपदा बनाने की क्षमता पर फोकस करे.

### 8 कंपनियों का मार्केट कैप 2.90 करोड़ बढ़ा

नयी दिल्ली । स्थानीय शेयर बाजार में उछाल के बीच बीते सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 2.90 लाख करोड़ रुपये चढ़ गया. सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही. सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से आठ रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, एलआईसी, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई.

# भारत की दक्षिण कोरिया से निर्यात को बढ़ावा देने की मांग

**भाषा। नयी दिल्ली ।**

भारत ने दक्षिण कोरिया से इस्पात, चावल और झींगा जैसे कुछ उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए अधिक बाजार की मांग की है. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. दोनों देशों के बीच मौजूदा मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के अद्यतन के लिए बातचीत चल रही है.

भारत ने वार्ता में इन मुद्दों को उठाया है. इसे आधिकारिक रूप से व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) कहा जाता है. यह समझौता जनवरी, 2010 में परिचालन में आया था. समझौते के अद्यतन पर वार्ता का 10वां दौर चल रहा है. अधिकारी ने कहा कि हम इस्पात, चावल और झींगा जैसे उत्पादों के लिए अधिक बाजार पहुंच की मांग कर रहे हैं. बैठक में भारत ने दक्षिण कोरियाई कंपनियों द्वारा भारतीय इस्पात नहीं खरीदने का मुद्दे भी उठाया.

---

**शेयर** अंतरिम बजट के बाद सभी की निगाहें आरबीआई की मौद्रिक समीक्षा बैठक पर होंगी

# कंपनियों के नतीजों से तय होगी शेयर बाजारों की दिशा

**भाषा ।नयी दिल्ली**

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजों, वैश्विक रुझान और ब्याज दर पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के निर्णय से तय होगी.

विश्लेषकों ने यह राय जताई है. उनका कहना है कि अंतरिम बजट और अमेरिकी केंद्रीय बैंक के नीतिगत निर्णय के बाद अब बाजार भागीदारों का ध्यान केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा पर है. स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौर ने कहा कि घरेलू मोर्चे पर, एमपीसी (मौद्रिक नीति समिति) की बैठक छह-आठ फरवरी को होने वाली है. कंपनियों के तीसरी तिमाही



के नतीजों पर भी सभी की निगाह रहेगी. इस सप्ताह भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, नेस्ले, ल्यूपिन और टाटा पावर अपने तिमाही नतीजों की घोषणा करेंगी.

उन्होंने कहा कि इसके अलावा बाजार भागीदार डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल और कच्चे तेल की कीमतों पर भी नजर रखेंगे. साथ ही विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) की गतिविधियां भी महत्वपूर्ण रहेंगी. मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि अब

**निवेशक तैयार**
- बीएसई का सेंसेक्स 1.95 प्रतिशत के लाभ में रहा
- नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 2.34 प्रतिशत चढ़ा

अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक के नतीजों और अंतरिम बजट के बाद सभी की निगाहें इस सप्ताह आरबीआई की मौद्रिक समीक्षा बैठक पर होंगी. पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,384.96 अंक या 1.95 प्रतिशत के लाभ में रहा. वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 501.2 अंक या 2.34 प्रतिशत चढ़ गया. शुक्रवार को निफ्टी अपने 22,126.80 अंक के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा. मास्टर कैपिटल सर्विसेज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह नंदा ने कहा कि अब बाजार का ध्यान चालू वित्त वर्ष के तीसरी तिमाही के नतीजों पर रहेगा. आने वाले दिनों में अशोक लेलैंड, भारती एयरटेल, अपोलो टायर्स, नेस्ले, ग्रासिम, एलआईसी जैसी कई कंपनियां अपने नतीजे घोषित करेंगी. रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा कि सभी की निगाह कंपनियों के तिमाही नतीजों तथा रिजर्व बैंक की मौद्रिक समीक्षा बैठक पर रहेंगी. वैश्विक मोर्चे पर हमारा अनुमान है कि अमेरिकी बाजार में उछाल से स्थानीय शेयर बाजारों को भी मजबूती मिलेगी.

# एफपीआई ने बॉन्ड बाजार में डाले हैं 19800 करोड़ रुपये

**भाषा। नयी दिल्ली**

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जनवरी में देश के ऋण या बॉन्ड बाजार में 19,800 करोड़ रुपये का निवेश किया है. यह बॉन्ड बाजार में एफपीआई के प्रवाह का छह साल में सबसे ऊंचा मासिक स्तर है.

भारत सरकार के बॉन्ड को जेपी मॉर्गन इंडेक्स में शामिल किए जाने के बाद एफपीआई का भारतीय बॉन्ड बाजार के प्रति आकर्षण बढ़ा है. वहीं दूसरी ओर एफपीआई ने अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने के बीच जनवरी में भारतीय शेयरों से 25,743 करोड़ रुपये की निकासी की है. डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी में एफपीआई ने बॉन्ड बाजार में शुद्ध रूप से 19,836 करोड़ रुपये डाले हैं. यह जून, 2017 के बाद उनके निवेश का सबसे ऊंचा मासिक स्तर है. उस समय उन्होंने बॉन्ड बाजार में 25,685 करोड़ रुपये डाले थे. इससे पहले दिसंबर में एफपीआई ने बॉन्ड में 18,302 करोड़ रुपये, नवंबर में 14,860 करोड़ और अक्टूबर में 6,381 करोड़ रुपये डाले थे. मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि भारत के निश्चित आय बाजार में एफपीआई का शुद्ध प्रवाह जून में 2.39 अरब डॉलर रहा है. भारत सरकार के बॉन्ड को जेपी मॉर्गन इंडेक्स में शामिल किए जाने की वजह से यह निवेश आया है.



# उत्तर भारत में बर्फबारी और भारी बारिश

**नयी दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर सहित समूचे उत्तर भारत में रविवार की सुबह बारिश हुई. वहीं जम्मू-कश्मीर के कई हिस्सों में भारी बारिश के साथ बर्फबारी हो रही है. पहाड़ों में बारिश पर हिमपात और मैदानी इलाकों में बारिश के साथ ठंड ने फिर वापसी की है. मौसम विभाग के मुताबिक मौसम में बदलाव से अधिकतम तापमान में कुछ गिरावट हो सकती है. हरियाणा के अंबाला सहित कई जिलों में सुबह बारिश हुई. पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में बदलाव आया है. मौसम विभाग ने राज्य के कई इलाकों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया था. पहाड़ों की रानी शिमला में भी शनिवार को बर्फबारी हुई. श्रीनगर में भी बर्फबारी से जनजीवन अस्त-व्यस्त है.







## नामीबिया के राष्ट्रपति हागे गेनगॉब का निधन कैंसर से थे पीड़ित



**नामीबिया।** नामीबिया के राष्ट्रपति हागे गेनगॉब का रविवार को विंडहोक में निधन हो गया. 82 वर्षीय हागे गेनगॉब काफी दिनों से कैंसर से पीड़ित थे. उनका इलाज लेडी पोहाम्बा हॉस्पिटल में चल रहा था. वह काफी दिनों से जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे थे. आखिरकार हागे गेनगॉब जिंदगी से जंग हार गये. नामीबिया के राष्ट्रपति कार्यालय ने इस बात की पुष्टि की है. राष्ट्रपति कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि गेनगॉब की डॉक्टर टीम ने उन्हें बचाने का पूरा प्रयास किया. लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका. अस्पताल में उनके साथ उनकी पत्नी मोनिका गेनगॉब और उनके बच्चे थे. नामीबिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति एंगोलो मुम्बा ने शांति का आह्वान किया है.

## ब्रीफ खबरें

### अरुंधति को कन्हैया लाल सेठिया कविता पुरस्कार

**जयपुर।** लेखिका अरुंधति सुब्रमण्यम को जयपुर साहित्य महोत्सव में 'महाकवि कन्हैयालाल सेठिया कविता पुरस्कार, 2024' से सम्मानित किया गया. संस्कृति और आध्यात्मिकता पर केंद्रित अपनी रचनाओं के लिए पहचान बनाने वाली अरुंधति सुब्रमण्यम को जेएलएफ में शनिवार को यह पुरस्कार प्रदान किया गया. अरुंधति को प्रशस्ति पत्र के साथ ही एक लाख रुपये का 'चेक' पुरस्कार स्वरूप दिया गया. व्हेन गॉड इज ए ट्रैवलर कविता संग्रह की कवयित्री अरुंधति की इस रचना को 2015 में टी.एस. इलियट पुरस्कार के लिए शार्ट लिस्ट किया गया था.

### बाइडन ने द. कैरोलाइना का प्राइमरी चुनाव जीता

**कोलंबिया।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने देश में राष्ट्रपति पद के लिए इस साल होने वाले चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार चुनने की प्रक्रिया के तहत कराए गए साउथ कैरोलाइना प्राइमरी चुनाव में आसानी से जीत हासिल कर ली. बाइडन ने राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार बनने के अन्य दावेदारों-मिनेसोटा से सांसद डीन फिलिप्स व मैरिएन विलियम्सन को शनिवार को हुए प्राइमरी चुनाव में हरा दिया. बाइडन ने जीत हासिल करने के बाद कहा, द. कैरोलाइना के मतदाताओं ने 2020 में राजनीतिक विश्लेषकों को गलत साबित किया था.

### इजराइल ने हिजबुल्लाह को फिर दी चेतावनी

**राफाह।** इजराइल की सेना ने पड़ोसी देश लेबनान में हिजबुल्लाह को अब तक की विस्तृत चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उसे उकसाया गया तो वह तुरंत हमला करने के लिए तैयार है. इसके साथ ही इजराइली सेना ने गाजा में चार महीने से चल रहे युद्ध के दौरान उत्तरी सीमा पर हिजबुल्लाह की गतिविधियों का जिक्र किया और इस आतंकवादी समूह के खिलाफ सीरिया में कई हवाई हमले करने की बात भी स्वीकार की. इजराइली सेना के प्रवक्ता डेनियल हगारी ने कहा, युद्ध हमारी पहली प्राथमिकता नहीं है लेकिन हम निश्चित रूप से तैयार हैं.

### गुवाहाटी में 11,600 करोड़ की परियोजना शुरू, पीएम ने कहा-

# पहले सत्ता के लोगों को अपनी संस्कृति पर शर्म आती थी

एजेंसी। गुवाहाटी



प्रधानमंत्री मोदी ने दावा किया कि आजादी के बाद सत्ता में रहे लोग पूजा स्थलों के महत्व को नहीं समझ सके और उन्होंने राजनीतिक वजहों से अपनी ही संस्कृति पर शर्मिंदा होने की प्रवृत्ति स्थापित की. याद दिलाया कि कोई भी अपनी जड़ों से कट कर, अतीत को भुलाकर सफल नहीं हो सकता. हमारे तीर्थ, हमारे मंदिर, हमारी आस्था के स्थान सिर्फ दर्शन करने करने के लिए नहीं हैं, ये हजारों वर्षों की हमारी सभ्यता की यात्रा की अमिट निशानियां हैं. गुवाहाटी में रविवार को 11,600 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत करने के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि कोई भी देश अपना इतिहास मिटाकर प्रगति नहीं कर सकता. उन्होंने कहा, हालांकि, पिछले 10 साल में स्थिति बदली है. मोदी ने कहा कि जिन परियोजनाओं की उन्होंने शुरुआत की उससे न केवल पूर्वोत्तर में बल्कि बाकी के दक्षिण एशिया में संपर्क सुविधा मजबूत होगी. प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल में असम में शांति लौटी है और 7,000 से अधिक लोगों ने हथियार छोड़े हैं और मुख्यधारा में लौटे हैं. उन्होंने कहा, पिछले दशक में क्षेत्र में रिकॉर्ड संख्या में पर्यटक आये हैं.

**दिया संदेश**

- कोई भी देश अपना इतिहास मिटाकर प्रगति नहीं कर सकता
- जनसभा से पहले पीएम मोदी ने रोड शो भी किया

**रोड शो में सीएम हिमंता भी पीएम के साथ शामिल हुए**

प्रधानमंत्री मोदी ने गुवाहाटी के वेटरनरी कॉलेज ग्राउंड में मां कामाख्या मंदिर कॉरिडोर समेत असम में 11 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया. खबर है कि इसे महाकाल और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तरह 498 करोड़ रुपये खर्च कर विकसित किया जायेगा. इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के भव्य आयोजन के बाद मैं अब यहां मां कामाख्या के दरवाजे पर आया हूं. प्रधानमंत्री ने रविवार को जनसभा से पहले रोड शो किया. रोड शो में सीएम हिमंता भी उनके साथ शामिल हुए,

### रूस की इंडियन एंबेसी से भेजता था सेना की गोपनीय जानकारियां

# उत्तरप्रदेश एटीएस ने आईएसआई एजेंट को मेरठ से किया गिरफ्तार

एजेंसी। लखनऊ



उत्तर प्रदेश के आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने पाकिस्तान आईएसआई के लिए काम करने वाले एजेंट सत्येंद्र सिवाल को मेरठ से गिरफ्तार किया है. उप्र के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार के अनुसार, एटीएस को जानकारी मिली थी कि रूस की राजधानी मास्को में स्थित भारतीय दूतावास में इंडियन बेस्ड सिक्योरिटी असिस्टेंट (आईबीएसए) के पद पर तैनात सत्येंद्र आईएसआई के संपर्क में था. वह भारत के रक्षा मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों से जुड़ी अहम और गोपनीय जानकारी आईएसआई को भेज रहा था. इसकी जानकारी मिलने के बाद सिवाल को मेरठ के एटीएस फील्ड यूनिट में बुलाया गया और पूछताछ की गयी. इस दौरान वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका और अपना अपराध कबूल कर लिया. जिसके बाद एटीएस थाना, लखनऊ में सतेन्द्र सिवाल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया. सतेन्द्र सिवाल पर आईपीसी की धारा 121 ए और शासकीय गुप्त अधिनियम 1923 के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया है.

**पैसे का लालच दे रहा था आईएसआई :** एटीएस को जानकारी मिली थी कि आईएसआई के हैंडलर कुछ लोगों के माध्यम से भारतीय सेना की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करने के लिए विदेश मंत्रालय के कर्मचारियों को पैसे का लालच दे रहे हैं. इससे भारत की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा को बड़ा खतरा होने की आशंका है. एटीएस ने इलेक्ट्रॉनिक और प्रत्यक्ष निगरानी के माध्यम से अपनी जांच में पाया कि सतेन्द्र सिवाल आईएसआई संचालकों के नेटवर्क के साथ भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल था.

### यमन के हूती-नियंत्रित क्षेत्रों पर हमले किए

**वाशिंगटन।** अमेरिका और ब्रिटेन की सेनाओं ने शनिवार को यमन में हूती-नियंत्रित क्षेत्रों पर हमले किए. अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने यह जानकारी दी. ऑस्टिन ने कहा कि ये हमले करने में अमेरिका और ब्रिटेन को ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, कनाडा, डेनमार्क, नीदरलैंड और न्यूजीलैंड से भी सहयोग मिला.

# मणिपुर के लोगों के साथ अन्याय कर रहे हैं पीएम मोदी : कांग्रेस

एजेंसी। नयी दिल्ली

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर मणिपुर के लोगों के साथ घोर अन्याय करने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि राज्य की स्थिति पर मोदी अब भी पूरी तरह खामोश हैं. विपक्षी दल ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह की गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के एक दिन बाद यह बयान दिया है. कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर शाह और मुख्यमंत्री की बैठक संबंधी खबर को संलग्न करते हुए कहा, नौ महीने हो गये, लेकिन प्रधानमंत्री के साथ कोई बैठक नहीं हुई. मणिपुर पर प्रधानमंत्री की पूर्ण चुप्पी बरकरार है. उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री रोड शो के लिए गुवाहाटी जाते हैं, लेकिन वह इंफाल नहीं जा सकते और न ही जाएंगे. रमेश ने कहा, प्रधानमंत्री का मणिपुर के लोगों के साथ यह घोर अन्याय है. मणिपुर के मुख्यमंत्री ने शाह के साथ बैठक के बाद शनिवार को कहा था कि केंद्र इस राज्य के लोगों के हित में कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लेने की तैयारी में है.

**हिंसा में 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है :** बैठक में दोनों नेताओं ने मणिपुर से संबंधित सर्वाधिक महत्व के मामलों पर चर्चा की. बहुसंख्यक मेइती समुदाय की अनुसूचित जनजाति के दर्जे की मांग के विरोध में पर्वतीय जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च आयोजित करने के बाद तीन मई, 2023 को मणिपुर में जातीय हिंसा भड़क गयी थी. तब से जारी हिंसा में 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है.

# मोदी की गारंटी बेरोजगारी की गारंटी है : प्रियंका गांधी

एजेंसी। नयी दिल्ली



कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने रिक्त सरकारी पदों को लेकर रविवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा. आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी बेरोजगारी की गारंटी है. कांग्रेस महासचिव ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आंकड़ों के अनुसार, देश में करीब 30 लाख सरकारी पद खाली हैं. उन्होंने आरोप लगाया, हमारे करोड़ों युवा नौकरियों का इंतजार कर रहे हैं लेकिन पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार ने इन पदों को भरने के लिए दिखावे के सिवा कुछ नहीं किया. उन्होंने कहा कि जुलाई 2022 में सरकार ने संसद को जानकारी दी थी कि आठ साल में 22 करोड़ युवाओं ने नौकरी के लिए आवेदन किया लेकिन नौकरी मिली मात्र सात लाख युवाओं को. कांग्रेस नेता ने कहा कि इसका मतलब है कि लगभग 21.93 करोड़ योग्य युवा बेरोजगार रह गये. प्रियंका ने आरोप लगाया, सालाना दो करोड़ नौकरियों का वादा करने वाली भाजपा सरकार न पहले से मौजूद नौकरियां दे पायीं, न ही नये रोजगार सृजित कर सकी. कांग्रेस महासचिव ने शुक्रवार को आरोप लगाया था कि केंद्र सरकार के अंतरिम बजट में नयी नौकरियां सृजित करने और बेरोजगारी से निपटने का न तो कोई दृष्टिकोण है, न कोई योजना.

### विधायक खरीद-फरोख्त मामला : कैंप कार्यालय के अफसर को नोटिस लेने का निर्देश

# आतिशी के घर पहुंची क्राइम ब्रांच की टीम

एजेंसी। नयी दिल्ली



अरविंद केजरीवाल के बाद दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम रविवार को आप सरकार में मंत्री आतिशी के घर नोटिस देने पहुंची है. हालांकि आतिशी घर पर नहीं मिली. करीब आधे घंटे तक टीम वहां बैठी रही. इसके बाद दिल्ली की मंत्री और आप नेता आतिशी ने अपने कैंप कार्यालय के अधिकारियों को दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच के अधिकारियों से नोटिस लेने का निर्देश दिया है. इससे पहले शुक्रवार शाम को भी दिल्ली क्राइम ब्रांच की एक टीम आतिशी के घर भी पहुंची थी. लेकिन उस समय वह चंडीगढ़ में थीं. दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम शनिवार को भी अरविंद केजरीवाल के सिविल लाइंस स्थित घर पहुंची थी. हालांकि टीम पांच घंटे बाद वापस लौट गयी थी. केजरीवाल से मुलाकात नहीं होने पर दिल्ली पुलिस ने सीएम ऑफिस में नोटिस सर्व कराया था. सीएम केजरीवाल से इस नोटिस का जवाब तीन दिन के अंदर मांगा गया है. सीएम से पूछा गया है कि आपने भाजपा पर जो आरोप लगाये हैं, उसके सबूत क्या हैं?

**जेल भेज दें, पर हम झुकेंगे नहीं : केजरीवाल**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि भाजपा चाहती है कि हम उनकी पार्टी में शामिल हो जाएं लेकिन हम झुकेंगे नहीं. भले ही उन्हें जेल भेज दिया जाए, दिल्ली सरकार के जारी विकास कार्य रुकेंगे नहीं. केजरीवाल ने यहां किरारी में दो स्कूलों की इमारतों की आधारशिला रखने के बाद कहा, ईडी और सीबीआई जैसी सभी केंद्रीय एजेंसियों को उनके पीछे लगा दिया गया है. भले ही आप केजरीवाल को जेल में डाल दें, विकास के काम नहीं रुकेंगे.




## कॅरियर-काउंसिलिंग

# डिप्लोमा इन प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी का कोर्स कर बना सकते हैं कॅरियर



एजुकेशन रिपोर्टर। रांची

डिप्लोमा प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी कोर्स की अवधि 3 वर्ष है. यह कोर्स आपको प्रिंटिंग प्रेस के संचालन, इसे किस प्रकार डिजाइन किया गया है और इंजीनियरिंग के माध्यम से डेवलपमेंट की प्रक्रिया के बारे में जानने में मदद करता है. इस कार्यक्रम की सहायता से आप प्री-प्रेस प्रक्रिया और पोस्ट प्रेस प्रक्रिया के साथ साथ प्रिंटिंग टेक्निक की सभी बुनियादी प्रक्रियाओं को सीखेंगे. इस कोर्स को करने के बाद आप उन सभी छोटी बड़ी जगहों पर कार्य कर सकते हैं, जहां प्रिंटिंग से जुड़ा कार्य किया जाता है जैसे कि प्रिंटिंग प्रेस, कॉमर्शियल प्रिंटिंग प्रेस, पैकेज प्रिंटिंग प्रेस और सरकारी प्रिंटिंग प्रेस आदि.

### डिप्लोमा प्रिंटिंग

- यदि आप भी नई टेक्निक के रिसर्च और डेवलपमेंट में उत्सुक रहते हैं तो यह कोर्स आपके लिए ही बना है.
- यदि आप इनोवेशंस को बढ़ावा देने के लिए एक क्रिएटिव, लीक से हटकर मानसिकता रखते हैं तो आप इस कोर्स को चुन सकते हैं.
- यदि आप इंडस्ट्री में एडवांस्ड मशीनों और सॉफ्टवेयर पर काम करना चाहते हैं.
- इस कोर्स को करने के बाद आप अपने विचारों को लोगों के सामने तस्वीरों के माध्यम से प्रकट कर पाएंगे.
- भले इस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने पिछले कुछ समय में अपना वर्चस्व बढ़ाया हो लेकिन इस क्षेत्र में आपके पास विकल्पों की कोई कमी नहीं है.

### भारतीय यूनिवर्सिटीज

- दिल्ली स्किल एंड एंटरप्रेन्योरशिप यूनिवर्सिटी
- सिंघानिया यूनिवर्सिटी, झुंझुनूं
- आरसी टेक्निकल इंस्टिट्यूट, अहमदाबाद
- महाराष्ट्र इंस्टिट्यूट ऑफ प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी, पुणे
- गवर्नमेंट इंस्टिट्यूट ऑफ प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी, मुंबई
- नॉर्दन रीजनल इंस्टिट्यूट ऑफ प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी, प्रयागराज
- अरसन जेनसन पॉलिटेक्निक कॉलेज, मीनाचीपुरम
- महाराष्ट्र मुद्रण परिषद इंस्टिट्यूट ऑफ प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी, नवी मुंबई
- मोतीचंद लेंगडे भारतेश पॉलिटेक्निक, बेलगाम
- सिवाकसी इंस्टिट्यूट ऑफ प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी, अनैकुत्तम
- सिगा पॉलिटेक्निक कॉलेज

### आवेदन प्रक्रिया

- सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट में जाकर रजिस्ट्रेशन करें.
- यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा.
- फिर वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें जिसे आप करना चाहते हैं.
- अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें.
- इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें.
- यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें. प्रवेश परीक्षा के अंकों के आधार पर आपका चयन किया जाएगा और लिस्ट जारी की जाएगी.



### कॅरियर विकल्प

- न्यूजपेपर प्रिंटिंग प्रेस
- कॉमर्शियल प्रिंटिंग प्रेस
- पैकेज प्रिंटिंग प्रेस
- गवर्नमेंट प्रिंटिंग प्रेस
- सिक्योरिटी प्रिंटिंग प्रेस
- पब्लिशिंग हाउस
- एडवरटाइजिंग एजेंसीज
- पैकेजिंग इंडस्ट्री
- डिजिटल प्रिंटिंग कंपनीज

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - दीपक कुमार अम्बष्ठ*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)